हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकल टेरो
TATA PLAY पैकल च. 1155 | airtel पैकल च. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप



हुमायूं कबीर ने लिया राजनीति से संन्यास

कोलकाता। आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर ने बुधवार को रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आने से पहले ही राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी। बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रखने के कारण चर्चा में रहे कबीर यह कहते हुए फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा भारी मतों से जीतेगी, लेकिन इसे जनादेश नहीं माना जा सकता, क्योंकि प्रशासन का इस्तेमाल कर वोटों की चोरी की गई है। उनके अनुसार, जहां सत्ता के खिलाफ लड़ना संभव न हो, वहां राजनीति का कोई अर्थ नहीं। कबीर ने नउदा की जनता से माफी मांगी।



उज्जैन से अयोध्या पैदल सफर करेंगे पूर्व सीएम

भोपाल। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह विजयादशमी, 20 अक्टूबर से सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुरू करेंगे। यात्रा उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ समाप्त होगी। यह यात्रा शाजापुर, राजगढ़, अशोकनगर, चंदेरी, ओरछा, कानपुर देहात और बाराबंकी से गुजरेगी। करीब 930 किमी की यह दूरी 70 दिन में पूरी करने का लक्ष्य है, रोज लगभग 15 किमी पैदल चलने की योजना है। 2017 में उन्होंने नर्मदा परिक्रमा भी विजयादशमी से ही शुरू की थी। अधर्म पर धर्म की विजय का प्रयास बताते हुए लोगों से यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।

बतौर पीएम-सीएम 25 साल पूरे, रिकॉर्ड बनाया

प्रधानमंत्री मोदी 50 मिनट के संबोधन में 19 बार बोले - वी विल डू इट

भारत के विकसित होने तक न थकूंगा, न रुकूंगा



प्रधानमंत्री ने कहा, बुद्ध से लेकर विवेकानंद तक, जो राष्ट्र वैचारिकी का अनुष्ठान करता रहा हो, उस राष्ट्र की सेवा करते हुए मुझे कभी अकेलापन नहीं लगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'वी विल डू इट... हम करके दिखाएंगे।' पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इस नारे का 19 बार जिक्र किया। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा, 'जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक न थकूंगा, न रुकूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैं महत्वाकांक्षा नहीं, मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया। जिसने मेरा विरोध किया, उसने लोकतंत्र की शक्ति समझाई।' उन्होंने कहा कि 25 साल पीछे मुड़कर देखने पर उपलब्धियों से ज्यादा कृतज्ञता का भाव आता है। हर घटना ने कुछ सिखाया और नम्र होना सिखाया। ईश्वर से यही मांगा कि सीखने की इच्छा कभी कम न हो। मोदी ने कहा, हमने इस राष्ट्र में जन्म लिया है, ये अहसास ही अमृत है। इसके सामने सत्ता सुख कुछ नहीं है। पद-प्रतिष्ठा तो कहीं भी मिल सकती है, लेकिन भारत जैसी पुण्यभूमि नहीं मिलेगी। 25 सालों का आकलन इससे नहीं होगा कि मैं कहां पहुंचा, बल्कि इससे होगा कि मेरा देश कहां पहुंचा।

मैं महत्वाकांक्षा नहीं मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया

25 सालों का आकलन इससे नहीं होगा कि मैं कहां पहुंचा, बल्कि इससे होगा कि मेरा देश कहां पहुंचा?



जम्मू के उधमपुर में भाजपा ने जनसेवा विकसित भारत यात्रा निकाली

मैं अधिक ऊर्जा से काम और जनता की सेवा कर सकूं

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए पर विश्वास रखने वाली सभी राजनीतिक पार्टियों का आभार। मैं जनता के चरणों में शीश झुकाकर नमन करता हूं। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में जनता ने मुझे अपनी सेवा के लिए चुना। मैंने सुबह परमात्मा से 140 करोड़ देशवासियों के लिए प्रार्थना की कि मुझे इतनी शक्ति और ताकत दें कि मैं अपने देश के लिए और अधिक ऊर्जा से काम कर सकूं और उनकी सेवा कर सकूं।


पीएम मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके घर जाकर मुलाकात की और यह तस्वीर एक्स पर शेयर भी की

मैं जो भी हूं, जनता की वजह से हूं

पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं जो भी हूं, जहां भी हूं, जिस दायित्व पर हूं, इसमें जनता का सबसे बड़ा योगदान है। मेरे लिए जनता जनार्दन ही भगवान है। देश ने बहुत कुछ दिया है, इसलिए देश के लिए दायित्व भी बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि चुनाव ने सिखाया कि साधन-संसाधन भले ही कम हों, लेकिन हौसले और सपने बड़े होने चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, बुद्ध से लेकर विवेकानंद तक, जो राष्ट्र वैचारिकी का अनुष्ठान करता रहा हो, उस राष्ट्र की सेवा करते हुए मुझे कभी अकेलापन नहीं लगा। कभी लगा ही नहीं कि मैं अकेला हूं। मुझे स्वयंसेवकों का भी भरपूर साथ मिला है। हम सेवक हैं मानवता के, सेवा धर्म हमारा है, दीन-दुखी की सेवा करना, निश्चित कर्म हमारा है।


शिवलिंग पर जल चढ़ाया

प्रार्थना कि विघ्नहर्ता की कृपा से सबका कल्याण हो और देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे

मंदिर में प्रसाद भी ग्रहण किया

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के श्री विनायक मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के सरोजिनी नगर स्थित श्री विनायक मंदिर में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। यह अवसर सरकार के मुखिया के रूप में उनके 25 वर्ष पूरे होने का था। प्रधानमंत्री ने मंदिर में भगवान श्री गणेश के दर्शन किए, प्रसाद ग्रहण किया और परिसर में विभिन्न स्थलों पर प्रार्थना भी की। इस दौरान उन्होंने देशभर के लोगों की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब से वे लगातार सत्ता में हैं। पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और 2014 से देश के प्रधानमंत्री के रूप में। उन्हें इस जिम्मेदारी को निभाते हुए ठीक 25 वर्ष पूरे हो गए हैं।

पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष

सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण को 'समर्पित' रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण की इस अविराम यात्रा के गौरवपूर्ण पड़ाव के लिए प्रदेशवासियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यह अविराम यात्रा 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई। जनसेवा की यात्रा आज 25 वर्षों के गौरवपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में सेवा ज्योति कलश यात्रा को संबोधित कर रहे थे।

शहडोल कलेक्टर से मिलने पैदल निकले 200 छात्र

प्राचार्य की शिकायत पर 15 किमी चले प्रशासन ने रास्ते में लेने दो बसें भेज दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

शहडोल के जैतपुर स्थित बिरौड़ी एकलव्य आवासीय विद्यालय के करीब 200 विद्यार्थी प्राचार्य से जुड़ी शिकायत लेकर कलेक्टर से मिलने पैदल निकले। छात्र 15 किलोमीटर से ज्यादा चल चुके थे। उन्हें शहडोल पहुंचने से करीब 30 किलोमीटर पहले ही एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, एसी ट्राइबल समेत अन्य अधिकारियों ने रास्ते में रोक लिया। अधिकारी छात्रों से बातचीत कर रहे थे, तभी छात्रावास की छात्राएं भी बाहर निकलकर अधिकारियों से मिलने के लिए रवाना हो गईं। विद्यार्थियों का कहना है कि उन्हें विद्यालय के प्राचार्य से संबंधित कई शिकायतें हैं। वे अपनी बात किसी स्थानीय अधिकारी के सामने रखने के बजाए सीधे कलेक्टर से मिलना चाहते हैं। जैतपुर से शहडोल की दूरी करीब 70 किलोमीटर से अधिक है। विद्यार्थी रास्ते में 'कलेक्टर से मिलना है, हमारी मांगें पूरी करो' के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। विद्यार्थियों के पैदल रवाना होने की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन और प्रशासन सक्रिय हुआ। बीईओ, बीआरसी और शहडोल से एसी ट्राइबल आनंद राय सिन्हा मौके पर पहुंचे।


छात्राएं भी चल पड़ीं पैदल

बसें विद्यार्थियों के पीछे चलती रहीं

बच्चों की सुरक्षा और लंबी दूरी को देखते हुए प्रशासन ने दो बसें भेजीं। कुछ विद्यार्थी बसों में बैठ गए, जबकि कई छात्र पैदल ही आगे बढ़ते रहे। बसें विद्यार्थियों के पीछे चलती रहीं। पुलिस और अधिकारी भी बच्चों के साथ मौजूद हैं। पैदल चल रहे विद्यार्थियों के लिए रास्ते में चाय, नाश्ता और बिस्किट की व्यवस्था भी की गई।


छात्रों की सड़क पर कतार

जैतपुर से शहडोल की दूरी करीब 70 किलोमीटर से अधिक

रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया

होम और कार लोन की ईएमआई 'बढ़ना' तय रिजर्व बैंक ने 3.5 साल बाद बढ़ाई रेपो रेट

छह सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति ने इस फैसले के पक्ष में एकमत से वोट दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घर या गाड़ी की ईएमआई चुका रहे लोगों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ा फैसला लिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब साढ़े तीन साल बाद यह पहला मौका है, जब रिजर्व बैंक ने प्रमुख ब्याज दर बढ़ाई है। छह सदस्यों वाली समिति ने इस फैसले के पक्ष में एकमत से वोट दिया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण महंगा कच्चा तेल और खाने-पीने की चीजों पर बढ़ता दबाव इस फैसले की बड़ी वजह बने हैं।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण महंगा कच्चा तेल और खाने पीने की चीजों पर बढ़ता दबाव इस फैसले की बड़ी वजह



अब औसत महंगाई 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान

रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान भी बढ़ा दिया है। अब औसत महंगाई 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि इससे पहले इसे 5 प्रतिशत माना गया था। कोर महंगाई का अनुमान भी 4.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत कर दिया गया है। अगस्त में उपभोक्ता महंगाई सालाना आधार पर बढ़कर 4.82 प्रतिशत पहुंच गई थी। यह लगातार तीसरा महीना था, जब महंगाई रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य से ऊपर रही।

आगे भी बढ़ सकती हैं ब्याज दरें

रिजर्व बैंक ने सिर्फ रेपो रेट नहीं बढ़ाया, बल्कि अपनी मौद्रिक नीति के रुख को भी न्यूट्रल से बदलकर कैलिब्रेटेड टाइटनिंग कर दिया है। इसे आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर ब्याज दरों में और बढ़ोतरी के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ किया कि आगे ब्याज दर कब और कितनी बढ़ेगी, इसका फैसला महंगाई और आर्थिक विकास के वास्तविक आंकड़ों को देखकर किया जाएगा।



जबलपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष : 21, अंक : 156 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 33 न्यून. 22 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे बस में



प्रियंका ने कहा- संविधान नहीं छोड़ूंगी...

कांग्रेस का 'सेव डेमोक्रेसी मार्च'

कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष सीईसी ज्ञानेश कुमार से जवाब-तलब और उनके इस्तीफे पर अड़ा



दिल्ली में महा-दंगल : मंगलवार के मार्च के बाद बुधवार को कांग्रेस सांसद बसों में सवार होकर जनपथ स्थित सागर रत्ना रेस्टॉरेंट में पहुंचे, वहां लंच किया, फिर शाम 4 बजकर 50 मिनट पर जंतर-मंतर कूच किया, राहुल बोले- अब मैं यहीं धरने पर बैठूंगा

24 घंटे में राहुल और प्रियंका 'दूसरी बार' अरेस्ट

एलओपी बोले- हर एफआईआर मेरे लिए मेडल

मंगलवार के प्रदर्शन के बाद राहुल व प्रियंका के खिलाफ आकाशवाणी भवन में जबरिया घुसने के आरोप में एफआईआर की गई। राहुल ने कहा कि उनके खिलाफ अब तक 45 एफआईआर हैं। ये 100 भी हो जाएंगी तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर बुधवार को कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के सांसदों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। दोपहर में एक साथ लंच करने के बाद सभी सांसद जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए, जहां पुलिस से टकराव के बीच राहुल गांधी को हिरासत में लिया गया।

सांसद प्रियंका गांधी संविधान की किताब हाथ में लेकर सड़क पर लेट गईं

खरगे ने कहा- हम डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ते रहेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे

अखिलेश यादव इस प्रदर्शन में नहीं दिखे और लखनऊ लौट चुके थे, कांग्रेस ने कहा कि योजना रात में बनी, इसलिए सभी नहीं आ पाए

बोले राहुल: ज्ञानेश कुमार वैध चुनाव आयुक्त नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि मंगलवार को हम चुनाव आयुक्त से मिलना चाहते थे। वो हमसे नहीं मिले। दिल्ली पुलिस ने हमें रोका और कहा कि आप यहां प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। हम जंतर-मतंर पर बैटेंगे और देश को बताएंगे कि हमारे लिए ज्ञानेश कुमार देश के वैध चुनाव आयुक्त नहीं हैं।

मंगलवार का ये था दंगल

- राहुल-प्रियंका और विपक्षी नेताओं ने आकाशवाणी भवन पर करीब आठ घंटे धरना दिया
- रात 8 बजे पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और रात 10 बजे के बाद छोड़ा



खबर संक्षेप



आग से नाराज व्यापारियों ने नप पर जड़ा ताला

राजगढ़। फलोदी सुपर बाजार में भीषण आग लग गई। आग से दुकान संचालक शीर्षक उर्फ जीतू गुप्ता ने करीब 50 लाख रुपए के नुकसान बताया। दमकल व्यवस्था को लेकर नगर परिषद के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों में नगर परिषद की दमकल को लेकर आक्रोश बढ़ गया। नारेबाजी की और बाद में मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। व्यापारी और स्थानीय लोग प्रदर्शन में शामिल हो गए।



नीमच में फर्नीचर फैक्ट्री में आग, 6 करोड़ का नुकसान!

नीमच। डीवी डिस्ट्रिब्यूशन सर्विसेस की फर्नीचर फैक्ट्री में दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया और फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा चपेट में आ गया। गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। आग में फैक्ट्री में रखा फर्नीचर जलकर खाक हो गया। संचालक ने करीब 5-6 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान जताया है।

देवास-गुना में पटवारियों की बर्खास्तगी और निलंबन पर भड़का आक्रोश

कार्रवाई के विरोध में हड़ताल शुरू प्रदेश भर में काम-काज ठप किया

एकजुट हुए कहा- मांग पूरी नहीं होने तक संघर्ष जारी रहेगा

अचानक शुरू हुई इस हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ई-केवाईसी और आय-जाति प्रमाण पत्र जैसे जरूरी राजस्व कार्य ठप पड़ गए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राजस्व विभाग और मैदानी अमले के बीच टकराव गहराता जा रहा है। देवास और गुना सहित प्रदेश के कई जिलों में पटवारियों पर की गई दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में प्रदेशभर के पटवारी बुधवार 7 अक्टूबर से सामूहिक हड़ताल पर चले गए हैं।

ऑनलाइन पोर्टल से पूरी तरह दूरी बनाकर पटवारियों ने तहसील व कलेक्ट्रेट परिसरों में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अचानक शुरू हुई इस हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ई-केवाईसी और आय-जाति प्रमाण पत्र जैसे जरूरी राजस्व कार्य ठप पड़ गए हैं, जिससे आमजन और किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक देवास और गुना सहित अन्य जिलों में पटवारियों पर की गई निलंबन व सेवा समाप्ति की कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

पटवारी संघ ने कहा कार्रवाई वापस न लेने तक जारी रहेगा आंदोलन



गुना में तहसील व कलेक्ट्रेट परिसरों में पटवारियों का धरना-प्रदर्शन

गुना जिले के सभी 52 पटवारियों को सेवा समाप्ति का नोटिस

विवाद की मुख्य वजह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' के क्रियान्वयन और रजिस्ट्री कार्य को लेकर बनी

'स्वामित्व योजना' के तहत रजिस्ट्री न करने पर कार्रवाई

विवाद की मुख्य वजह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' के क्रियान्वयन और रजिस्ट्री कार्य को लेकर बनी है। शासन की ओर से स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों के निष्पादन और पंजीयन में धीमी गति या शून्य प्रगति को घोर लापरवाही मानते हुए सख्त कदम उठाए गए। देवास में कलेक्टर द्वारा 3 परिवीक्षाधीन (ट्रेनी) पटवारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं।

योजना का पटवारी इसलिए कर रहे विरोध?

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल का कहना है कि स्वामित्व योजना में तकनीकी व कानूनी पेंच हैं। योजना के तहत रजिस्ट्री कार्य में किसी भी संभावित त्रुटि या विवाद की स्थिति में पूरी जवाबदेही और कानूनी कार्रवाई का जोखिम मैदानी पटवारी पर थोपा जा रहा है, जबकि उनके पास पर्याप्त संसाधन व विधिक सुरक्षा नहीं है।

जिलों में कलेक्टर्स को ज्ञापन सौंपे

पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बघेल ने दो टूक चेतावनी दी है कि जब तक देवास और गुना सहित अन्य जिलों में पटवारियों पर की गई निलंबन व सेवा समाप्ति की कार्रवाई वापस नहीं ली जाती और स्वामित्व योजना के पंजीयन से जुड़ी विसंगतियों का ठोस समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल के पहले ही दिन जिलों में कलेक्टर्स को ज्ञापन सौंपे गए। वहीं, शासन स्तर पर उच्चाधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन पटवारियों के सामूहिक रूप से बस्ते बंद करने से आने वाले दिनों में राजस्व व्यवस्था पूरी तरह चरमराने की आशंका खड़ी हो गई है।



एनएचएआई को पौधरोपण के लिए उपलब्ध कराई गई जमीन से हटाया अतिक्रमण

अवैध ढाबे और दुकानें ध्वस्त की गईं

झिरनिया में 'एनएचएआई' की 61 करोड़ की जमीन से हटाया कब्जा

इस जमीन पर 7 हजार पौधे लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को ग्राम झिरनिया में बड़ी कार्रवाई की गई।

हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया, अतिरिक्त तहसीलदार अतुल शर्मा, थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा, एनएचएआई के एसई अंकित सिंह, राजस्व निरीक्षक, पटवारी करन जाटव और राजस्व व पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटाए।

एनएचएआई को पौधरोपण के लिए उपलब्ध कराई गई 72.618 हेक्टेयर (करीब 180 एकड़) भूमि पर अवैध ढाबे और दुकानें संचालित हो रही थीं।

कलेक्टर गाइड लाइन के अनुसार इस भूमि की कीमत करीब 61 करोड़ रुपए है। प्रशासन ने प्रिंस और अलीम ढाबा सहित अन्य अतिक्रमण हटाकर जमीन का कब्जा एनएचएआई को सौंप दिया।

सीएम डॉ. यादव आज मुंबई में

फार्मा, मेडिकल डिवाइस सेक्टर के उद्योगपतियों से करेंगे संवाद



मुख्यमंत्री प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार 8 अक्टूबर को मुंबई में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। इस दौरान जनवरी 2027 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले होने वाले इस संवाद में मप्र में विकसित किए जा रहे विभिन्न सेक्टर के औद्योगिक क्षेत्रों और उनमें उपलब्ध निवेश अवसरों को संबंधित उद्योग समूहों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टाइगर रिजर्व में चीतों को छोड़ते हुए

नौरादेही में 41 वर्ष पहले टाइगर रिजर्व की स्थापना हुई थी

मुख्यमंत्री ने 2 चीते व्योम और नीरा नौरादेही टाइगर रिजर्व में किए विमुक्त

नौरादेही वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता और टाइगर विचरण करते आएंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की धरती पर कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर अभयारण्य के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व में चीतों को नया ठिकाना मिला है। बुंदेलखंड स्थित वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य मप्र में तीसरा ऐसा स्थान बना है, जहां चीते अपने अनुकूल प्राकृतिक आवास में स्वच्छंद होकर विचरण करेंगे।

पांढुर्णा एसपी प्रकाश चंद्र परिहार का भोपाल तबादला

सीएम के दौरे के 2 दिन बाद ही हो गया ट्रांसफर, विदिता धनखड़ बनीं एसपी

अचानक तबादले की वजह फिलहाल सामने नहीं आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में प्रशासनिक फेरबदल के तहत पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार का तबादला कर दिया गया है। गृह विभाग ने मंगलवार शाम को आदेश जारी कर उन्हें पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) पद पर पदस्थ किया है। उनकी जगह 2021 बैच की आईपीएस अधिकारी विदिता धनखड़ को पांढुर्णा का नया एसपी बनाया गया है। विदिता धनखड़ इससे पहले ग्वालियर में दूसरी वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल की सेनानी के पद पर पदस्थ थीं। उनके स्थानांतरण के बाद ग्वालियर की दूसरी वाहिनी के सेनानी पद का अतिरिक्त प्रभार 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी श्रुतकीर्ति सोमवंशी को सौंपा गया है।



प्रकाश चंद्र परिहार



विदिता धनखड़

रसायन में फ्रांस हेनरी कागन और जापान के केन्सो सोई को नोबेल पुरस्कार

इस खोज ने बदले ऑर्गेनिक सिंथेसिस के नियम दवाओं का एक रूप फायदेमंद, दूसरा हानिकारक

इस खोज ने दवाओं, फ्लेवर, खुशबू और नई सामग्री बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएं विकसित करने वाले वैज्ञानिकों के काम को नई दिशा दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के वैज्ञानिक केन्सो सोई को 2026 का नोबेल पुरस्कार रसायन विज्ञान दिया गया है।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसकी घोषणा की। दोनों वैज्ञानिकों को असममित कार्बनिक संश्लेषण में नॉन-लीनियर प्रभावों और ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। हेनरी कागन ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने का एक नया तरीका खोजा। इससे पहले की तुलना में किसी रासायनिक प्रतिक्रिया में एक ही तरह की 'मिरर इमेज' यानी दर्पण प्रतिबिंब वाली संरचना की मात्रा अधिक बनाई जा सकी। उनकी इस खोज ने दवाओं, फ्लेवर, खुशबू और नई सामग्री बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएं विकसित करने वाले वैज्ञानिकों के काम को नई दिशा दी। केन्सो सोई ने ऐसी पहली रासायनिक प्रतिक्रिया तैयार की, जिसमें संभावित दो मिरर इमेज में से केवल एक ही बनती थी। नोबेल कमेटी के मुताबिक, जीवन को छोड़कर इससे पहले प्रकृति में भी ऐसा उदाहरण नहीं देखा गया था। इस प्रतिक्रिया को 'सोई रिएक्शन' के नाम से जाना जाता है।



हेनरी कागन | केन्सो सोई



ऑटोकैटालिसिस एक रासायनिक प्रक्रिया

ऑटोकैटालिसिस ऐसी रासायनिक प्रक्रिया है जिसमें अभिक्रिया का अपना उत्पाद ही उसका उत्प्रेरक बन जाता है। सामान्य कैटालिसिस में कोई बाहरी पदार्थ अभिक्रिया को तेज करता है, लेकिन यहां जितना उत्पाद बनता है, अभिक्रिया उतनी ही तेज होती जाती है। यह खोज मिरर इमेज यानी काइरल अणुओं से जुड़ी है। कई अणु दो रूपों में होते हैं जो एक-दूसरे का दर्पण-प्रतिबिंब होते हैं, जैसे हमारे दाएं और बाएं हाथ।

योगी बोले- मोदी-आबे की दोस्ती का आधार विश्वास से बना था

वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम दिवंगत शिंजो आबे की दोस्ती को याद करते हुए कहा कि यह रिश्ता पद से नहीं, बल्कि विश्वास से बना था। पद बदलते रहे, लेकिन दोनों नेताओं की मित्रता कायम रही।

सीएम ने बुधवार को रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में जापान की पूर्व प्रथम महिला और शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे के साथ आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण किया। योगी ने इसे पीएम मोदी, 140 करोड़ भारतीयों और उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से शिंजो आबे को श्रद्धांजलि बताया।

सीएम योगी ने कहा कि जापान ने काशी को रुद्राक्ष दिया और अब काशी उसी रुद्राक्ष में जापान के पूर्व पीएम की स्मृति को हमेशा के लिए संजो रही है

पद बदलते रहे लेकिन मोदी और आबे की मित्रता कायम रही

कन्वेंशन सेंटर भारतीयों की ओर से शिंजो आबे को श्रद्धांजलि



आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण करते सीएम योगी और अकी आबे

नई पीढ़ी के लिए जीवंत क्लासरूम

सीएम ने आबे मेमोरियल कॉरिडोर को नई पीढ़ी के लिए जीवंत क्लासरूम बताया। उन्होंने कहा कि यहां आने वाला युवा यह सीख सकेगा कि दूरदृष्टि रखने वाला एक नेता दो देशों के भविष्य को किस तरह नई दिशा दे सकता है।

नोएडा में 500 एकड़ में बन रही जापानी सिटी

सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 500 एकड़ में जापानी सिटी विकसित की जा रही है। भारत में करीब 1,400 जापानी कंपनियां काम कर रही हैं और दोनों देशों की साझेदारी अब सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि जापान के पास तकनीक और अनुभव है, जबकि भारत के पास प्रतिभा और युवा ऊर्जा है।

2007 में हुई थी मोदी और आबे की पहली मुलाकात

योगी ने बताया कि वर्ष 2007 में गुजरात के सीएम रहते नरेंद्र मोदी जापान गए थे, जहां उनकी पहली मुलाकात शिंजो आबे से हुई। उसी वर्ष आबे ने भारतीय संसद में भारत और जापान के मजबूत संबंधों की जरूरत पर जोर दिया था। इसके बाद 2014 में काशी-क्योटो पार्टनर सिटी समझौता हुआ और 2015 में शिंजो आबे पीएम मोदी के साथ वाराणसी आए। दोनों नेताओं ने गंगा आरती में हिस्सा लिया।

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के डिजाइन को सराहा

अकी आबे ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के डिजाइन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि सेंटर की बाहरी दीवारों पर 108 रुद्राक्ष लगाए गए हैं। जापान में भी 108 का विशेष महत्व है और बौद्ध मंदिरों में नए साल के मौके पर 108 बार घंटियां बजाने की परंपरा है।





खबर संक्षेप

आईपीयू में भारतीय सांसदों ने रखा भारत का पक्ष

नई दिल्ली। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने



तंजानिया के अरुशा में आयोजित 153वीं अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) विधानसभा के दूसरे दिन विभिन्न बैठकों, समितियों और चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने लोकतंत्र, मानवाधिकार, शांति, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य, आतंकवाद और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भारत का पक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है।

एयर मार्शल दीक्षित ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के अगले प्रमुख नियुक्त किए गए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार



को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा के बाद हुई इस मुलाकात में रक्षा मंत्री ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। एयर मार्शल दीक्षित वर्तमान में वायुसेना के उपप्रमुख हैं और 31 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पद संभालेंगे। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख होंगे।

यूएन में सांसद बिप्लब देब ने ओआईसी की टिप्पणियों को किया खारिज, कहा

सीमा पार आतंक के खिलाफ कार्रवाई भारत का हक, पीओके में पाक की करतूतों को देखें



सांसद बिप्लब कुमार देब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ दिल्ली की कार्रवाई पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संगठन 'पीड़ित और गुनहगार के बीच फर्क करने में असमर्थ' नजर आता है। पश्चिम त्रिपुरा से सांसद बिप्लब कुमार देब ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति में 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने के उपायों' पर भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति में भारत की ओर से लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करना भारत का अधिकार है और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। बता दें, 15 सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र के परिचयात्मक दौरे के लिए यहां पहुंचा है।

लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि आतंकवाद के हर रूप और हर तरीके के खिलाफ लड़ाई जरूरी है। सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवाद आज मानवता के सामने सबसे गंभीर खतरों में से एक है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक विकास, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानवाधिकारों पर भी पड़ता है

आतंकवाद इंसान के जीवन के अधिकार पर हमला

आतंकवाद यूएन के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है

आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे

जम्मू-कश्मीर पर ओआईसी का वक्तव्य अनुचित

देब ने साफ कहा कि पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद से अपने नागरिकों की रक्षा करना भारत का अधिकार है। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवाद में शामिल होने या उसे बढ़ावा देने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश का ओआईसी की ओर से किया गया अनुचित उल्लेख भी खारिज कर दिया। ओआईसी ने अपने बयान में दक्षिण-पूर्व एशिया में सैन्य तनाव और पाकिस्तान में कई स्थानों पर किए गए अनुचित हमलों का जिक्र किया था। हालांकि, इस बयान में भारत का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया था।

तथ्य और कल्पना में फर्क नहीं कर पा रहे

देब ने ओआईसी के अध्यक्ष की ओर से दिए गए बयान का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ बेहद लक्षित और संतुलित कार्रवाई की थी। उन्होंने कहा कि इन्हीं इलाकों से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की योजना बनाई और उन्हें अंजाम देने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बयान देने वाले लोग तथ्य और कल्पना को अलग नहीं कर पा रहे हैं और पीड़ित तथा गुनहगार के बीच फर्क करने में असमर्थ हैं।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे में हो रही लोगों की हत्याएं

भारत ने ओआईसी को सलाह देते हुए कहा कि उसे जम्मू-कश्मीर का जिक्र करने के बजाय पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले इलाकों पर ध्यान देना चाहिए। देब ने खास तौर पर रावलाकोट का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लोगों की हत्याएं, हिंसा और बुनियादी अधिकारों से वंचित किए जाने की घटनाएं साफ दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की जानबूझकर की गई अनदेखी सिर्फ कट्टरता और असहिष्णुता को दर्शाती है।

सीसीआईटी को जल्द दें अंतिम रूप देने की अपील

देब ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक समझौता (सीसीआईटी) अब तक नहीं बन पाया है, जबकि भारत ने इसका मसौदा 1996 में ही पेश कर दिया था। उन्होंने कहा कि सीसीआईटी को जल्द अंतिम रूप दिए जाने से आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कानूनी व्यवस्था और मजबूत होगी।

सीमा पार आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा

देब ने कहा कि आतंकवाद के हर रूप और हर तरीके के खिलाफ लड़ाई जरूरी है। सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवाद आज मानवता के सामने सबसे गंभीर खतरों में से एक है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक विकास, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानवाधिकारों पर भी पड़ता है। आतंकवाद हर इंसान के सबसे बुनियादी अधिकार यानी जीवन के अधिकार पर हमला करता है। आतंकवाद संयुक्त राष्ट्र के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है और किसी भी स्थिति में आम नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाने को सही नहीं ठहराया जा सकता।

यूक्रेन का काला सागर में बड़ा हमला

तेल टैंकर को ड्रोन से बनाया निशाना, 23 भारतीय सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

काला सागर (ब्लैक सी) में रूसी तट के पास एक लाइबेरियाई ध्वज वाले तेल टैंकर पर यूक्रेनी नेवल ड्रोन से भीषण हमला हुआ है। इस जहाज पर चालक दल के रूप में सभी 23 भारतीय नाविक तैनात थे। हमले के तुरंत बाद समुद्र में फैले कच्चे तेल में भयानक आग लग गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि सभी 23 भारतीय क्रू मेंबर्स को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। रूसी परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, यह हमला रूस के प्रमुख रिसॉर्ट शहर सोची के पास हुआ, जिसकी आबादी लगभग पांच लाख है। यूक्रेनी समुद्री ड्रोन टकराते ही जहाज और समुद्र के पानी में कच्चे तेल के कारण भयानक लपटें उठने लगीं। आग इतनी भीषण थी कि आपातकालीन बचाव दल शुरुआत में लपटों पर काबू नहीं पा सके। रूसी परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जब आग की तीव्रता थोड़ी कम हुई, तब अग्निशमन दल ने इसे पूरी तरह बुझाने का प्रयास किया।

जहाज यूक्रेन की प्रतिबंध सूची में था

लाइबेरिया के झंडे वाले इस जहाज का नाम एफ्रामैक्स रियो है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह यूक्रेन की प्रतिबंध सूची में शामिल था। इसे रूस के कथित शैडो फ्लीट का हिस्सा बताया गया था। रूस का शैडो फ्लीट उन टैंकरों और जहाजों का नेटवर्क है, जिनका इस्तेमाल रूस पश्चिमी प्रतिबंधों से बचकर तेल समेत दूसरे सामान के निर्यात में करता है। यूक्रेन ने फरवरी में जहाज पर प्रतिबंध लगाए थे। उसका कहना था कि इस नेटवर्क के जहाज रूस को जरूरी ऊर्जा आय बनाए रखने में मदद करते हैं। इसी आय से रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को फंड करता है। हमले के बाद जहाज में आग लगी और समुद्र में कच्चा तेल जलता दिखाई दिया। जहाज से उठती तेज आग और काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। यह जहाज रूस के सोची तट से करीब 15 किलोमीटर दूर था।

भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर हमले

इससे पहले 5 और 6 अक्टूबर को होर्मुज स्ट्रेट और ब्लैक सी में भी भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर हमला हुआ। इन हमलों में 11 भारतीय जख्मी हुए। 5 अक्टूबर को ब्लैक सी में एमवी रोयाद मम्मदोव रोमेनिया के पास एक जहाज पर हमला हुआ। इसमें 3 भारतीय नाविक सवार थे। हादसे के बाद जहाज डूब गया और 2 विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। 11 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया कि जहाज पर रूसी ड्रोन से हमला हुआ था। इसके बाद 6 अक्टूबर को होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज 'एमटी ऑन पीस' पर हमला हुआ।

अफ्रीका में बढ़ेगा भारत का प्रभाव

भारत-घाना के बीच कृषि, व्यापार, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और घाना ने आपसी रिश्तों को और मजबूत बनाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करने, व्यापार बढ़ाने और विकास से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने घाना के विदेश मंत्री सैम ओकुजेटो अबलाक्वा से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी को आगे बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। इस दौरान अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक संगठन के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव पर भी जोर दिया गया।

दो एमओयू साइन किए



भारत-घाना के बीच कृषि क्षेत्र में एमओयू

जयशंकर और अबलाक्वा की मौजूदगी में दोनों देशों के बीच दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी हुआ। पहला समझौता भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और घाना विवि के बीच हुआ। दूसरा समझौता आईसीएआर और घाना के सीएसआईआर-क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट के बीच हुआ।

दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रिश्ता

जयशंकर ने कहा कि भारत और घाना ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के साझेदार हैं। दोनों देशों की विकास संबंधी प्राथमिकताएं काफी हद तक एक जैसी हैं और उनके बीच ऐतिहासिक एकजुटता का रिश्ता रहा है। दोनों व्यापार, निवेश, विकास, दवाइयों, कौशल विकास, रक्षा, तकनीक, कृषि क्षेत्र में सहयोग करेंगे।

मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित हुए भूटान पीएम

'बड़े भाई' पीएम मोदी को बताया 'विष्णु अवतार', हमेशा स्नेह रखा



भूटान पीएम और पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान के पीएम शेरिंग तोगबे ने पीएम नरेंद्र मोदी को 'विष्णु अवतार' बताया है। उनके व्यक्तित्व से खासा प्रभावित तोगबे ने भावनात्मक पोस्ट के जरिए जनसेवा को समर्पित 25 वर्षों के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक खत लिखा है। खत में पीएम मोदी को 'आज के समय का एक अवतार' बताते हुए लिखते हैं कि 27 जुलाई 2019 को, मैं दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मिला। मेरी पार्टी भूटान के चुनावों में दस महीने पहले ही हार गई थी और संसद में उसका कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। मैं न तो पीएम था और न ही सांसद; मैं पीएम मोदी से एक आम नागरिक के तौर पर मिला था। मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। और मैंने उनसे कहा कि वे हमेशा मेरे बड़े भाई रहेंगे- उन्होंने मेरे साथ वैसा ही स्नेह दिखाया।

वाणिज्य सचिव का उद्योगपतियों से आग्रह

भारत-ईएफटीए टीईपीए के अवसरों का उठाएं लाभ, निवेश व निर्यात करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए)



राजेश अग्रवाल

व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत भारत और ईएफटीए सदस्य देशों ने एक-दूसरे के लिए अपने बाजार खोल दिए हैं। निकट भविष्य में शुल्क स्थिर रहेंगे, कोई अप्रत्याशित बदलाव नहीं होगा। इसलिए व्यवसाय आत्मविश्वास के साथ निवेश कर सकते हैं, आपूर्ति श्रृंखलाएं बना सकते हैं और भविष्य की योजना बना सकते हैं।

गुणवत्ता को दें महत्व

अग्रवाल ने कहा कि ईएफटीए देश उच्च आय वाले बाजार हैं जो गुणवत्ता की मांग करते हैं और उसे महत्व देते हैं। यदि आप इस बाजार में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने में सक्षम हैं, तो आप किसी भी अन्य बाजार के लिए तैयार हैं। इन बाजारों में अर्जित गुणवत्ता की हर बाजार में सराहना और कद्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन उच्च खपत वाले बाजारों में कृषि के निर्यात के भी बड़े अवसर हैं, जहां कई उत्पादों पर शुल्क घटकर शून्य हो गया है। निर्यातकों को इन उत्पादों की पहचान करनी चाहिए और ईएफटीए देशों को दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

ईएफटीए में 92.2% उत्पाद टैरिफ फ्री

अग्रवाल ने ईएफटीए की प्रतिबद्धताएं इसकी 92.2% टैरिफ लाइनों को कवर करती हैं, जो भारत के निर्यात का 99.6% है, जिसमें गैर-कृषि उत्पाद भी पूरी तरह से शामिल हैं। वहीं, भारत की प्रतिबद्धताएं 82.7% टैरिफ लाइनों को कवर करती हैं, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3% है।

असीम मुनीर के करीबी का शहबाज पर तंज

विदेश यात्राओं को लेकर बोले पीएम कार्यालय से गायब रहते



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। असीम मुनीर खुद तो कुछ नहीं कह रहे हैं लेकिन अपने रश्तेदार और पाकिस्तानी गृहमंत्री मोहसिन नकवी के जरिए जुबानी हमला बोल रहे हैं। मोहसिन नकवी ने अब पीएम शहबाज शरीफ की विदेश यात्राओं पर निशाना साधा है। मोहसिन नकवी ने शहबाज शरीफ के सामने ही उनको ज्ञान दिया और कहा कि कुछ नेता एक महीने तक अपने कार्यालय से गायब रहते हैं। शहबाज शरीफ हाल ही में अमेरिका और ब्रिटेन की कई सप्ताह लंबी यात्रा से लौटे हैं। असीम मुनीर चाहते हैं कि पाकिस्तान में कई नए प्रांत बनाए जाएं और खुद राष्ट्रपति बनकर मोहसिन नकवी को नया पीएम बनाया जाए। असीम मुनीर के इस प्लान का शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी दोनों ही विरोध कर रहे हैं।

यूएनएफसीसीसी की बैठक में भारत ने जलवायु संबंधी आपदाओं पर जताई चिंता

पेरिस समझौते को तेजी से लागू करने पर जोर

वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की विश्व से की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने ऑस्ट्रेलिया, फिजी और तुवालू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) की पूर्व-कॉप-31 बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बुधवार को फिजी में आयोजित यूएनएफसीसीसी) की पूर्व-कॉप-31 बैठक में कॉप-31 प्राथमिकताओं पर पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए जलवायु संबंधी समझ में मौजूद कमियों को दूर करने, मौजूदा जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और पेरिस समझौते के कार्यान्वयन में तेजी लाने पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया।

■ समझौते की कमियों को दूर करने का आह्वान



भूपेंद्र यादव बैठक को संबोधित करते हुए

अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है पेरिस समझौता

पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है। इसे 12 दिसंबर 2015 को पेरिस में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप-21) के दौरान 196 देशों द्वारा अपनाया गया था और यह 4 नवंबर 2016 को लागू हुआ था। इस समझौते का मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे रखना है, और कोशिश यह करना है कि यह वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित रहे। साथ ही प्रत्येक देश को हर 5 साल में अपनी राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करनी होती है, जिसे 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' कहा जाता है।

विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान की समझ बढ़ाएं

यादव ने कहा कि यूएनएफसीसीसी और इसके पेरिस समझौते के तहत दीर्घकालिक उद्देश्य और लक्ष्य पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं, जिनमें वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की महत्वाकांक्षा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान तथा सामुदायिक प्रथाओं के बीच, व्यवहार और नैतिकता के बीच और उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यक जरूरतों के बीच मौजूद समझ की कमियों को पहचानना और उन पर आम सहमति विकसित करना जरूरी है।

जो कहा था, सभी पक्ष उसे पूरा करें

यादव ने कहा कि सभी पक्षों से यह अपेक्षित है कि वे यूएनएफसीसीसी और पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को सही मायने में पूरा करें और प्रत्येक पक्ष को इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएं। कार्यान्वयन के विषय पर उन कमियों को दूर करने का आह्वान किया।

ठोस उदाहरण प्रस्तुत करें

केंद्रीय मंत्री ने क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया और सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे हर साल ठोस उदाहरण और सफलता की कहानियां प्रस्तुत करें - जो कार्यान्वयन के साधनों की प्रभावी डिलीवरी को प्रदर्शित करें। उदाहरणों को साल दर साल लगातार साझा करने और उनका विस्तार करने से लक्ष्यों को प्राप्त करने में जमीनी स्तर पर बेहतर परिणाम मिलेंगे।

चिंतन

त्योहार के मौके पर महंगाई चिंता का सबब

त्योहारों का मौसम बाजार में रौनक और घरों में खुशियां लेकर आता है। लोग खरीदारी की योजनाएं बनाते हैं, बाजार उम्मीद से भरते हैं और कारोबारियों को बिक्री बढ़ने की आस रहती है, लेकिन इस बार महंगाई और महंगे होते कर्ज ने त्योहारों की इस खुशी पर चिंता की परत चढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि महंगाई को लेकर उसकी चिंता बढ़ी है। यानी आने वाले दिनों में आम आदमी के घरेलू बजट पर दोहरी मार पड़ सकती है। एक तरफ वस्तुओं की बढ़ती कीमतें और दूसरी तरफ कर्ज की बढ़ती लागत। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 5.25 से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया है। लंबे अंतराल के बाद ब्याज दर में यह वृद्धि इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका सीधा संबंध आम आदमी के ऋण से है। रेपो रेट बढ़ने पर बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होता है और उसका असर ग्राहकों तक पहुंचता है। फ्लोटिंग ब्याज दर वाले होम, कार और व्यक्तिगत ऋण की ईएमआई बढ़ सकती है अथवा ऋण चुकाने की अवधि लंबी हो सकती है। नए ऋण लेने वालों को भी अधिक ब्याज देना पड़ सकता है। त्योहारों के समय इसका असर बाजार की मांग पर पड़ना स्वाभाविक है। घर खरीदने, वाहन लेने या महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग ऋण पर निर्भर हैं। ईएमआई बढ़ती है तो परिवार बड़ी खरीदारी टाल सकते हैं। इसका असर केवल उपभोक्ता पर नहीं, बल्कि दुकानदार, निर्माता, परिवहन क्षेत्र और रोजगार तक पहुंच सकता है। चिंता इसलिए भी बढ़ी है कि रिजर्व बैंक ने 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, वैश्विक परिस्थितियां और मौसम संबंधी जोखिम खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। भारत में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सबसे ज्यादा असर मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों पर पड़ता है। आमदनी सीमित हो और रसोई का खर्च लगातार बढ़ता जाए तो बचत और दूसरी जरूरतों के लिए पैसा कम पड़ना तय है। बेशक, अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक अच्छी खबर भी है। 2026-27 की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.7 से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत किया है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है, लेकिन आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब महंगाई की मार आम आदमी की जेब तक न पहुंचे। विकास दर बढ़े और दूसरी ओर जीवन-यापन महंगा होता जाए तो आंकड़ों की चमक और नागरिक के अनुभव के बीच अंतर बढ़ता है। रिजर्व बैंक ने अपने रुख में भी बदलाव किया है। 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' का संकेत बताता है कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश सीमित हो गई है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए ब्याज दर बढ़ाना मौद्रिक नीति का जरूरी हथियार हो सकता है। सरकार को आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करनी होगी, जमाखोरी और कृत्रिम महंगाई पर सख्ती करनी होगी तथा खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों से लेकर स्थानीय बाजार में बिचौलियों की भूमिका तक, हर स्तर पर निगरानी जरूरी है। महंगाई नियंत्रित करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ लोगों की आय और क्रय शक्ति बढ़ाना भी जरूरी है। रिजर्व बैंक का काम कीमतों की स्थिरता सुनिश्चित करना है, जबकि सरकार की जिम्मेदारी है कि इस प्रक्रिया का बोझ आम आदमी पर न्यूनतम पड़े। त्योहार बाजार की रौनक से नहीं, आम आदमी की जेब में बची खुशी से सफल होते हैं।

उम्मीद से विकसित भारत के संकल्प तक



25 वर्षों की सेवा
नितिन नवीन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी।

बात वर्ष 2012 की है। मुझे गुजरात के आनंद जिले में आयोजित सद्भावना मिशन के एक कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में शामिल होने का अवसर मिला था। मैंने देखा कि जिले के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनके क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष मेले का आयोजन किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे दिन लोगों के बीच रहे। वे उनकी बातें सुनते, समस्याओं को समझते और समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे। कार्यक्रम के बाद मैंने उनसे पूछा कि वे पूरे दिन लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के प्रयासों में स्वयं क्यों जुटे रहे। उन्होंने सहज भाव से कहा, "ये लोग केवल अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नहीं आते। उनका मुझसे आत्मीय संबंध है, उनकी भावनाएं मुझसे जुड़ी हैं, इसलिए परिवार के सदस्य के रूप में उनके साथ रहना मेरे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है।"

उनका यह सहज उत्तर उस समय जितना सरल लगा, आज 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को देखते हुए उतना ही गहरा अर्थ लिए दिखाई देता है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी मानना उनके सार्वजनिक जीवन की महत्वपूर्ण विशेषता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है - जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी और राष्ट्र के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की। किसी भी देश की दिशा केवल उसकी नीतियां तय नहीं करतीं, उसके सपने भी तय करते हैं। स्वतंत्रता से पहले देश के सामने एक स्पष्ट ध्येय था - भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करना। उस ध्येय ने भाषाओं, क्षेत्रों और वर्गों में बंटे समाज को एक सूत्र में बांधा और हर सामान्य व्यक्ति को योगदान का अवसर दिया। स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण के कार्य हुए, पर उतना स्पष्ट और साझा लक्ष्य कम ही दिखाई दिया। राष्ट्र को लक्ष्य इसलिए चाहिए कि लक्ष्य ही सामान्य जन की ऊर्जा को दिशा देता है। 2010 के आसपास देश में घोर निराशा का वातावरण था-भ्रष्टाचार की खबरें, सुरक्षा को लेकर चिंता और व्यवस्था में भरोसे की कमी साफ़ दिखाई दे रही थी। इसी निराशा के बीच मोदी जी के नेतृत्व में बदलाव की उम्मीद जगी और देश नई दिशा की ओर बढ़ा। उन्होंने भारत के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखने की बात की और कहा कि अब देश को छोटे सपने देखने की आवश्यकता नहीं, देश को बड़े सपने देखने चाहिए-2047 तक विकसित भारत। आज यह 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प बन चुका है जिसमें विकास का अर्थ गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, आदिवासी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में



अवसरों का विस्तार हो। एक समय हमारे सामने प्रश्न था, क्या भारत यह कर सकता है? आज प्रश्न है, भारत और क्या कर सकता है? यही बदलाव उम्मीद से भरोसे की ओर बढ़ते भारत की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए उनके संगठनात्मक संस्कारों को समझना जरूरी है। एक समर्पित स्वयंसेवक के रूप में काम करने से उनके भीतर यह भाव मजबूत हुआ कि सार्वजनिक जीवन का अर्थ पद नहीं, दायित्व है और राजनीति का अर्थ सत्ता नहीं, सेवा है। 7 अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला, तब राज्य 2001 के विनाशकारी भूकंप के मलबे और आंसुओं से जूझ रहा था। भुज और कच्छ के पुनर्निर्माण की उस कठिन चुनौती को उन्होंने जिस इच्छाशक्ति से संभाला, उसने आगे चलकर विकास और आपदा-प्रबंधन के वैश्विक मॉडल का रूप लिया। इसी सेवा-संस्कार को उन्होंने 2014 के बाद राष्ट्रीय स्तर पर सुशासन की रीढ़ बनाया। कभी भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान गंदगी, बदहाली और बीमारियों के रूप में प्रचारित की जाती थी। लाल किले की प्राचीर से जब प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत अभियान' का आह्वान किया, तो यह केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि 'स्वच्छता ही सेवा' का एक ऐसा जन-आंदोलन बना जिसने सदियों पुरानी आदतों को बदलकर राष्ट्रीय संस्कार में ढाल दिया। इसी सोच के साथ वित्तीय समावेशन, स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास हुआ। प्रधानमंत्री जन-धन योजना इसका एक उदाहरण है। अगस्त 2026 तक देश में 59.09 करोड़ जन-धन खाते खोले जा चुके हैं और इनमें लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

मोदी जी के नेतृत्व में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए। "विकलांग" से "दिव्यांग" शब्द की ओर बढ़ना केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं, बल्कि दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतीक था। विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, नमो भारत और वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल परियोजनाएं भारत के आर्थिक भूगोल को गति दे रही हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग, आदित्य-एल1 का सूर्य की ओर अभियान, आगामी गगनयान मिशन और स्पेस सेक्टर में निजी क्षेत्र की क्रांति ने भारत का डंका बजाया है। सेमीकंडक्टर मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम टेक्नोलॉजी में भारत आज दुनिया की अगली कतार में खड़ा है। किंतु राष्ट्र का आत्मविश्वास केवल भौतिक प्रगति से पूर्ण नहीं होता; वह तब सुदृढ़ होता है जब देश को यह भरोसा हो कि राष्ट्रहित में कड़े और ऐतिहासिक निर्णय लेने में नेतृत्व कभी नहीं हिचकेगा। 25 वर्ष पहले एक स्वयंसेवक ने गुजरात में शासन की जिम्मेदारी संभाली थी। आज उसी यात्रा ने भारत के सामने 2047 के विकसित भारत का विराट संकल्प रखा है। यही संकल्प दुनिया भर में हमारे प्रधानमंत्री को मिले सम्मान में भी परिलक्षित होता है। 36 देशों के सर्वोच्च सम्मानों से सम्मानित होना बताता है कि हमारे प्रधान सेवक पर पूरी दुनिया का कितना भरोसा है। यह सम्मान प्रधानमंत्री जी का तो है ही, साथ ही यह 140 करोड़ भारतवासियों का भी सम्मान है और दुनिया भर में रह रहे प्रवासी भारतीयों के साहस, परिश्रम और सफलता का सम्मान भी। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल विकास की गति नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि भारत बड़े सपने देख सकता है और उन्हें साकार करने का सामर्थ्य भी रखता है। आज देश अपने सामर्थ्य, संकल्प और सामूहिक शक्ति के साथ उन सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वायु सेना दिवस
डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



वायुसेना की ताकत बढ़ाने की तैयारी

भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के 95वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। 8 अक्टूबर 1932 को प्रारम्भ हुए सफर ने आज भारतीय वायु सेना को दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। ऑपरेशन सिंदूर में अपनी क्षमता का लोहा मनवाने वाली भारतीय वायु सेना ने वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की 2026 की रैंकिंग में लगातार तीसरा स्थान बनाए रखा है। भारतीय वायु सेना ने अपनी युद्धक क्षमता आधुनिकीकरण के दम पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस रैंकिंग का आधार केवल विमानों की संख्या नहीं है बल्कि वायु सेना की मारक क्षमता, लॉजिस्टिक, पायलटों का प्रशिक्षण और युद्ध की तैयारियों को देखकर यह स्थान तय किया गया है। 94 वर्षों का यह इतिहास वायु सेना के अदम्य साहस, अभूतपूर्व शौर्य, तकनीकी विकास और देश रक्षा की पराकाष्ठा का जीवंत दस्तावेज है। इन दौरान ऐसे कई अवसर आए, जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। वर्ष 1947, 1965, 1971 के भारत-पाकिस्तान के मध्य लड़े गए युद्धों तथा 1999 के कारगिल संघर्ष यानि कि ऑपरेशन सफेद सागर में भारतीय वायु सेना ने शत्रु सेना की कमर तोड़ने में मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा संसार के सबसे ऊंचे सियाचिन युद्धक्षेत्र पर रसद पहुंचाना एवं आपदाओं के समय रिकॉर्डतोड़ अभियान चलाना इसकी बड़ी ताकत है। विदेशी सेनाओं के साथ युद्धाभ्यासों की मेजबानी कर अपनी रणनीतिक पहुंच को प्रदर्शित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है। पाकिस्तान अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के बाद भी रक्षा बजट बढ़ाकर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, बिना पायलट वाले हवाई सिस्टम, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्लेटफॉर्म, अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम और रणनीतिक गतिशीलता वाले प्लेटफॉर्म को अपने हवाई बेड़े में शामिल करने के प्रयास में लगा हुआ है। चीन की तरफ से भी भारत को और अधिक चुनौतियां मिल रही हैं। चीन के पास वर्तमान में 300 से ज्यादा पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं। इसके अलावा वह अपने एयरबेस को और अधिक उन्नत बना रहा है। ऐसे में भारत के सामने दोहरे मोर्चे का खतरा एक बड़ी सामरिक चुनौती है, जिसके लिए भारत को तैयार रहना है। इस कारण भारतीय वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए। उपर्युक्त चुनौतियों के मद्देनजर वायुसेना 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की तैयारी में है। भारतीय वायु सेना प्रमुख ने हाल ही में बताया है कि इस वित्त वर्ष में बहुप्रतीक्षित बहुद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल के सौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारत आगे बढ़ रहा है। इन विमानों की डील अगले साल की शुरुआत में हो जाने की उम्मीद है। वायु सेना के पास अभी 26 राफेल विमान हैं। भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है।

इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है, उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई क्षमता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुपर कंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

किसी व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड्यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

अंतर्मन



आज की पाती

चुनाव आयोग पर सियासी घमासान

भारतीय राजनीति में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर शुरू हुआ विवाद अब केवल एक संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली तक सीमित नहीं रह गया है। यह विवाद आने वाले समय की व्यापक राजनीतिक दिशा से भी जुड़ता दिखाई दे रहा है। विपक्षी दल विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ तीखे बयान दे रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी इन आरोपों को राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताकर विपक्ष पर पलटवार कर रही है। ऐसे वातावरण में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस राजनीतिक टकराव का जवाब केवल बयानबाजी से दिया जाएगा या तथ्यों और दस्तावेजों के साथ जनता के सामने पूरी तस्वीर रखी जाएगी। - *बलराम सांगवान, भिवानी*

करंट अफेयर

नेपाल-चीन के बीच तातोपानी सीमा को लेकर बातचीत जारी



नेपाल बाढ़ और भूस्खलन के कारण बंद तातोपानी सीमा नाके से परिवहन सेवाएं फिर शुरू करने के लिए चीन के साथ बातचीत कर रहा है। नेपाल के एक मंत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी।
अवसंरचना विकास मंत्री सुनील लामसाल ने संसद की एक समिति को बताया कि तिब्बत से नेपाल को जोड़ने वाले तातोपानी व्यापार मार्ग को फिर खोलने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चीन की सीमा पर स्थित तातोपानी और रसुवागढ़ी दोनों पारगमन बिंदुओं से परिचालन फिर शुरू करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। काठमांडू से करीब 110 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित तातोपानी सीमा नाका नेपाल और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग है। वहीं, एक अन्य प्रमुख व्यापार एवं पारगमन केंद्र रसुवागढ़ी काठमांडू के उत्तर में रसुवा जिले में स्थित है। रसुवागढ़ी सीमा नाका 26 अगस्त को ऊंचाई वाले इलाके में बड़े पैमाने पर ग्लेशियर ढहने और चट्टान-बर्फ के हिमस्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद ल्हेंदे, भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में तेज मलबे के साथ बाढ़ आई, जिसमें कम से कम 1,455 लोगों की मौत हो गई।

ऑफ बीट

आराम के समय हृदय गति की भी अपनी छिपी लय होती है



आपने संभवतः 'सर्केडियन रिदम' यानी शरीर की उस 24 घंटे की जैविक घड़ी के बारे में सुना होगा, जो हमारी नींद और जागने के चक्र को नियंत्रित करती है। लेकिन अब यह सामने आया है कि आराम की अवस्था में हृदय की गति भी ऐसी रहस्यमयी और लंबी अवधि वाली लय का अनुसरण करती है, जो बाहरी दुनिया से स्वतंत्र रूप से चलती है। आराम की अवस्था में हृदय गति से आशय उस समय प्रति मिनट दिल की धड़कनों की संख्या से है, जब व्यक्ति शांत और निष्क्रिय अवस्था में हो। यह माप तनाव, थकान और शारीरिक फिटनेस से जुड़ा होता है। अध्ययन में पता चला कि 70 प्रतिशत प्रतिभागियों की आराम की अवस्था वाली हृदय गति एक धीमी जैविक लय का अनुसरण करती थी। 'स्मार्टवॉच' यानी ऐसी डिजिटल घड़ी जो समय बताने के साथ-साथ शरीर और दैनिक गतिविधियों से जुड़ी कई जानकारियां भी दर्ज करती है। इन लय में सप्ताह, महीने या यहां तक कि 10 सप्ताह तक के अलग-अलग चक्र पाए गए। इन चक्रों के दौरान प्रति मिनट दिल की गति एक निश्चित क्रम के अनुसार बढ़ती और घटती रही। इन चक्रों की पहचान से मानव शरीर की जैविक समय-व्यवस्था के बारे में हमारी समझ का विस्तार होता है।

ट्रेंड

प्रतिबद्ध नेतृत्व



मोदी जी ने राजनीति को सत्ता के सुख का साधन नहीं, बल्कि जन-कल्याण और राष्ट्र-निर्माण का अनुष्ठान बना दिया है। 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए ऐसे ही प्रतिबद्ध नेतृत्व की आवश्यकता है। -**राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

साझा संकल्प



विकसित भारत का जो सपना प्रधानमंत्री मोदी जी ने देखा था, वह अब 140 करोड़ भारतीयों का साझा संकल्प बन गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी भारतीय पूरी लगन और पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी सरकार का ज़ुल्म



मुख्यमंत्री योगी ने खुद माना है कि उनके शासन में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी) का उत्पीड़न जल्द बंद नहीं होने वाला है। दूसरे शब्दों में, आदिवासी लोगों के खिलाफ़ बीजेपी सरकार का ज़ुल्म और अन्याय और बढ़ेगा ही।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

मिलीभगत बेनक़ाब



संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष बार-बार सड़कों पर उतरने, गिरफ़्तारियां झेलने या कानूनी मुक़दमों का सामना करने को तैयार है। मोदी सरकार और चुनाव आयोग के बीच की यह मिलीभगत बेनक़ाब हो चुकी है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जबलपुर जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण व पार्किंग संकट पर हाईकोर्ट का कड़ा रुख

सिर्फ वेंडर्स हटाना हल नहीं चाहिए 360-डिग्री फुलप्रूफ प्लान

जबलपुर। न्याय के मंदिर के बाहर ही अगर अव्यवस्था का अंबार लग जाए, तो आम जनमानस से लेकर वकीलों तक की राह कठिन हो जाती है। जबलपुर जिला अदालत परिसर के बाहर पैर पसारते स्ट्रीट वेंडर्स और बेतरतीब गाड़ियों के हुजूम से उपजी समस्याओं पर मप्र हाईकोर्ट ने बेहद सख्त और व्यावहारिक रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया है कि दुकानों को महज उखाड़ फेंकना किसी समस्या का अंत नहीं हो सकता। अदालत को एक ऐसा 360-डिग्री फुलप्रूफ मास्टर प्लानभी चाहिए, जो सड़क, ट्रैफिक, पार्किंग और आजीविका सबका स्थायी संतुलन बना सके।



यह है मामला -

एडवोकेट्स सोशल एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय ने जनहित याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने खुद अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट परिसर के बाहर के हालात का खाका खींचा। याचिका में आरोप लगाया गया कि जिला कोर्ट के मुख्य द्वार के आसपास बड़ी संख्या में वेंडर्स ने दुकानें सजा रखी हैं। इन दुकानों पर दिनभर खरीदारों का तांता लगा रहता है, जिससे न केवल वेंडरों बल्कि ग्राहकों के वाहन भी बीच सड़क खड़े हो जाते हैं। नतीजा यह कि पैदल चलने वालों से लेकर कोर्ट आने वाले पक्षकारों और वकीलों के लिए रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब स्थिति जस की तस रही, तब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

व्यापक दृष्टिकोण से ही निकलेगा स्थायी रास्ता -

मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने समस्या की गंभीरता को तो स्वीकार किया, लेकिन अस्थायी बुलडोजर या बेदखली वाली कार्रवाई को खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि सिर्फ दुकानदारों को खदेड़ देने से अव्यवस्था का स्थायी अंत नहीं होगा। अदालत एक ऐसा समग्र मॉडल देखना चाहती है जिससे कोर्ट आने-जाने वालों को सुगम मार्ग भी मिले, पार्किंग की समस्या भी खत्म हो और वेंडर्स की व्यवस्था भी प्रभावित न हो।

बार एसोसिएशन बनेगा पक्षकार

हाईकोर्ट ने माना कि जिला कोर्ट के आसपास की व्यवस्था का सीधा असर अधिवक्ताओं, पक्षकारों और न्यायिक कामकाज पर पड़ता है। इसलिए किसी भी ठोस नीति से पहले कोर्ट परिसर से जुड़े सभी पक्षों की राय ली जानी जरूरी है। बेंच ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिए हैं कि वे जबलपुर जिला बार एसोसिएशन को भी मामले में पक्षकार बनाएं, ताकि वकील समुदाय भी इस समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए अपने अमूल्य सुझाव अदालत के सामने रख सके। मामले की अगली सुनवाई 21 अक्टूबर को तय की गई है।

मेडिकल कॉलेज में मौत के बाद अंग निकालकर बेचने का आरोप, मामला कोर्ट पहुंचा

जबलपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान किशोर विश्वकर्मा की संदिग्ध मौत का मामला न्यायालय पहुंच गया है। मृतक की पत्नी जबलपुर निवासी प्रीति विश्वकर्मा ने परिवाद दायर कर आरोप लगाया है कि उनके पति की मौत के बाद उनके अंग निकालकर बेच दिए गए और शव को अज्ञात व्यक्ति बताकर दफना दिया गया। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज सविता की अदालत में दायर परिवाद पर 13 नवंबर को परिवादिनी के बयान दर्ज होंगे। उनकी ओर से अधिवक्ता विवेक तिवारी ने कोर्ट को बताया कि प्रीति 12 अगस्त 2025 को पति को उपचार के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंची थीं। आरोप है कि बाद में उन्हें पति के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। पुलिस रिकार्ड में 13 अगस्त को मृत्यु और मर्ग रिकार्ड में अज्ञात व्यक्ति के रूप में शव मिलने का उल्लेख होने का दावा किया गया है। परिवादिनी ने 14 अगस्त की रात अस्पताल में स्ट्रेचर पर पति को पहचानने का भी दावा किया है।

प्लेटफॉर्म चेकिंग के दौरान जीआरपी ने पकड़ा 1.33 लाख रुपए का गांजा

रेलवे स्टेशन पर महिला के थैले से 5.342 किलो गांजा बरामद



जबलपुर। त्योहारों के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर चल रही सघन चेकिंग के दौरान जीआरपी जबलपुर पुलिस ने प्लेटफॉर्म क्रमांक 2-3 के इटारसी एंड से एक महिला को 5.342 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ा। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 1 लाख 33 हजार 550 रुपए बताई गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 7 अक्टूबर 2026 की सुबह जीआरपी स्टाफ रेलवे स्टेशन जबलपुर पर प्लेटफॉर्म चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक 2-3 के इटारसी एंड पर एक महिला संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। उसके हाव-भाव एवं गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। महिला ने अपना नाम बैदेही बाई पति सुजीत शिल्पी, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चैनपुर, थाना बाड़ी, जिला रायसेन, हाल निवासी गौड़ढाबा दुलमपुर, थाना आताबेरा, जिला बरगढ़, ओडिशा बताया। महिला के पास रखे कपड़े के थैले में मादक पदार्थ होने के संदेह पर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सफेद कपड़े में लिपटे पांच पैकेट मिले। पैकेट खोलकर देखने पर उनमें गांजा पाया गया। इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से वजन करने पर कुल 5.342 किलोग्राम गांजा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 1,33,550 रुपए है। पुलिस ने गांजे के पांचों पैकेट विधिवत जब्त कर लिए। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल आशुतोष मिश्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आरोपी महिला के विरुद्ध थाना जीआरपी जबलपुर में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस गांजा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति और मादक पदार्थ के स्रोत का पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, एएसआई बीसी उइके, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, मनोज मिश्रा, परशुराम, रविकांत, गोपाल, सत्येंद्र, अजय तिवारी, राजेंद्र मरकाम, सागर उपाध्याय, महिला आरक्षक वर्षा दुबे एवं मनीषा का विशेष योगदान रहा।



704 एलएचबी कोचों में संशोधित स्टिफनर प्लेट लगाने का काम पूरा

जबलपुर। यात्रियों की संरक्षा को मजबूत करने की दिशा में जबलपुर रेल मंडल ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मंडल ने वर्ष 2026 में अपने सभी 704 LHB कोचों में संशोधित स्टिफनर प्लेट लगाने का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। यह कार्य आरडीएसओ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यांत्रिक विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा में पूरा किया गया।रेलवे के अनुसार संशोधित स्टिफनर प्लेट लगाने से LHB कोचों के अंडरफ्रेम की संरचनात्मक मजबूती और विश्वसनीयता बढ़ेगी। इससे ट्रेन पार्टिंग जैसी गंभीर घटनाओं की आशंका को कम करने में मदद मिलेगी।कार्य प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, पश्चिम मध्य रेलवे एवं मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। मंडल द्वारा आधुनिक अनुरक्षण तकनीकों तथा आरडीएसओ के सुरक्षा मानकों के अनुरूप कोचों का नियमित तकनीकी निरीक्षण एवं रखरखाव किया जा रहा है। सभी 704 कोचों में संशोधित स्टिफनर प्लेटों का शत-प्रतिशत प्रतिस्थापन जबलपुर मंडल की सुरक्षा-केंद्रित कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

रानीताल में 10 अक्टूबर को सजेगा भव्य रंगोली महोत्सव

जबलपुर। विकसित भारत संकल्प सेवा यात्रा के तहत 10 अक्टूबर 2026 को रानीताल खेल परिसर में भव्य रंगोली महोत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ रानीताल स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रतिभागियों की सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को सभी इंतजाम समय पर और बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के नि द श दिए।निगमायुक्त ने कहा कि महोत्सव में नागरिकों और प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेल परिसर में आर्चरी और लॉन टेनिस में भी हाथ आजमाया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, संभागीय अधिकारी अनुपम शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, संभागीय यंत्री संदीप पाण्डेय, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सौरभ तिवारी सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



आज सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

जबलपुर। रांझी जल शोधन संयंत्र के पंप हाउस के समीप 400 एमएम राइजिंग मेन पाइपलाइन में हुए लीकेज के सुधार कार्य के चलते 8 अक्टूबर को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुधार कार्य के कारण कुलीहिल, संजय नगर आधारताल, शोभापुर, संजय नगर रांझी, बजरंग नगर एवं मुक्तिधाम रांझी उच्चस्तरीय टंकी से होने वाली जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जल प्रभारी दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। निगम ने आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करने की अपील भी की है।



इलाहाबाद चौक का नामकरण विकसित भारत संकल्प सेवा चौक

जबलपुर। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अनुशंसा पर सिविल लाइन स्थित इलाहाबाद बैंक के सामने के ऐतिहासिक चौराहे का नामकरण नगर निगम ने 'विकसित भारत संकल्प सेवा चौक' किया है। नगर निगम द्वारा चौक पर नामकरण पट्टिका भी स्थापित कर दी गई है। महापौर ने कहा कि चौक और पार्क को नाम के अनुरूप और अधिक सुंदर, आकर्षक एवं सुसज्जित स्वरूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नाम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को वर्ष 2047 तक भारत को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की याद दिलाएगा। चौक केवल भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि सेवा, सामाजिक कर्तव्य और जनभागीदारी का संदेश देगा। नगर निगम द्वारा क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, यातायात प्रबंधन और व्यवस्थित विकास पर भी जोर दिया जाएगा। महापौर एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में चौक को पहले ही सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप दिया गया है, जिससे यह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए उठी आवाज

जबलपुर। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला प्रशासन को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, झूठे मामलों की रोकथाम, अधिमान्यता नियम सरल करने, आर्थिक सहायता एवं पेंशन, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा और कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सहित आवासीय भूखंड, पत्रकार भवन, लंबित विज्ञापन भुगतान तथा महिला पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की गई। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, प्रदेश सचिव कमलेश गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, संभागीय महासचिव संजय मिश्रा, जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा, जिला संगठन महासचिव नरेंद्र जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



बगियन की देखो बहार, बहार मोरे रामजी..जनकजी की पुष्पवाटिका में पहुंचे भगवान

जबलपुर। बगियन की देखो बहार, बहार मोरे लाला..बहार मोरे रामजी..! कुछ इसी तरह के गायनमय संवाद से गोविंदगंज रामलीला के पात्रों ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। गुरु विश्वामित्र की पूजन के लिए फूल तोड़ने पुष्पवाटिका पहुंचे भगवान श्रीराम अनुज लक्ष्मण के संवादों ने भी मन मोह लिया। चुभ जैहें खार, कैसे सुमन तोड़ोगे..कहते हुए माली स्वयं भगवान को पुष्प तोड़ कर देना चाह रहे थे, पर प्रभु का कहना था कि गुरुवर की पूजन के लिए फूल की सेवा तो हम ही करेंगे। मंच के दोनों तरफ बड़ी संख्या में पुरुषों-महिलाओं ने पुष्प वाटिका गौरी पूजन सहित अन्य लीलाओं का आनंद लिया। बीच-बीच में जयश्रीराम का गगनभेदी उद्घोष गूंजा।



अलौकिक पुष्प वाटिका के दर्शन-

गोविंद गंज रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रामलीला 18 दिन होती है, लेकिन गौरी जी का मुकुट केवल गौरीपूजन के दिन धारण होता है। ये अपने आप में विलक्षण होता है। अंबे मैया के दर्शन के लिए भक्त लालायित थे। महामंत्री मनीष पाठक के निर्देशन में मैया का अलौकिक मंदिर और पुष्प वाटिका का निर्माण कराया गया। यहां गौरी पूजन करने आई मां सीताजी ने पूजन से पहले प्रभु को देखा और मैया से उन्हें वर के रूप में मांग लिया। आज की लीला में राम जी के रूप में ओम दुबे, लक्ष्मण जी के रूप में मानस पांडे, माली के रूप में राकेश पाठक, अतुल दुबे, मोहित रिछारिया, वरेण्य पाठक, आकाश पाठक, मनीष पाठक, मयंक तिवारी आदि के संवाद मन मोह गए।

आज धनुष यज्ञ की लीला-

अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि आज गुरुवार को गोविंदगंज में धनुष यज्ञ की लीला होगी। आज की लीला में रावण बाणासुर संवाद, जनक विषाद, लक्ष्मरण क्रोध, परशुराम लक्ष्मण संवाद और राम-सिया के मांगलिक प्रसंग की लीला होगी।

समर्पण और राष्ट्र चेतना को जनभागीदारी से मिलेगा विस्तार राकेश सिंह

"सेवा की ज्योति लेकर आठों विधानसभाओं में निकली यात्रा"

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत जबलपुर महानगर की आठों विधानसभा क्षेत्रों में सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम वंदे मातरम चौक, सिविक सेंटर में आयोजित हुआ, जहां लोक निर्माण मंत्री एवं पश्चिम विधानसभा विधायक राकेश सिंह ने यात्रा को सेवा और संकल्प के साथ रवाना किया। इस अवसर पर राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के संकल्प से प्रेरित रहा है।

सेवा ज्योति कलश यात्रा प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को घर-घर पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। पश्चिम विधानसभा में राकेश सिंह, कैंट में विधायक अशोक रोहाणी, पूर्व में नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, उत्तर में विधायक अभिलाष पांडे, पाटन में विधायक अजय विश्नोई, पनागर में विधायक सुशील तिवारी 'इंदु', सिहोरा में विधायक संतोष बरकड़े तथा बरगी में विधायक नीरज सिंह के नेतृत्व में सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



'वोट बचाओ–देश बचाओ' के नारे के साथ इंडिया गठबंधन का पैदल मार्च

ज्ञानेश कुमार, अमित शाह और नरेंद्र मोदी के पुतलों का किया दहन

जबलपुर। लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के मुद्दे को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को 'वोट बचाओ–देश बचाओ' के आह्वान के साथ शहर में पैदल मार्च निकाला। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि मार्च में बड़ी संख्या में गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में तख्तियां, झंडे और लोकतंत्र की रक्षा से जुड़े संदेश लेकर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मार्च की शुरुआत टाउन हॉल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। नेताओं ने गांधीजी के विचारों को स्मरण करते हुए लोकतंत्र, संविधान, अहिंसा एवं नागरिक अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। इसके बाद मार्च तुलाराम चौक, अंधेरदेव, बड़ा फव्वारा, घमंडी चौक और सुपर मार्केट होते हुए मालवीय चौक पहुंचा। रास्तेभर कार्यकर्ताओं ने मताधिकार और लोकतंत्र की रक्षा को लेकर नारे लगाए। इस दौरान ज्ञानेश कुमार, अमित शाह और नरेंद्र मोदी के पुतलों का दहन कर विरोध दर्ज कराया गया।मालवीय चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए गठबंधन नेताओं ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता हैं। मतदाता सूची अथवा चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठने वाले सवालों का पारदर्शी तरीके से समाधान होना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट उसकी आवाज है और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना लोकतंत्र की पहली शर्त है। नेताओं ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, युवाओं और आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को जवाब देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सौरभ नाटी शर्मा, लखन घनघोरिया, तरुण भनोट, दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, चिंटू चौकसे, गीता तिवारी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

कातिलाना हमले के आरोपित को गिरफ्तार भेजा जेल

कटनी। जानलेवा हमले के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शनि जैन को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। बुधवार को आरोपी को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा के आदेश पर उसे उपजेल भेज दिया गया।
अभियोजन एवं पुलिस विवरण के अनुसार, 13 मई 2026 की रात गर्ग चौराहा स्थित एक बार के पास मनीष सिंह ठाकुर उर्फ चीनी (28) पर जानलेवा हमला हुआ था। विवाद के दौरान आरोपियों ने मनीष पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आहत की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109(1) एवं 296(बी) के तहत अपराध क्रमांक 471/2026 दर्ज किया था।
विवेचना के दौरान मामले के एक अन्य आरोपी गोलू ठाकुर उर्फ दीपक ठाकुर को पुलिस ने 7 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस पूछताछ में गोलू ठाकुर ने अपने साथी शनि जैन (32), निवासी कपड़ा बाजार के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया था, जिसके बाद शनि जैन को नामजद किया गया।घटना के बाद से फरार शनि जैन के दिल्ली से वापस लौटने की पुख्ता सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस बल ने कपड़ा बाजार में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

कारोबारी पर हमला करने वाले दो और गिरफ्तार

कटनी। कारोबारी मुकेश गुप्ता एवं उनके भाई राहुल गुप्ता पर लगभग तीन माह पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में माधवनगर पुलिस ने घटना के बाद से फरार चल रहे दो नामजद आरोपियों, मनीष उर्फ मनु परोहा और अंकुर शुक्ला को बीती रात उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना के बाद से ही दोनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। बीती रात मुखबिर से सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने अचानक आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी, जहाँ दोनों अपने घर में ही पकड़े गए। पुलिस के अनुसार, प्रकरण में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गौरतलब है कि तीन महीने पहले गुप्ता बंधुओं की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे 35 से 40 लोगों के हुजूम ने निहत्थे व्यापारियों पर हमला कर दिया था। मामले में पीड़ित पक्ष के खिलाफ भी क्रास एफआईआर दर्ज की गई थी।

नशा मुक्त भारत के संदेश के साथ निकाली जागरूकता रैली



उमरियापान। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत थीम पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आकृति के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी के नेतृत्व में आयोजित रैली में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, ₹नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना समझदारी है, जो नशे को हराएगा, वही सच्चा वीर कहलाएगा₹ सहित विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया और नशे की आदत छोड़कर स्वस्थ एवं बेहतर जीवन जीने का आग्रह किया।अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नशे से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

अस्पताल में मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें, मरीजों के साथ बनाये समन्वय व्यवहार

राज्य स्तरीय इंक्वास दल ने बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की टटोली नब्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद का निरीक्षण करने बुधवार को राजधानी भोपाल से राज्य स्तरीय इंक्वास दल की टीम पहुंची। दो सदस्यीय दल के द्वारा बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया ।संस्था का असेस्मेंट 8 बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया!जिसमें हॉस्पिटल अपकीप भवन का रखरखाव, वेस्ट मैनेजमेंट, इंफेक्सन कंट्रोल, हॉस्पिटल सपोर्ट सर्विस, हाई जिन प्रोमोसन आदि शामिल है!इसके अलावा टीम द्वारा साफ सफाई की स्थिति देखी साथ ही दस्तावेज भी चेक किए ।टीम प्रमुख क्वालिटी मैनेजर डॉ शुभ्रा, डॉ रितेश अग्रवाल नें मरीजों के साथ डॉक्टरों का व्यवहार और मिली सुविधाओं की जानकारी ली ।

निरीक्षण से पहले ही तैयारियां

निरीक्षण को लेकर पहले से ही बहोरीबंद अस्पताल में साफ सफाई करने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया था एवं पूरे परिसर को चकाचक किया गया था ताकि कायाकल्प टीम को कोई कमियां नजर न आये। बहोरीबंद अस्पताल मे निरीक्षण के दौरान मुख्य बिंदु साफ सफाई, दवाई का रिकॉर्ड, एक्सपायरी डेट दवाई,स्वीपर से पूछा लगाने की विधि,जैविक कचड़ा का निस्कादन,स्टाफ का मरीजों के प्रति समर्पण भाव,हर्बल वाटिका ,मरीज का हॉस्पिटल तक पहुँच मार्ग,विकलांग के लिए बाथरूम एवं व्यवस्था,पार्किंग स्थान,स्टाफ का ड्रेस शामिल रहे। इन सभी बिंदुओं पर बहोरीबंद अस्पताल पर व्यवस्था बेहतर पाई गई।
खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग शुक्ला ने बताया कि सरकारी अस्पतालो का कायाकल्प की टीम द्वारा समय- समय पर निरीक्षण किया जाता है।व्यवस्था बेहतर होने पर अंक मिलते हैं उसी आधार पर आगे सुविधाओं और संसाधनों को बढ़ाया जाता है।भोपाल से आईं टीम ने बहोरीबंद अस्पताल के सभी वार्ड का निरीक्षण किया व रिकार्ड भी चेक किए ।जहां सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई हैं ।
गौरतलब है कि उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के मानक पर खरा उतरने पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूए एस) प्रमाण-पत्र बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य को प्रदान किया जा चुका है।23 जून 2025 को राजधानी भोपाल मै आयोजित कार्यक्रम मै प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, नेशनल हेल्थ मिशन डायरेक्टर व कमिश्नर के द्वारा बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। उसी तारतम्य भोपाल से इंक्वास की टीम निरीक्षण करने पहुंची ओर स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत को देखा।
इस दौरान बीएमओ डॉ अनुराग शुक्ला, बीसीएम डॉ राबिन गुप्ता,बीपीएम डॉ अरुण शुक्ला,डॉ रुपेश झारिया,डॉ विशु बार्चे, मुकता नायक, प्रकाश हल्दकार उपस्थित रहे।

एनक्यूएएस के लिए इस तरह होता हैं अस्पतालो का मूल्यांकन

बीएमओ बहोरीबंद डॉ अनुराग शुक्ला ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन के लिए अस्पतालों का 12 मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है।बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी इन्ही 12 मानक इसके लिए अस्पताल द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया । मूल्यांकन में खरा उतरने पर बहोरीबंद अस्पताल को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र जारी किया गया था।



विद्यार्थियों ने डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों का डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्राचार्य अजय शंकर पांडे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म का अवलोकन किया।
भ्रमण के दौरान जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि, वर्मीवॉश निर्माण तथा फसलों में इसके उपयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने जैविक पद्धति से तैयार की जा रही विभिन्न फसलों का भी अवलोकन किया। कृषक पवन कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को गौशाला प्रबंधन, गायों की विभिन्न नस्लों जैसे साहिवाल, गिर एवं हरियाणा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संतुलित पशु आहार, नेपियर घास, गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग, पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों, उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी भी दी।
विद्यार्थियों को प्रकाश एवं ईंधन के उपयोग के लिए स्थापित बायोगैस संयंत्र तथा अजोला निर्माण का भी अवलोकन कराया गया। उन्हें बताया गया कि अजोला में लगभग 25 से 30 प्रतिशत प्रोटीन पाया जाता है और इसका उपयोग पशु आहार के रूप में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जाता है। धान की फसल में अजोला के उपयोग से नाइट्रोजन स्थिरीकरण में मदद मिलती है, जिससे नाइट्रोजन की आवश्यकता कम हो सकती है।

कटनी की टीम ने जबलपुर को 13 रन से हराकर जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण जबलपुर संभाग, जबलपुर के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी कटनी सच्चिदानंद पांडेय के निर्देशन,अनूप डांगीवाला के मार्गदर्शन में शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत संभाग स्तरीय 14 वर्ष बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन वेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल कुठला कटनी में किया गया।
डायरेक्टर डॉ जय चड्ढा, सिद्धार्थ जायसवाल, रौनक खंडेलवाल, देवाशीष चड्ढा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला व प्राचार्य प्रीथा मेनन ने फाइनल मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला ने बताया कि शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत में अंडर 14 बालक संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग अंतर्गत कटनी सहित जबलपुर, मंडला,बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी जिले की टीमें सहभागिता की।
उद्घाटन मैच में सिवनी ने नरसिंहपुर को 4 विकेट, छिंदवाड़ा ने मंडला को 40 रन, कटनी ने बालाघाट को 24 रन से हराकर सेमीफाइनल के लिए स्थान सुनिश्चित किया।पहले सेमीफाइनल मैच में जबलपुर ने सिवनी को 14 रनों से हराकर फाइनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।दूसरे सेमीफाइनल में कटनी ने छिंदवाड़ा को 8 विकेट से हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया।फाइनल मैच में जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर कटनी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।कटनी के ओपनिंग बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 94 रन बनाए।
जवाब में जबलपुर निर्धारित 10 ओवरों में 81 बनाए।इस तरह कटनी ने फाइनल मैच जबलपुर को 13 रनों से हराकर खिताब जीता।अंडर 14 बालक क्रिकेट फाइनल मैच में अंपायर की भूमिका में सुनील यादव, आशीष कोल, कॉमेंटेटर की भूमिका में बी डी वंशकार व ईशान मिश्रा साथ ही स्कोरर की भूमिका में विपिन किस्पोट्टा और अमृतांश दुबे रहे।
समापन समारोह में डायरेक्टर देवाशीष चड्ढा,रौनक खंडेलवाल, सिद्धार्थ जायसवाल,राहुल नागरथ और जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाला उपस्थित रहे।समापन समारोह में कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह तेवरी और आभार व्यक्त सीनियर पीटीआई शैलबाला मैथ्यूज के द्वारा किया गया।क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने में सीनियर अर्चना मनोध्या,अमर सिंह पटेल,महेंद्र सिंह तेवरी,राकेश विश्वकर्मा,सत्येंद्र सिंह,श्रवण कुमार, रावेंद्र चक्रवर्ती,सलमान अहमद खान, मोहम्मद सादिक खान, अभिषेक गोस्वामी,साहिल बर्मन व अन्य स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

रानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेने किया प्रेरित



पाली कचनारी स्थित वीरासन देवी प्रांगण में वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाई गई। युवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। अतिथियों ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके साहस, शौर्य और बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया सहित अन्य वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के जीवन और गोंडवाना साम्राज्य में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक विकास के लिए सभी को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने युवाओं और नई पीढ़ी को रानी दुर्गावती के जीवन, संघर्ष और आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में एकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

औद्योगिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने सीखी एआई तकनीकी मशीनों एवं रिटेलिंग की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सलैया फाटक के कक्षा 9वीं के एआई -आईटी ट्रेड तथा कक्षा 9वीं एवं 10वीं के रिटेल ट्रेड के लगभग 70 विद्यार्थियों ने लाइटेज लिमिटेड कम्पनी तेवरी का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय में प्राप्त व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), आधुनिक तकनीकी मशीनों तथा रिटेलिंग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यप्रणालियों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में मशीनों के उपयोग, आधुनिक तकनीक की कार्यप्रणाली तथा रिटेल क्षेत्र में उत्पादों के प्रबंधन एवं बिक्री से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र हल्दकार, ट्रेड शिक्षिका ट्विंकल उपाध्याय एवं आरती पटेल के साथ सहायक स्टाफ शील कुमारी एवं शिवानी मेहरा उपस्थित रहीं।
शिक्षकों ने विद्यार्थियों को औद्योगिक संस्थान की कार्यप्रणाली को समझने तथा नई तकनीकों से जुड़ी जानकारी को ध्यानपूर्वक सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए कहा कि इस भ्रमण से उन्हें कक्षा में पढ़ाई जाने वाली तकनीकी एवं व्यावसायिक अवधारणाओं को वास्तविक कार्यस्थल पर समझने का अवसर मिला। विद्यालय परिवार ने इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण को विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

पीएम के 25 वर्षों के जनसेवा से देशसेवा का संकल्प को समर्पित यात्रा

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी यात्रा, विकसित भारत के संकल्प से जुड़ेंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों बड़वारा, मुड़वारा, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ से होकर गुजरेगी। यात्रा के माध्यम से आम नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के समर्पित यात्रा के 25 वर्ष के पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह यात्रा सेवा और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचायेगी। इसके पहले प्रधानमंत्री के संबोधन को नागरिकों ने वर्चुअली देखा और सुना।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, श्रीमती अल्का जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक ने उपस्थित जनसमुदाय को विकसित भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। उन्होंने नागरिकों से देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने तथा सेवा भावना के साथ समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता और सामूहिक संकल्प से पूरा होगा।
सेवा ज्योति कलश यात्रा बड़वारा, मुड़वारा, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाएगा तथा सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। यात्रा के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप देने और अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

वसूली की धीमी प्रगति पर निगमायुक्त का सख्त रुख

बकाया करों का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन होंगे विच्छेदित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जलकर राहत योजना के क्रियान्वयन एवं बकाया वसूली की मंगलवार देर शाम आयोजित समीक्षा बैठक में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं पाए जाने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गहन नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना की अंतिम अवधि में किसी भी पात्र बकायेदार को लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। निगमायुक्त ने शेष तीन दिनों में मिशन मोड पर सघन अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पात्र जलकर उपभोक्ताओं से संपर्क करके, उन्हें 50 प्रतिशत राहत योजना का लाभ दिलाने तथा निगम राजस्व की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
निगमायुक्त ने बताया कि जलकर राहत योजना नागरिकों के लिए वर्षों से बकाया जलकर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान कर आसानी से हिसाब चुकता करने का एक सुनहरा अवसर है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित है। इसके पश्चात छूट का लाभ मिलना समाप्त हो जाएगा तथा बकायेदार उपभोक्ताओं को पूर्ण बकाया राशि अधिभार सहित जमा करनी होगी। निगमायुक्त ने वसूली दल को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित न रहने पाए, इस हेतु तीन दिवसों की दैनिक कार्ययोजना के साथ फील्ड में उतर कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

होगी सख्त कार्रवाई

बैठक के दौरान बार-बार सूचना देने के बावजूद योजना के तहत मिलने वाली छूट का लाभ लेकर बकाया राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नल कनेक्शन विच्छेदित की कार्यवाही में गति लाने के साथ ही अवैध नल कनेक्शन पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

रोजाना प्रस्तुत करें प्रगति रिपोर्ट

निगमायुक्त परिहार ने बैठक के अंत में नागरिकों की सुविधा हेतु लागू योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रतिदिन की कार्यवाही की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए।
निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी एवं जल प्रदाय के सहायक यंत्री को निर्देशित किया कि वसूली दल केवल नोटिस तक सीमित न रहें, बल्कि बड़े बकायेदारों से अधिकारी टीम के साथ स्वयं संपर्क कर उन्हें योजना के लाभ और समय-सीमा की जानकारी देकर भुगतान के लिए प्रेरित कर राजस्व वसूली में प्रगति लाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। इस दौरान निगमायुक्त ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों के भवनों में स्थापित नल कनेक्शन की बकाया राशि का नियमानुसार समायोजन उनके वेतन से करने के निर्देश दिए।
बैठक में राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, सहायक यंत्री मृदुल श्रीवास्तव, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



शिवानी का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन

स्लीमनाबाद। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार इन दिनों खेल खूद प्रतियोगिताये आयोजित की जा रही हैं। इसी तारतम्य मे स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद की छात्रा शिवानी बर्मन नें संभाग स्तरीय अंतर जिला महिला शतरंज प्रतियोगिता मे दमखम दिखाते प्रतियोगिता मे बाजी मारी ओर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई ।प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉप नें शिवानी को बधाई देते हुए आगे भी महाविद्यालय का नाम रोशन करने की बधाई दी गई है।

जिले को मिली 1200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली नीम कोटेड यूरिया की 3 रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 1200 मीट्रिक टन यूरिया मिली है। प्राप्त यूरिया में कटनी डबल लॉक केंद्र को 120 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केंद्र को 60 मीट्रिक टन, स्लीमनाबाद डबल लॉक केंद्र को 60 मीट्रिक टन व मझगवां-बड़वारा डबल लॉक केंद्र को 90 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गयी है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 270 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है।
इसी प्रकार सीएमएस कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढ़ीमरखेडा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, सीएमस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 60-60 मीट्रिक टन एवं एमपी एग्रो कटनी को 180 मीट्रिक टन यूरिया आबंटित की गई है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का उपयोग करें। आवश्यकता से अधिक खाद का प्रयोग करने से कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ई-विकास 2.0 के तहत किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल पर वाट्सएप बॉट के माध्यम से टोकन जनरेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। किसान वाट्सएप पर "हेल्प" या "मदद" लिखकर टोकन, रिटेलर, उर्वरक, उठाव की तिथि और टोकन की वैधता सहित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

विकसित मप्र के निर्माण के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रबंधन, तीन चरणों में होगा पूंजीगत निवेश

आरबीआई ने सबसे कम ब्याज दर पर स्वीकृत किया 3 हजार करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार राज्य में विकास कार्यों को गति देने, अवस्थापना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से 3000 करोड़ रुपये का वित्तीय संसाधन (ऋण) जुटाने जा रही है। इस राशि को 1000-1000 करोड़ रुपये के तीन सुव्यवस्थित चरणों में लिया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को नीलामी


जगदीश देवड़ा, डिप्टी सीएम, मप्र

प्रक्रिया बाजार से सबसे कम दर पर ब्याज पर प्रदेश सरकार को ऋण स्वीकृत किया है। यह ऋण भारत सरकार की तय सीमा 3 प्रतिशत के अंतर्गत ही लिया गया है।

उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय प्रबंधन के इस कदम को राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए दूरदर्शी और अत्यंत सकारात्मक फैसला बताया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से प्राप्त होने वाला यह ऋण प्रदेश के आधारभूत ढ़ांचे जैसे सड़क निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, भू-अर्जन क्षेत्र, सिंचाई परियोजनाएं, बांध निर्माण, मेडिकल सेक्टर, विद्युत क्षेत्र, भवन निर्माण एवं आमजन की सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

विकास कार्यों में व्यय की जाती है ऋण राशि

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बताया कि ऋण राशि का उपयोग राजस्व व्यय जैसे वेतन भत्ते, लाड़ली बहना योजना, पेंशन, प्रशासनिक व्यय, सीएम किसान कल्याण निधि एवं अनुदान राज्य सहायता में नहीं किया जाता है। मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि सरकार ऋण लेकर पूंजीगत कार्यों में व्यय करती है। इससे जीएसडीपी बढ़ती है और जीएसडीपी बढ़ने से प्रदेश के आम नागरिकों की आय भी बढ़ती है। इससे विकास परियोजनाओं की ग्रोथ और प्रदेश में समृद्धि आती है। किसी भी प्रदेश में ऋण लेकर विकास कार्यों में लगाना प्रदेश को विकासोन्मुखीकरण की ओर ले जाना है। वित्तीय अनुशासन और आरबीआई की निर्धारित सीमाओं के तहत ली जा रही यह राशि पूरी तरह से राज्य के विकास कार्यों में निवेश की जाएगी।

वित्तीय प्रबंधन एवं विकास रणनीति के मुख्य बिंदु

वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित ऋण सीमा के अंतर्गत बाजार परिस्थितियों के अनुसार 1000-1000 करोड़ रुपये की तीन किस्तों में यह राशि जुटाई जाएगी, जिसमें कम ब्याज दर पर बेहतर प्रबंधन हो सके। आर्थिक गतिविधियों के बुनियादी ढांचे में पूंजीगत निवेश होने से राज्य में नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।

मजबूत वित्तीय स्थिति का प्रमाण


सांकेतिक चित्र।

उप-मुख्यमंत्री देवड़ा ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित राजकोषीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन सीमा 3 प्रतिशत के भीतर ही यह वित्तीय प्रबंधन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश का जीएसडीपी अनुपात मजबूत स्थिति में है और राज्य सरकार समय पर ऋण भुगतान का बेहतरीन रिकॉर्ड बनाए हुए है। वित्तीय रणनीति से प्रदेश में चल रहे विकास प्रोजेक्ट्स में और तेजी आएगी, जिससे 'विकसित मध्यप्रदेश' के संकल्प को सीधे मजबूती मिलेगी।

16 तक चलेगा आंदोलन

आरजीपीवी को बांटने के प्रस्ताव पर कर्मचारी नाराज, प्रदर्शन शुरू

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को तीन जोनल विश्वविद्यालयों में विभाजित करने के प्रदेश शासन के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को विवि के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू किया है। यह आंदोलन आगामी 16 अक्टूबर तक चलने की बात कही गई है। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर शासन के प्रस्ताव के खिलाफ नारे लगाए। उनका कहना है कि 28 साल में तैयार हुए प्रदेश के एकमात्र तकनीकी विश्वविद्यालय को बांटने के स्थान पर मजबूत किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय का मूल स्वरूप बरकरार रखने और उसके संचित कोष को सुरक्षित रखने की मांग की है।

सरपंच ने पंचायती सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा

भोपाल। जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत अगरिया छापर में मंगलवार को पंचायत व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव हेम सिंह राजपूत के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरपंच सुनील मालवीय ने आरोप लगाया कि सचिव पंचायत भवन पर ताला लगाए रखते हैं। इसके विरोध में सरपंच ने पंचायत कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। पिछले कई वर्षों से सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है।

मप्र में 41 हजार से अधिक विद्यालयों के 50 लाख विद्यार्थी हुए शामिल, मॉडल स्कूल में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

सीएम ने राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास को विरासत से जोड़कर आगे बढ़ाया है। कई सालों तक ब्रिटिश काल में बने भवन में हमारी संसद चलती रही। लेकिन अब हमारी संसद का नया भवन ऐसा बना है, जिसमें भारतीयता के दर्शन होते हैं। मोदी ने लोकतंत्र को गौरवान्वित करते हुए सार्वजनिक जीवन जिया है। यह गर्व का विषय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति भी हमारी चुनाव प्रक्रिया की तारीफ करते हुए उसे अपनाने की मंशा जताते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सेवा संकल्प अभियान के तहत राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीटी नगर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक नेताओं के बीच विशिष्ट दिखती है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलब्धि पर सेवा संकल्प अभियान में पूरा देश एक साथ खड़ा है।

स्कूल, जिला और प्रदेश स्तर पर हुईं थी प्रतियोगिताएं


मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित।

55 जिलों से चयनित उत्कृष्ट चित्रकला कृतियों का हुआ प्रदर्शन

सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के 55 जिलों से चयनित उत्कृष्ट चित्रकला कृतियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने मन के भाव को भाषण और चित्रों के माध्यम से बहुत प्रभावी तरीके से अंकित और अभिव्यक्त किया है।

पांच जिला शिक्षा अधिकारियों को मिला सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा संकल्प अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों को भी सम्मानित किया। इसके तहत जिला शिक्षा अधिकारियों में सतना की सलोनी शर्मा, नरसिंहपुर के अनिल कुशवाहा, बालाघाट की धनश्री जैन, अनूपपुर के तुलाराम आरमो, उज्जैन के महेंद्र खत्री तथा लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के संयुक्त संचालक एचएन नेमा को उनके सराहनीय योगदान और निष्ठापूर्ण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

भविष्य का भारत बेहतर होगा

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पीएम के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदेश के 41 हजार से अधिक विद्यालयों में जिला स्तर, ब्लॉक स्तर और राज्य स्तर पर 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, भोपाल महापौर मालती राय, आदि मौजूद रहे।

मंदसौर में बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री ने वर्चुअली संबोधित किया

तरक्की के नए आयामों को स्पर्श कर रहा है मंदसौर जिला : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि खेती किसानी तथा औषधीय फसलों में समृद्ध मंदसौर जिला अब तरक्की के नए आयामों को स्पर्श कर रहा है। 8-लेन एक्सप्रेस वे, गांधी सागर चीता प्रोजेक्ट, पशुपतिनाथ लोक जैसी कई सौगातें जिले को मिली हैं। आगामी दिनों में मंदसौर नीमच जिले को एयरपोर्ट सुविधा, परिवहन सेवा की बसों के माध्यम से भोपाल की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से मंदसौर जिले से जुड़कर बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

मंदसौर जिले के लहसुन की ब्रांडिंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में नवीन तकनीक के माध्यम से मंदसौर जिला श्रेष्ठ खेती किसानी कर रहा है। जिले में औषधीय फसलें भी उल्लेखनीय हैं। एक जिला एक उत्पाद के तहत मंदसौर जिले के लहसुन की ब्रांडिंग राज्य शासन द्वारा की जा रही है।

विस परिसर में सकल जैन समाज का सामूहिक क्षमा वाणी महोत्सव

अहंकार का नाश कर क्षमा जीवन में सरलता, सहजता लाती हैः सीएम डॉ. यादव

करुणा, दया अनुकंपा की भावना के बिना क्षमा धर्म की आराधना नहीं हो सकती: आचार्य समय सागर महाराज


आचार्यश्री समय सागर के मंगल सानिध्य में उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सकल जैन समाज के सामूहिक क्षमा वाणी महोत्सव में विधान सभा परिसर में सामाजिक बंधु एक दूसरे से जाने अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगते दिखे। कुंडल पुर के बड़े बाबा आचार्य विद्या सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आचार्य श्री को शास्त्र भेट किए, सभी के मंगल मय जीवन की मंगल कामना के साथ मंगलाचरण हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा हमारा सौभाग्य है, लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में आचार्यश्री के पधारे इससे दिवाली होली एक साथ बन गए है।

क्षमा जीवन में सरलता लाती है...

सीएम डां मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में पहले आचार्यश्री विद्या सागर महाराज के चरण भी पड़े, ये सुखद संयोग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में जीव दया ओर अहिंसा को आधार माना शासन के मुखिया होने के नाते निर्णय कठोर भी लेने पड़ते हे, क्षमा मांगता हुं, क्षमा पर्व व्यक्ति के अंतर मन को मजबूत बनाता है। अहंकार का नाश कर क्षमा जीवन में सरलता सहजता लाती है।

रुद्री थाने के पास डायल 112 के कंट्रोल रूम में मिला शव

डायल 112 में तैनात आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस कर रही जांच

घटना की जानकारी मिलते ही महकमे में मचा हड़कंप, नाइट ड्यूटी के लिए थे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। जिले के रुद्री थाना क्षेत्र में आपातकालीन सेवा डायल 112 में तैनात एक आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। आरक्षक का शव रुद्री थाने के पास ही स्थित डायल 112 के कंट्रोल रूम में मिला है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। फिलहाल आरक्षक की मौत किन कारणों से हुई है, इसकी वास्तविक वजह सामने नहीं आ सकी है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक आरक्षक की पहचान ओंकार सोनवानी के रूप में की गई है, जो मूल रूप से कुरुद के ग्राम बंगोली के निवासी थे। आरक्षक ओंकार



सोनवानी की ड्यूटी डायल 112 कंट्रोल रूम में लगी हुई थी और वे हमेशा की तरह अपनी नाइट ड्यूटी के लिए तैनात थे। बताया जा रहा है कि रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच, कंट्रोल रूम के भीतर ही ओंकार अचानक अचेत और बेसुध अवस्था में पाए गए। उन्हें इस हालत में देख वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। सहयोगियों ने बिना वक्त गंवाए तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आरक्षक ओंकार सोनवानी को मृत घोषित कर दिया।

मौके पर तुरंत पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

ड्यूटी के दौरान एक आरक्षक की इस तरह अचानक हुई संदिग्ध मौत की खबर जैसे ही आला अधिकारियों तक पहुंची, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर रवाना हुए। अधिकारियों ने रुद्री स्थित घटनास्थल का बारिकी से जायजा लिया है। पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच हर एक संभावित एंगल से शुरू कर दी है। घटनास्थल (कंट्रोल रूम) से जुड़े तमाम वैज्ञानिक और भौतिक साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है। इसके साथ ही, घटना से ठीक पहले आरक्षक की मानसिक व शारीरिक स्थिति कैसी थी, ड्यूटी के दौरान की क्या परिस्थितियां थीं और क्या वे किसी तनाव या बीमारी से जूझ रहे थे-इन सभी पहलुओं पर उनके साथी पुलिसकर्मियों से बारीकी से पूछताछ कर जानकारी ली जा रही है। पुलिस विभाग का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम की विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट सामने आने और आवश्यक वैधानिक जांच पूरी होने के बाद ही आरक्षक की मौत की वास्तविक और सटीक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

पुलिस और वन अमले ने दोनों अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला

वन विभाग की टीम पर हमला, दो अधिकारियों से मारपीट कर पांच घंटे तक बनाए रखा बंधक


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के तमोरा क्षेत्र में वन भूमि अतिक्रमण के दौरान आरोपियों ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी नवीन वर्मा और उपवनक्षेत्रपाल नवीन शर्मा के साथ मारपीट की तथा उन्हें करीब पांच घंटे तक बंधक बनाए रखा। घटना 6 अक्टूबर की रात की बताई जा रही है, जिसके बाद पुलिस और वन अमले ने मौके पर पहुंचकर दोनों अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्राप्त विवरण के अनुसार, वन परिक्षेत्र अधिकारी नवीन वर्मा और उपवनक्षेत्रपाल नवीन शर्मा अन्य कर्मचारियों के साथ तमोरा क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे। वन अमले को जंगली सुअर के अवैध शिकार की सूचना मिली थी। गश्त के दौरान लाठी-डंडों से लैस लोगों ने अचानक वन विभाग की टीम को घेर लिया। आरोपियों ने रेंजर और उपवनक्षेत्रपाल पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के बाद अतिक्रमणकारियों ने अधिकारियों का सामान, पर्स और उपवनक्षेत्रपाल का मोबाइल फोन भी छीन लिया। इसके बाद आरोपी दोनों अधिकारियों को तमोरा वनखंड स्थित एक मकान में ले गए और वहां उन्हें बंधक बना लिया।

समय पर पहुंचकर पुलिस टीम ने टाली दुर्घटना



आरोपियों ने दोनों अधिकारियों को रात लगभग 7:30 बजे से 12:30 बजे तक करीब पांच घंटे तक मकान में बंद रखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल तथा बागबाहरा एवं महासमुंद का वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा।

अमले ने त्वरित कार्रवाई को दिया अंजाम

पुलिस बल और वन अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। सुरक्षित बाहर निकालने के बाद पुलिस ने दोनों पीड़ित अधिकारियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। यदि समय पर पुलिस बल और वन अमला मौके पर नहीं पहुंचता, तो अतिक्रमणकारियों द्वारा की गई मारपीट और हमले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों की जान तक जा सकती थी। समय पर पहुंचे बल ने गंभीर जनहानि को टाल दिया।

गृहमंत्री का निज सचिव बताकर ऐंठी रकम

नौकरी और ट्रांसफर का झांसा देकर ठगी करने वाले पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय नौकरी लगाने और स्थानांतरण कराने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले दो जालसाज पकड़ाए हैं। आरोपियों ने खुद को प्रभावशाली लोगों का करीबी बताकर लोगों को अपने जाल में फंसाया। इनमें से एक आरोपी ने गृहमंत्री का निज सहायक बनकर लोगों से रकम ऐंठी। पुलिस ने आरोपियों के पास से गृहमंत्री कार्यालय का फर्जी पहचान पत्र भी बरामद किया है। मामले का पर्दाफाश उस समय हुआ जब पीड़ित बोस्टो तांडी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी आदित्य मोहन पंडा और संतराम यादव ने शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। मुख्य आरोपी आदित्य ने खुद को गृहमंत्री विजय शर्मा का निज सहायक बताकर प्रार्थी का विश्वास जीता। इसके बाद आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर पीड़ित से 70 हजार रुपये ले लिए। लंबे समय तक नौकरी न मिलने और रकम वापस न होने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वे अब तक करीब 15 लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं।

अरेरा हिल्स स्थित राज्य चुनाव आयोग कार्यालय के सामने पुतला फूंककर जताया विरोध


अरेरा हिल्स क्षेत्र में पुतला दहन करते कांग्रेसी नेता।

पार्टी नेताओं ने संबंधित कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। इस कार्रवाई के विरोध में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित राज्य चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया है। बता दें कि मंगलवार को संसद मार्ग से चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर इंडिया ब्लॉक के मार्च के बाद राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को पुलिस ने रोका और बाद में हिरासत में ले लिया।

राहुल गांधी को हिरासत में लेने पर कांग्रेस का चुनाव आयोग के बाहर विरोध प्रदर्शन





दिग्विजय, जीतू, सिंघार, प्रवीण बैठे धरने पर

राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के बाद अरेरा हिल्स पर स्थित चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर रात में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, भोपाल जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना समेत कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी धरना देकर विरोध जताया। इधर, कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

भारत में नए उत्पादों की रफ्तार बढ़ाएगी होंडा कार्स



नई दिल्ली। जापानी वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए नए उत्पादों की पेशकश में तेजी लाने और कलपुर्जों का स्थानीय उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। कंपनी के लिए उत्पाद विकास में लगने वाला समय घटाना उसकी वृद्धि रणनीति का अहम हिस्सा है।

ट्रेंट की आय 22% बढ़कर हुई 5,788 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। टाटा समूह की खुदरा कारोबार कंपनी ट्रेंट लिमिटेड की एकल आधार पर आय चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई - सितंबर) तिमाही में 22.5 प्रतिशत बढ़कर 5,788 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की एकल आधार पर आय 4,260 करोड़ रुपये थी। ट्रेंट की आय चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में 20.5 प्रतिशत बढ़कर 11,454 करोड़ रुपये हो गई।

एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाएंस करेंगे विस्तार



नई दिल्ली। एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस ने भारत तथा सिंगापुर के बीच यात्रियों को उड़ानों के अधिक विकल्प देने के मकसद से अपने वाणिज्यिक सहयोग का विस्तार करने की बुधवार को घोषणा की। यह विस्तार इस साल जनवरी में हुए वाणिज्यिक सहयोग रूपरेखा समझौते के तहत की गई पहल का हिस्सा है।

ब्रुकफील्ड ने ईएसआर से लॉजिस्टिक पार्क खरीदे



नई दिल्ली। वैश्विक निवेश कंपनी ब्रुकफील्ड ने ईएसआर इंडिया से आठ औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्क खरीदे हैं। कंपनी इस अधिग्रहण तथा इन परिसंपत्तियों के भविष्य में विकास के लिए 4,300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ब्रुकफील्ड ने बयान में कहा कि उसने ईएसआर इंडिया से 1.05 करोड़ वर्ग फुट के पोर्टफोलियो में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है।

रुपया 43 पैसे टूटकर 96.78 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 5.5 प्रतिशत किए जाने के बाद रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 43 पैसे टूटकर 96.78 (अस्थायी) के स्तर पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.37 प्रति डॉलर पर खुला।

एचडी फायर का आईपीओ 13 अक्टूबर को खुलेगा



नई दिल्ली। अग्नि सुरक्षा उपकरण एवं प्रणालियां बनाने वाली कंपनी एचडी फायर प्रोटेक्ट लिमिटेड ने अपने 712 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 258-271 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा बुधवार को तय किया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 4,750 करोड़ रुपये बैठेगा। कंपनी की सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ 13 अक्टूबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा और 15 अक्टूबर को बंद होगा।

एआई पर रोक लगाना समाधान नहीं, मानवीय नियंत्रण जरूरी

एजेंसी ▶▶| पेरिस

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन कैन ने कहा

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिस कैन ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल को रोकना समाधान नहीं है, बल्कि तकनीकी सुरक्षा उपायों के जरिये इसे मानवीय नियंत्रण में रखना और इसके इस्तेमाल के लिए स्पष्ट नियम बनाना जरूरी है। एआई के संभावित जोखिमों को लेकर जारी चर्चा के बीच कैन ने कहा कि प्रौद्योगिकी कंपनियों को एआई में सुरक्षा उपाय शामिल करने चाहिए, जबकि सरकारों को इसके इस्तेमाल की स्पष्ट सीमाएं तय करने वाला उचित ढांचा तैयार करना चाहिए।

- एआई के लिए स्पष्ट नियम बनाना जरूरी है

महत्वपूर्ण फैसलों में इंसान का नियंत्रण जरूरी

कैन ने बातचीत में कहा कि ऐसे जोखिमों का पहले से अनुमान लगाना जरूरी है और इन चेतावनियों को खारिज नहीं किया जाना चाहिए। कैन ने कहा, ''सवाल एआई का इस्तेमाल रोकने का नहीं है। सवाल यह है कि प्रौद्योगिकी कंपनियां किस तरह यह सुनिश्चित करें कि एआई और अन्य प्रौद्योगिकियां नियंत्रण में रहें और महत्वपूर्ण फैसलों में इंसान का नियंत्रण बना रहे।''



एआई से साइबर हमलों का पता लगाया जा रहा : एआई की मदद से साइबर हमलों का तेजी से पता लगाने, उनका जवाब देने तथा हमलों को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं। रक्षा, वैमानिकी और साइबर एवं डिजिटल क्षेत्र में सक्रिय थेल्स उन्नत प्रौद्योगिकी सेवाएं मुहैया कराती है।

एआई आधारित साइबर हमले बढ़ रहे : सीईओ ने कहा कि एआई आधारित साइबर हमलों की गति और क्षमता बढ़ रही है। थेल्स की साइबर सुरक्षा प्रणालियां पहले प्रतिदिन करीब 20 लाख बॉट हमलों को रोकती थीं, जबकि अब यह संख्या बढ़कर करीब 2.5 करोड़ प्रतिदिन हो गई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल ऐसे हमलों से बचाव के लिए भी किया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा समझ जरूरी : कैन ने कहा कि अलग-अलग देशों में नियमों और व्यवस्थाओं को लेकर अंतर हो सकता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह साझा समझ होनी चाहिए कि एआई के इस्तेमाल में क्या स्वीकार्य है और क्या पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए। एआई का भविष्य आखिरकार इस पर निर्भर करेगा कि मनुष्य इसका विकास और इस्तेमाल किस तरह करते हैं।

चेतावनियों को गंभीरता से लेना जरूरी

एआई के कारण मानवता के सामने संभावित अस्तित्वगत संकट के बारे में पूछे जाने पर कैन ने कहा, ''अभी नहीं। लेकिन संभावित खतरों को लेकर चेतावनियों को गंभीरता से लेना जरूरी है। इन चेतावनियों से जागरूकता बढ़ती है और एआई से जुड़े जोखिमों से बचाव के उपाय शुरू करने का समय आ गया है।''

नियामकीय ढांचे की जरूरत पर जोर : सीईओ ने एआई के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा समझ या नियामकीय ढांचे की जरूरत पर भी जोर दिया। उद्योग का स्व-नियमन एक 'अच्छी शुरुआत' है, लेकिन तेजी से अधिक स्वायत्त होती एआई प्रणालियों से पैदा होने वाली नई सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह लंबे समय में पर्याप्त नहीं होगा।

उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने यह बात कही

रेपो दर बढ़ाना महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता, खपत-निवेश पर असर संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- ऊंची ब्याज दर से योजनाओं पर असर पड़ेगा
- आरबीआई ने करीब चार साल में यह रेपो दर बढ़ाई
- उद्योग मंडल एसोचैम ने आरबीआई के फैसले का किया स्वागत

भारतीय रिजर्व बैंक का रेपो दर बढ़ाने का फैसला वृहद आर्थिक स्थिरता और महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने का संकेत देता है। हालांकि, ऊंची ब्याज दर से खपत, निवेश एवं विस्तार की योजनाओं पर असर पड़ सकता है।

उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने बुधवार को यह बात कही। आरबीआई ने बुधवार को उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब चार साल में यह रेपो दर में पहली बढ़ोतरी है। साथ ही नीतिगत रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्त' करने का फैसला भी किया गया। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा, हम रेपो दर बढ़ाने और मौद्रिक नीति के रुख को बदलने के आरबीआई के फैसले का स्वागत करते हैं।



महंगाई आरबीआई के लक्ष्य से अधिक : वेंकटरमण

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन ने कहा, ''अगस्त में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गई है जो आरबीआई के 4.0 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। खाद्य कीमतों में बढ़ते दबाव और अनिश्चित बाहरी माहौल के बीच खाद्य महंगाई 5.95 प्रतिशत रही।

बाजार को फैसले की पहले से उम्मीद थी: आनंद राठी : *आनंद राठी समूह के मुख्य अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा, ''बाजार को इस फैसले की पहले से ही उम्मीद थी, इसलिए हमें वित्तीय बाजार पर इसके नकारात्मक असर की आशंका नहीं है...। घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती ने आरबीआई को कदम उठाने की गुंजाइश दी, जबकि खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों तथा रुपये में गिरावट ने मौद्रिक सख्ती के पक्ष में दबाव बढ़ाया।''*

उभरते महंगाई के प्रति संतुलित कदम: *बंधन ग्रुप बंधन ग्रुप के प्रबंध निदेशक अरविंद अग्रवाल ने कहा, ''आरबीआई का फैसला उभरते महंगाई दबाव के प्रति संतुलित कदम को दर्शाता है। साथ ही, यह घरेलू आर्थिक वृद्धि की मजबूती को भी ध्यान में रखता है।*

आगे दरों में और कटौती की संभावना : केयरएज

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, ''आरबीआई का रेपो दर बढ़ाने का फैसला हमारी उम्मीदों के अनुरूप है। मौद्रिक नीति का रुख 'सोच-समझकर सख्त रुख' अपनाने के निर्णय से आगे दरों में और कटौती की संभावना खत्म होती दिख रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि के अनुमान को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत करना भी मोटे तौर पर हमारी उम्मीदों के अनुरूप था।

आरबीआई का कदम महंगाई पर अंकुश: बैंक

बैंक अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक का नीतिगत दर बढ़ाने का कदम महंगाई के दबाव को नियंत्रित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा, जबकि मजबूत घरेलू मांग और कर्ज प्रवाह के कारण आर्थिक वृद्धि की गति कायम रहने की उम्मीद है।

ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं

इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रेपो दर में बढ़ोतरी महंगाई के जोखिम को नियंत्रित करने के लिए संतुलित और एहतियाती कदम है। इससे संकेत मिलता है कि फिलहाल ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं है।

आवास मांग पर पड़ सकता है असर: रियल एस्टेट

रियल एस्टेट उद्योग और विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के फैसले से आगामी त्योहारों के दौरान आवास मांग पर कुछ असर पड़ सकता है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, फिलहाल आवासीय मांग मजबूत बनी हुई है। खरीदारों के स्तर पर मजबूत धारणा, त्योहारी मांग और घर खरीदने की दीर्घकालीन जरूरत को देखते हुए हमारा मानना है कि इस बढ़ोतरी का आवासीय बाजार पर प्रभाव सीमित रहेगा।''

सरकार ने चीनी व्यापारियों के लिए स्टॉक सीमा घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- त्योहारी सत्र के लिए सीमा घटाकर 1000 क्विंटल की गई
- आदेश 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगा

त्योहारी सत्र में चीनी की खुदरा कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए सरकार ने चीनी व्यापारियों के लिए स्टॉक रखने की सीमा को घटाकर 1,000 क्विंटल कर दिया है। यहां जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, यह आदेश 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगा।

खाद्य मंत्रालय ने एक अक्टूबर को कहा था कि सरकार ने कोलकाता और उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्रों तथा असम राज्य को छोड़कर चीनी व्यापारियों के लिए स्टॉक रखने की अवधि को घटाकर 15 दिन कर दिया है और स्टॉक रखने की सीमा 1,000 क्विंटल तय की है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने मंगलवार को इस फैसले को लागू करने के लिए एक राजपत्र अधिसूचना जारी की, जो 15 अक्टूबर से प्रभावी होगी। मंत्रालय ने अगस्त में चीनी व्यापारियों पर 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा लगाई थी, जो एक अगस्त से 30 नवंबर तक लागू थी। इसके साथ ही माल मिलने की तारीख से अधिकतम 30 दिन तक ही स्टॉक रखने की अनुमति दी गई थी। बाद में 15 सितंबर से इस सीमा को घटाकर 2,000 क्विंटल कर दिया गया था।



चीनी की उपलब्धता होगी सुगम

मंत्रालय ने कहा, ''चीनी रखे जाने की मात्रा और अवधि को सीमित करके, सरकार आपूर्ति श्रृंखला के जरिये चीनी की आवाजाही को सुगम बनाने के अलावा उचित दरों पर उपभोक्ताओं को इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना चाहती है। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

औसत खुदरा कीमतें 15 फीसदी कम हो गई

इस महीने की शुरुआत में मंत्रालय ने कहा था कि चीनी की औसत खुदरा कीमतें अगस्त के अपने उच्चतम स्तर से 15 प्रतिशत कम हो गई हैं तथा इनमें और गिरावट आने की संभावना है। इसमें कहा गया कि मिल स्तर पर चीनी की कीमतों में लगभग 28 प्रतिशत की गिरावट आई है और पिछले तीन सप्ताह से कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

सेंसेक्स 429 अंक गिरा

रेपो दर में बढ़ोतरी से घरेलू शेयर बाजार की तेजी थमी



- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशक धारणा प्रभावित
- विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने बाजार पर दबाव डाला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रमुख नीतिगत दर रेपो में करीब चार साल बाद पहली बार बढ़ोतरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार लगातार दो दिन की तेजी के बाद बुधवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 429 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 173 अंक टूट गया।

आरबीआई के रेपो दर में 0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी करने के फैसले से बाजार में गिरावट आई। इसके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी दबाव डाला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 429.11 अंक गिरकर 72,638.70 अंक पर बंद हुआ।

दरों में कटौती की संभावना खत्म हो गई : आरबीआई ने बुधवार को रेपो दर को 0.25 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया जो करीब चार साल में पहली बढ़ोतरी है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख बदलकर 'सोच-समझकर सख्ती' वाला कर दिया, जिससे निकट अवधि में दरों में कटौती की संभावना खत्म हो गई है।

नीतिगत रुख में बदलाव का बाजार पर पड़ा असर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''नीतिगत दर बढ़ोतरी उम्मीद के अनुरूप ही थी, लेकिन नीतिगत रुख में बदलाव से बाजार पर अधिक असर पड़ा। वृद्धि के अनुमान में बढ़ोतरी से घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत मिला, लेकिन महंगाई के ऊंचे अनुमान और मूल्य स्थिरता पर आरबीआई के जोर ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।''

एनटीपीसी 1.5 करोड़ टन तक कोयला खरीदेगी...



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी वित्तवर्ष 2026-27 में कोयले की जरूरत को पूरा करने के लिए निजी स्वामित्व वाली वाणिज्यिक कोयला खदानों से एक-डेढ़ करोड़ टन ईंधन खरीदने की योजना बना रही है। एक सूत्र ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य कोयला भंडार की कमी के बीच बिजली उत्पादन के लिए इसकी उपलब्धता बढ़ाना है। सूत्र ने कहा, 'कंपनी चालू वित्तवर्ष में वाणिज्यिक खदानों से एक - डेढ़ करोड़ टन कोयला खरीदेगी। उसने एनएलसी से भी बात की है।' एनटीपीसी के बिजलीघर 75-76 प्रतिशत क्षमता (पीएलएफ) पर चल रहे हैं। सूत्र के अनुसार, कोयले की आपूर्ति ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में स्थित वाणिज्यिक खदानों से होगी।

सोना 700 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

- चांदी 2.27 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय मांग कमजोर रहने और वैश्विक स्तर पर कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत लगातार दूसरे दिन गिर गई। सोने का भाव 700 रुपये घटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,48,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) रह गया। मंगलवार को सोना 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।यह एक सप्ताह का निचला स्तर है। सोना 29 सितंबर को 1,48,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और खुदरा मांग में नरमी के बीच घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट आई।



आईनॉक्स ग्रीन ने विंड वर्ल्ड इंडिया का भुगतान किया पूरा

नई दिल्ली। आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस ने विंड वर्ल्ड इंडिया लिमिटेड के पवन ऊर्जा परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) कारोबार के हस्तांतरण के लिए भुगतान पूरा कर दिया है। कंपनी के बयान के अनुसार, कर समेत इस सौदे का कुल मूल्य 550 करोड़ रुपये है। यह भुगतान आईनॉक्स ग्रीन की अनुषंगी कंपनी विभव एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (वीईपीएल) के जरिये किया गया है। इसके लिए वीईपीएल और डब्ल्यूडब्ल्यूआईएल के बीच कारोबारी हस्तांतरण समझौता (बीटीए) किया गया था। आईनॉक्स ग्रीन ने मंगलवार को डब्ल्यूडब्ल्यूआईएल के पवन ऊर्जा ओएंडएम कारोबार के हस्तांतरण के लिए भुगतान पूरा किया।

भारत में जल्द शुरू हो सकती है 'स्टारलिंक' की सेवाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- भारत में परिचालन के खाका तैयार
- डेटा देश में रखा जा रहा

उद्योगपति एलन मस्क की अगुवाई वाली उपग्रह संचार कंपनी स्टारलिंक ने भारत की सुरक्षा एवं अन्य नियामकीय जरूरतों के अनुरूप अपना परिचालन खाका तैयार किया है।('इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026' में स्पेसएक्स की 'स्टारलिंक बिजनेस ऑपरेशंस' की उपाध्यक्ष लॉरेन ड्रेयर ने कहा कि कंपनी ने भारतीय बाजार में सेवाएं देने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार करने में निवेश किया है। ड्रेयर ने कहा, ''हमने भारत की सुरक्षा जरूरतों और अन्य नियमों को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर भारत के लिए स्टारलिंक का परिचालन खाका तैयार किया है। भारत के लिए हर स्तर पर नियंत्रण व्यवस्था स्थापित की गई है और भारतीय उपयोगकर्ताओं का डेटा देश में ही रखा जा रहा है। सरकार ने स्टारलिंक समेत तीन कंपनियों को भारत में उपग्रह संचार सेवाएं देने के लिए लाइसेंस दिए हैं। उपग्रह संचार कंपनियों को अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम और सुरक्षा मंजूरी की जरूरत है।

ढांचे में 20 गेटवे साइट शामिल

ड्रेयर ने कहा, ''हमने पहले ही निवेश कर यहां जरूरी जमीनी बुनियादी ढांचा तैयार कर लिया है। इसमें 20 'गेटवे साइट' शामिल हैं, जिनमें सैकड़ों एंटीना हैं। हमने भारत को सेवाएं देने के लिए तैयार परिचालन व्यवस्था भी स्थापित कर ली है।''

जुलाई-सितंबर तिमाही में बिक्री 3.8 प्रतिशत घटी

चिप महंगी होने से देश में टैबलेट की बिक्री घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 20 हजार रुपए से कम कीमत वाले टैबलेट पर प्रभाव अधिक

भारत में टैबलेट पीसी की बिक्री चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत घट गई। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च ने यह जानकारी दी।

बिक्री घटने का प्रमुख कारण 20,000 रुपये से कम कीमत वाले टैबलेट खंड पर मेमोरी चिप की कीमतों में बढ़ोतरी का प्रभाव है। काउंटरपॉइंट रिसर्च ने कहा, /"भारत में टैबलेट की बिक्री वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 3.8 प्रतिशत घट गई। इसकी वजह ब्रांड द्वारा बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डालना और इससे कुल बिक्री कीमतों में बढ़ोतरी होना रही।

टैबलेट का विनिर्माण देश में 30 फीसदी बढ़ा

आपूर्ति में गिरावट के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में देश में टैबलेट का विनिर्माण सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ा। सैमसंग और लेनोवो जैसी स्थापित कंपनियों ने स थानीय उत्पादन का विस्तार जारी रखा।



कंपनियों ने सभी उत्पाद खंड में कीमतें बढ़ाई

शोध कंपनी के अनुसार, कंपनियों ने अपने सभी उत्पाद खंड में कीमतें बढ़ाई हैं और मेमोरी वाले संस्करणों की संख्या को सीमित किया है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की प्रमुख विश्लेषक अंशिका जैन ने कहा, परंपरागत रूप से भारत के टैबलेट बाजार का मुख्य आधार 20,000 रुपये से कम कीमत वाला खंड मेमोरी चिप की कीमतों में बढ़ोतरी से सबसे अधिक प्रभावित हुआ।

ग्राहक महंगे उत्पादों की ओर बढ़े

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 43 प्रतिशत की गिरावट आई। टैबलेट के 20,000 रुपये से अधिक कीमत वाले खंड एक प्रमुख प्रतिस्पर्धी क्षेत्र बनकर उभरे हैं और इसमें 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बाजार में इसकी हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रही। इसकी वजह कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाना और अपने उत्पादों की संख्या सीमित करना रही, जिससे ग्राहक अधिक महंगे उत्पादों की ओर बढ़े।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को अनुसूचित बैंकों की सूची से हटाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस पहले ही रद्द
- इस साल अप्रैल में नियमों का पालन नहीं करने के कारण रद्द

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द होने के बाद उसे मान्यता-प्राप्त अनुसूचित बैंकों की सूची से हटा दिया गया है।

आरबीआई ने इस साल अप्रैल में नियमों का पालन नहीं करने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने कहा था कि इस भुगतान बैंक का कामकाज नुकसानदायक ढंग से संचालित किया जा रहा था। इसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीपीबीएल को बंद करने का आदेश दिया था। आरबीआई ने बयान में कहा, ''पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची से हटा दिया गया है।'' इस संबंध में अधिसूचना 31 जुलाई को जारी की गई थी और सितंबर में इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया।

चुनाव आयोग ने वोट में धांधली और 'वोट चोरी' की, 'इललीगल इलेक्शन कमिश्नर' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'इललीगल प्राइम मिनिस्टर' बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जब तक मांगें पूरी नहीं हो जातीं, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा

जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन का विरोध प्रदर्शन, बोलीं सुप्रिया



कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब उनके सांसद चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से मिलने गए तो उनसे मुलाकात नहीं हुई। इसके अलावा उन्होंने कई और बातें कहीं। चुनाव आयोग और सरकार पर आरोप भी लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने वोट में धांधली और 'वोट चोरी' की है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'इललीगल इलेक्शन कमिश्नर' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'इललीगल प्राइम मिनिस्टर' (गैर-कानूनी प्रधानमंत्री) बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे जंतर-मंतर पर तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं।

मुख्य बिंदु और हालिया घटनाक्रम

- विरोध का कारणः कॉकरोच जनता पार्टी , कांग्रेस और ईडी ब्लॉक के नेता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका इस्तीफा मांग रहे हैं।
- सुरक्षा व्यवस्थाः जंतर-मंतर से लेकर संसद मार्ग तक के इलाके को छावनी में बदल दिया गया है और भारी सुरक्षा बल तैनात हैं।
- यौन हमले के आरोपः जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान कुछ महिला पत्रकारों और प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार व यौन हमले के आरोप लगाए हैं। एनएसयूआई कार्यकर्ता पर है।

हुड्डा बोले

हम एफआईआर से डरने वाले नहीं

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी एफआईआर को लेकर कहा कि क्या वे इससे डरने वाले हैं? उन्होंने कहा कि वे सिर्फ लंच के लिए आए हैं और लंच करेंगे। हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि एक एफआईआर दर्ज हुई है, जिसमें उनका नाम भी शामिल है। कांग्रेस सांसद शफी परंबिल ने कहा कि प्रदर्शन जारी रहेगा।



बदले डीएमके के सुर

विरोध मार्च को दिया समर्थन, एकदम सही बताया



राहुल गांधी की मंगलवार को आलोचना करने के बाद अचानक से एक दिन बाद बुधवार को एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके ने यूटर्न ले लिया है। अब यह आलोचना समर्थन में बदल गई है। डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने कहा है कि अगर ऊंचे पद पर बैठे ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र विरोधी हैं, तो चुनाव निष्पक्ष कैसे हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि उन्हें हटाया जाना चाहिए।

सौरभ दास अचानक 'सिविल वॉर' वाली बात क्यों करने लगे



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरभ दास ने 10 अक्टूबर के जंतर-मंतर प्रदर्शन से पहले एक बड़ी आशंका जाहिर की है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे लोगों को दिल्ली में बुलाया जा रहा है जो प्रदर्शनाकारियों पर हमले कर सकते हैं। दास ने बंगाल से लोगों को भेजने जाने की सूचना मिलने का दावा करते हुए सरकार से यह सवाल भी कर दिया कि क्या वह देश में 'सिविल वॉर' चाहती है। सौरभ दास दिल्ली के प्रेस क्लब में कई छात्र संगठनों के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

जब तक सुधार नहीं, आंदोलन करते रहेंगे

सीजेपी एवं छात्र संगठनों ने बुधवार को सीईसी के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन का आह्वान किया। उन्होंने 10 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन से पहले कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक चुनावी व्यवस्था में व्यापक सुधार नहीं किया जाता।



नई दिल्ली। सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में पुलिस द्वारा हिरासतके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता बसों के ऊपर चढ़े?



गठबंधन के सांसद सीईसी के खिलाफ धरने के लिए जंतर-मंतर की ओर बढ़े,भाजपा का झंडा हटाया।



सीईसी के इस्तीफे की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी पुलिस वाहन में सवार हो गए।



कोलकाता। पुलिस ने कथित "वोट चोरी" के विरोध में 'लोक भवन घेराव' प्रदर्शन में शामिलों को उठती हुई।

खबर संक्षेप

ट्रक में जा घुसी कार, 4 खिलाड़ियों की मौत

लखनऊ। टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेलकर घर लौट रहे देवरिया के 4 खिलाड़ियों की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। ये मईल और लार थाना क्षेत्र के युवक थे। मृतकों में नित्यानंद, इरफान शामिल हैं।



अहमदाबाद के स्कूलों स्टेडियम को धमकी

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में बुधवार को करीब 10 निजी स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में पहुंचकर जांच शुरू की। हालांकि, तलाशी के दौरान किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।



होम लोन का ब्याज छिपाई तो 2.10 लाख का जुर्माना

चंडीगढ़। हरियाणा के उपभोक्ता आयोग ने बैंक ऑफ बड़ौदा को भारतीय सेना के एक अधिकारी को 2.10 लाख देने का आदेश दिया है। बैंक ने अधिकारी को ऐसी सुविधा की जानकारी नहीं दी जिससे होम लोन पर ब्याज का बोझ कम हो सकता था। अधिकारी ने लोन का बोझ कम करने की जानकारी मांगी थी।



सीमापुरी में 5 मंजिला इमारत गिरी, कई दबे

नई दिल्ली। दिल्ली के सीमापुरी इलाके में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया, इस दौरान यहां पर ईदगाह मछली मंडी के पास बनी एक पांच मंजिला इमारत गिर गई। इस में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस-प्रशासन की टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया।



सिलचर में बैलेट पेपर से चुनाव, कांग्रेस को 2 सीटें

गुवाहाटी। सभी विपक्षी पार्टियां बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। असम के सिलचर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में बैलेट पेपर से हुए चुनाव में एनडीए ने यहां 42 में से 34 सीटें जीती जबकि कांग्रेस को 2 सीटें मिलीं।



राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नई गाइडलाइन जारी की

डॉक्टर-अस्पतालों के लिए पॉलिसी बनाई गारंटीड इलाज व नंबर-1 डॉक्टर दावे बैन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिकित्सा पेशे की गरिमा को बनाएं

विज्ञापन, सोशल मीडिया प्रचार, पॉडकास्ट, वेबसाइट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक के लिए नियम तय



डॉक्टरों और अस्पतालों के प्रचार-प्रसार को लेकर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें डॉक्टरों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों के विज्ञापन, सोशल मीडिया प्रचार, पॉडकास्ट, वेबसाइट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक के लिए नियम तय किए गए हैं। गाइडलाइन का मकसद मरीजों को भ्रामक दावों से बचाना और चिकित्सा पेशे की गरिमा बनाए रखना है। डॉक्टर या अस्पताल अपने प्रचार में 'बेस्ट', 'नंबर-1', 'लीडिंग', 'मोस्ट ट्रस्टेड', 'टॉप' या 'नंबर वन स्पेशलिस्ट' जैसे दावे नहीं कर सकेंगे, जब तक इन दावों को स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से साबित न किया जा सके। इसी तरह 'गारंटीड इलाज' जैसे दावे करके मरीजों को आकर्षित करना भी प्रतिबंधित किया गया है। डॉक्टरों को अपने इलाज की सफलता दर या इलाज किए गए मरीजों की संख्या को इस तरह प्रचारित करने से भी रोक दिया गया है, जिससे चिकित्सा सेवा का व्यावसायिक प्रचार नजर आए।

मरीजों को जबरन लालच न दिखाएं

सोशल मीडिया और पॉडकास्ट भी दायरे में

आयोग ने विज्ञापन की परिभाषा को काफी व्यापक रखा है। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच, वेबसाइट, ब्लॉग, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, पॉडकास्ट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग, डिजिटल प्रचार और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक को शामिल किया गया है। डॉक्टर या अस्पताल सोशल मीडिया को विज्ञापन के नियमों से बाहर नहीं होंगे।

एआई से मरीज की नकली फोटो या आवाज बैन

नई गाइडलाइन का सबसे नया पहलू एआई से जुड़े प्रचार को लेकर है। आयोग ने कहा है कि एआई से तैयार या एआई की मदद से बनाई गई प्रचार सामग्री का इस्तेमाल मरीजों को गुमराह करने नहीं किया जा सकता।

मरीजों को डराकर इलाज बेचने पर भी रोक

डॉक्टरों को ऐसा प्रचार करने से भी रोका गया है जिससे मरीजों में किसी बीमारी या प्रक्रिया को लेकर अनावश्यक डर पैदा हो और उसके आधार पर इलाज या जांच की मांग बढ़े। मरीज जुटाने पर भी रोक रहेगी।

छूट, कूपन और कैशबैक देकर मरीज खींचने पर भी रोक

आयोग ने अस्पतालों और डॉक्टरों के लिए डिस्काउंट, सीमित समय के ऑफर, कूपन, उपहार, कैशबैक, रेफरल लाभ और मुफ्त प्रक्रिया जैसे तरीकों से मरीज आकर्षित करने पर भी रोक लगाई है। डॉक्टरों को पूरी तरह सार्वजनिक संवाद से नहीं रोका गया है। डॉक्टर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, जनस्वास्थ्य अभियान, अकादमिक चर्चा और बीमारी से जुड़ी शैक्षणिक सामग्री में हिस्सा ले सकते हैं, बशर्ते इसका इस्तेमाल अपने निजी क्लिनिक या सेवा का प्रचार करने, मरीज जुटाने या व्यावसायिक प्रचार के लिए न किया जाए। डॉक्टर टीवी, रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपने नाम के साथ बीमारी और जनस्वास्थ्य पर बातचीत भी कर सकते हैं, नियोक्ता संस्थान का प्रचार नहीं होना चाहिए।

नियमों की अनदेखी की तो होगी सजा और जुर्माना

आयोग ने साफ कहा है कि गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। इसमें रजिस्टर से निश्चित अवधि के लिए नाम हटाना या अन्य दंड और आर्थिक जुर्माना, जहां कानून इसकी अनुमति देता है, शामिल हो सकता है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश

पति से अनबन पर नहीं दे सकते गर्भपात की अनुमति, जीवन हक

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि मां की शारीरिक स्वायत्तता के साथ-साथ गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे को भी जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। ऐसे में पति-पत्नी के बीच सामान्य अनबन के आधार पर गर्भ में पल रहे बच्चे को समाप्त करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने गर्भपात की मांग में पत्नी की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी।



महिला नहीं देना चाहती थी जन्म

महिला का कहना था कि अब वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है। वह बेरोजगार है और बच्चे का पालन नहीं कर पाएगी। इसलिए उसे 20 सप्ताह के इस गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी जाए।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा

भारतीय पति की बांग्लादेशी पत्नी की एंट्री पर रोक सही

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिक की बांग्लादेशी पत्नी को भारत में प्रवेश देने से इनकार करने के इमिग्रेशन अधिकारियों के फैसले को सही ठहराया है। अदालत ने कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर महिला की भारत में एंट्री पर रोक उचित थी। पति की याचिका को खारिज कर दिया।

एक्स-1 वीजा पर आती थी भारत

कोर्ट को बताया गया कि शादी के बाद महिला भारतीय नागरिक की पत्नी के तौर पर मल्टीपल-एंट्री एक्स-1 वीजा के जरिए भारत आती-जाती थी। उसे आखिरी बार 25 सितंबर 2025 को वीजा जारी किया गया था, जो 24 सितंबर 2026 तक वैध था। महिला अप्रैल 2026 में बांग्लादेश गई थी। 23 अगस्त को लौटते समय इमिग्रेशन अधिकारियों ने प्रवेश नहीं दिया।

प्रदर्शन कर रहे छात्र असामाजिक नहीं, परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी व किसी भी गड़बड़ी से मुक्त हों

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्र असामाजिक तत्व नहीं हैं। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि सार्वजनिक भर्ती परीक्षाएं निष्पक्ष तरीके से और बिना किसी गड़बड़ी के आयोजित हों।

एमपीएससी परीक्षा पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा



ईमानदार प्रयास करना चाहिए

कोर्ट ने पुणे के कुछ निवासियों याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों और परीक्षा से जुड़े विवादों को लेकर पुणे में छात्रों और अन्य लोगों के जारी प्रदर्शन का मुद्दा उठाया गया था। पीठ ने कहा कि सरकार को लोगों और खासकर छात्रों का ऐसी परीक्षाओं में भरोसा बहाल करने के लिए ईमानदार प्रयास करना चाहिए।

उन्हें विरोध करने का अधिकार मिला

कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन छात्रों की शिकायतें हैं, उन्हें प्रदर्शन करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर छात्रों के पास अपनी बात रखने का कोई अवसर नहीं है और परीक्षा में कुछ गड़बड़ी हुई है, तो उन्हें विरोध करने का अधिकार है।

राजपाल को चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत

मैं भुगतान करने को चैयार छलका अभिनेता का दर्द, जहां चाहें भेज दें, मैं तैयार हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट से थोड़ी राहत मिली है। एक्टर बुधवार को खुद 1.15 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने जज को बताया कि वह बाकी के 85 लाख रुपए पुश्तैनी संपत्ति के खरीदार के जरिए जमा करेंगे और 13 अक्टूबर तक रकम दे देंगे। उसकी संपत्ति का संभावित खरीदार अनंत प्रकाश यादव न्यायालय में उपस्थित हैं और वे 85 लाख रुपए का भुगतान करने के इच्छुक हैं।

आपकी फिल्म की तरह आपका पैसा भी अता पता लापता है, गायबः सीजेआई

कोर्ट में सीजेआई और राजपाल के बीच हल्की-फुल्की बातचीत भी हुई। अभिनेता ने अपनी फिल्म 'अता पता लापता' से हुए आर्थिक नुकसान का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की वजह से उन्हें करीब 200 से 250 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सीजेआई ने मजाकिया अंदाज में कहा, आपकी फिल्म की तरह आपका पैसा भी अता पता लापता है, गायब।'



वाराणसी में नवीन ने विपक्ष पर साधा निशाना

घुसपैठियों के लिए लड़ रहा संपूर्ण विपक्ष शाहजादे लोग राजनीति में पीछे से आए

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को वाराणसी में कहा कि दिल्ली में राहुल गांधी असामाजिक तत्वों के मुद्दे पर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वे किसकी लड़ाई लड़ रहे हैं? मैं कांग्रेस के राज परिवार के सदस्यों को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि आपके परिवार के शाहजादे लोग राजनीति में पीछे से आए हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें जनता के सामने घोषित किया गया और जनता ने जनादेश देकर उन्हें दिल्ली के लाल किले तक पहुंचाया। असामाजिक तत्वों के साथ अराजकता का वातावरण विपक्ष के नेताओं द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

पीएम मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें जनता



युवा जॉब गिवर्स बन रहा हैः नितिन नवीन

नवीन ने कहा कि 12 साल में युवा जॉब गिवर्स बन रहा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना पीएम मोदी ने साकार किया। अंत्योदय के सपने को भी साकार किया। 20 वर्ष की पीएम की यात्रा पर नजर डालते हैं तो सेवा और समर्पण दिखता है।

प्रधानमंत्री मोदी इतिहास के निर्माता बने

नवीन ने बाइक सेवा यात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी इतिहास के निर्माता हैं, इतिहास के पन्नों को पलटने की क्षमता जो रखता है वही इतिहास का निर्माण कर सकता है। पहले की सरकारों ने गरीबी हटाने वाले गरीब को कमजोर किया। पीएम मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया। पीएम ने इतिहास रचने का काम किया। नेता प्रतिपक्ष को कहना चाहता हूं कि जो उनका मकसद है, वो भाजपा पूरी नहीं होने देगी।

राष्ट्रपति ने किया अटल टनल का दौरा

इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण, प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया

एजेंसी ▶▶ रोहतांग

देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में भी निर्बाध संपर्क होगा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को हिमाचल प्रदेश के रोहतांग स्थित सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अटल टनल का दौरा किया।उन्होंने सीमा सड़क संगठन के योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि संगठन के समर्पण और कठिन परिश्रम से निर्मित अटल टनल वैश्विक मानकों पर खरा उतरने वाला इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में भी निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने की भारत की तकनीकी क्षमता, दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

बीआरओ के जवानों की मेहनत काम आई



राष्ट्रपति ने टनल के निर्माण में जुटे बीआरओ के अधिकारियों और जवानों के समर्पण तथा मेहनत की सराहना की। पहाड़ की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में तैयार की गई यह सुरंग मनाली और लाहौल-स्पीति क्षेत्र के बीच संपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बनी है।

माता हिडिंबा की पूजा की, टहलीं भी

मनाली की पहाड़ियों पर बर्फबारी के कारण मौसम ठंडा हो गया है। दोपहर बाद तीन बजे मनाली में माता हिडिंबा के मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। मनाली मॉल रोड पर टहलीं।

सामरिक दृष्टि से यह बेहद अहम

अटल टनल सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और इसके निर्माण से मनाली वर्षभर लाहौल-स्पीति घाटी से जुड़ा रहता है। 9.02 किलोमीटर लंबी इस टनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2020 में किया था।राष्ट्रपतिके दौरे के दौरान मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ और लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

संत अर्चना और मुकुट पूजन के साथ गढ़ा रामलीला के 60वें मंचन महोत्सव का भव्य शुभारंभ

'नारद मोह' की लीला ने बांधा समां, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा रामलीला परिसर

हरिभूमि, जबलपुर।

धर्म, आस्था और भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपरा को संजोए श्री रामलीला समिति गढ़ा के 60वें मंचन महोत्सव का बुधवार रात भव्य एवं आध्यात्मिक शुभारंभ हुआ। संत अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत मुकुट पूजन के साथ शुरू हुए महोत्सव में श्रद्धा और उत्साह का ऐसा संगम देखने को मिला कि पूरा रामलीला परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। उद्घाटन अवसर पर संतों का आशीर्वाद, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति और रामभक्तों की बड़ी संख्या ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम में जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं मुख्य अतिथि राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि देवज्ञ पंडित अरुण शर्मा एवं अजेत प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। जगद्गुरु स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने विधि-विधान से मुकुट पूजन कर 60वें मंचन महोत्सव का शुभारंभ किया।



60 वर्षों की गौरवशाली परंपरा का उत्सव

श्री रामलीला समिति गढ़ा की छह दशक पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जगद्गुरु स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज की संत अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, निर्देशक एवं अध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित, राजेन्द्र प्यासी, राकेश पाठक, लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, हरीष मनोध्याय, नीलेश चौबे, हनुमंत सिंह रघुवंशी, भोलाराम खत्री, गनपत कोष्टा एवं राजेश परोहा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संतोष शुक्ला 'गुड्डू भैया' एवं नरेश पटेल का समिति की ओर से अभिनंदन किया गया।

रामलीला हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान : राकेश सिंह

मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि राष्ट्रधर्म और सनातन धर्म के मार्ग को प्रशस्त करते हुए समाज एवं राष्ट्र की सेवा करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन भारतीय संस्कृति और संस्कारों का आधार है। रामलीला जैसे आयोजन नई पीढ़ी को हमारी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने के साथ ही समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों का संदेश देते हैं। समिति के संचालक अशोक मनोध्याय ने स्वागत उद्बोधन में श्री रामलीला समिति गढ़ा की 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, धार्मिक गतिविधियों और सांस्कृतिक आयोजनों की जानकारी दी।

श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा और कर्तव्य का संदेश : स्वामी नृसिंहदेवाचार्य

जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य का अनुपम संदेश देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वे भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और सत्य एवं सनातन धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ें।

'नारद मोह' ने मोहा दर्शकों का मन

उद्घाटन समारोह के बाद 'नारद मोह' की मनोहारी लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय, सजीव संवाद और आकर्षक मंचन ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। लीला के भावपूर्ण प्रसंगों पर दर्शक मंत्रमुग्ध नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान रामभक्तों में खासा उत्साह रहा और परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंजता रहा।

श्रीराम जन्म और ताड़का वध की लीला आज

महोत्सव की अगली कड़ी में 8 अक्टूबर, गुरुवार को श्रीराम जन्म, विश्वामित्र आगमन एवं ताड़का वध की लीला का भव्य मंचन किया जाएगा। श्री रामलीला समिति गढ़ा ने समस्त रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान श्रीराम की पावन लीला के दर्शन एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार सकारात्मक : मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में कैट चेयरमैन सुनील अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष जितेंद्र पचौरी तथा जबलपुर अध्यक्ष राजीव बडेरिया शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रदेश में व्यापारियों के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विषयों तथा प्रदेश में व्यापार को और अधिक सुगम बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कैट द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय भारतीय व्यापार मेला तथा नवंबर में होने वाले कैट के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार व्यापारी वर्ग के हितों के लिए सदैव सकारात्मक रूप से कार्य करेगी तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना भी की।

नचिकेता कॉलेज में एनसीसी पिपिंग सेरेमनी



जबलपुर।

नचिकेता कॉलेज, विजयनगर में एनसीसी पिपिंग सेरेमनी का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में 1 एमपी बटालियन एनसीसी के कर्नल नितिन शर्मा एवं सूबेदार नारायण दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में कॉलेज की एनसीसी यूनिट के कैडेट्स को विभिन्न रैंक प्रदान की गईं। कर्नल नितिन शर्मा एवं कॉलेज प्रशासन ने कैडेट्स के कंधों पर रैंक लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कैडेट्स में उत्साह एवं गर्व का माहौल रहा। कर्नल नितिन शर्मा ने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के महत्व से अवगत कराते हुए जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. पी.आर. चंद्रा ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रजिस्ट्रार आर.एस. चंदेल ने भी कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं। सीटीओ शेख साहिल ने आभार व्यक्त किया।

राहुल गांधी की हिरासत के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला



बरेला। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी एवं युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मोदी, शाह एवं ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय यादव के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामजी रैकवार ने किया। रामजी रैकवार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है तथा वोट चोरी के मुद्दे पर उठाई जा रही आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा अन्याय के विरोध में धरना दिए जाने के बाद उनकी गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने यह प्रदर्शन किया। वरिष्ठ नेता अरविंद तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और राहुल गांधी के सम्मान के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आंदोलन को आगे बढ़ाने तथा जरूरत पड़ने पर जेल भरो आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन में नरेश पटेल, जहीर अहमद, विपिन झारिया, अनुराग पटेल, शेख सलीम, रोहित पटेल, सागर सिंह गौर, कपिल पटेल, रामकुमार नामदेव, भीम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवा संकल्प के साथ जनेकृविवि के 63वें स्थापना दिवस का भव्य समापन

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) के 63वें स्थापना दिवस के तहत सेवा संकल्प अभियान में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का भव्य समापन हुआ। स्वामी विवेकानंद सभागार में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह की अध्यक्षता में अंतर महाविद्यालयीन भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।



कुलपति डॉ. मिश्रा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को अपनी क्षमता निखारने का मंच प्रदान करते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर, नशामुक्ति रैली, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पोस्टर मेकिंग में सुधा नागरे प्रथम, ओजस्वी केवट द्वितीय एवं कु. मायूरी तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभा राठौर प्रथम, अक्षय खरे द्वितीय एवं सूर्यांश मिश्रा तृतीय रहे। विजेताओं सहित अन्य उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. स्वाती बारचे, डॉ. एस.के. प्यासी, डॉ. ए.के. जैन, डॉ. टी.आर. शर्मा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, वैज्ञानिक, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संस्कारधानी से 51 श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर रवाना



जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर से 51 श्रद्धालुओं का दल देवभूमि उत्तराखंड की पावन चारधाम यात्रा पर रवाना हुआ। सुप्रसिद्ध कथा व्यास रूपनारायण शास्त्री, आचार्य शिवकुमार एवं आचार्य हिमांशु के संरक्षण और मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा में अरविंद शर्मा, सुरेश पाठक, किंकर पाठक, एम.पी. दुबे, मनसुख लाल मिश्रा, अरुणा शर्मा, रचना सक्सेना, सुदामा ठाकुर, सुमन ठाकुर, सुरेखा, शकुन, नारायण पटेल एवं राम सरोज सहित 51 श्रद्धालु शामिल हैं।

जबलपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व पार्षद ठाणेश्वर महावर, राजेंद्र तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, मूरत ठाकुर, लेखराम, राज कनोजिया, राजेश चौबे, सुरेंद्र तिवारी एवं राकेश यादव ने तीर्थयात्रियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। श्रद्धालु यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ सहित ऋषिकेश व हरिद्वार के पवित्र स्थलों के दर्शन कर रहे हैं। 26 सितंबर को शुरू हुई यात्रा का समापन 10 अक्टूबर को जबलपुर वापसी के साथ होगा।

ड्यूटी के साथ पीड़ित मानवता की सेवा, ईपीएफओ में रक्तदान शिविर

जबलपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में ऑल इंडिया ईपीएफ कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) के सदस्यों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ड्यूटी के साथ पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश देते हुए 17 सदस्यों ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-1 एवं कार्यालय प्रभारी कैलाश चन्द्र जोशी के दिशा-निर्देश में हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-2 पारितोष कुमार, सहायक भविष्य निधि आयुक्त सुरेश कुमार ठाकुर, प्रवीन सिंह अधिकारी, उषा उकेय, अनिता दुबे, शर्मिला धुर्वे एवं भारती पटेल सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सहायक भविष्य निधि आयुक्त संदीप मिश्रा सहित कई कर्मचारियों ने पहली बार रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में राजेश कुमार कोष्टा, मनोज कुरेले, संदीप मिश्रा, हरिओम तिवारी, विपिन रजक, रितेश कोहली, रविन्द्र गंगभोज, अजय कुमार मीणा, समर पंकज गुप्ता, विजय कुमार कुशवाहा, छवि कुमार, सचिन कुमार कुशवाहा, श्रीराम भगत, सत्यम कुमार सिन्हा एवं योगेंशु पटेल सहित अन्य शामिल रहे। मेडिकल ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया। विशेष रूप से छवि कुमार ठाकुर ने 42वीं बार रक्तदान कर मिसाल कायम की। इस अवसर पर नियमित रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया।



विद्यार्थी-केंद्रित हो कार्यप्रणाली, कुलगुरु ने दिए समयबद्धता के निर्देश

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा ने नवीन शैक्षणिक सत्र की तैयारियों को लेकर अधिष्ठाताओं, निदेशकों एवं अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि का केंद्र विद्यार्थी होना चाहिए और उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने नवागत विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय स्तर पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करने तथा आगामी सप्ताह 'दीक्षारंभ' इंडक्शन कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। शिक्षण एवं अनुसंधान में नवाचार को बढ़ावा देने के साथ लंबित कार्यों का समयबद्ध निराकरण, अनुशासन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में आगामी दीक्षांत समारोह एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में कुलसचिव डॉ. राखी वैश्य सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



31वां राष्ट्रीय महिला अधिवेशन संपन्न, प्रीति पाली जैन बजाज बनीं राष्ट्रीय सचिव

पाटन। भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति का 31वां राष्ट्रीय महिला अधिवेशन अहिल्या की नगरी इंदौर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन में देशभर से करीब 6 हजार महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संगठन, संस्कार, संस्कृति, नारी शक्ति एवं सामाजिक समर्पण का संदेश दिया गया। मुनि पुंगव निर्यापक 108 श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया, जयपुर एवं राष्ट्रीय सचिव प्रीति पाली जैन बजाज, लाल बंगला जबलपुर को शपथ दिलाई गई। अधिवेशन में भोजन, आवास, पांडाल, स्वागत व्यवस्था के साथ सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजन में मनीषा सपना गोधा सहित गोधा परिवार के योगदान की सराहना की गई। पाटन की प्रीति पाली जैन बजाज को राष्ट्रीय सचिव का दायित्व मिलने पर पाटन, जबलपुर सहित आसपास के जैन समाज एवं महिला संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। वे स्वर्गीय रतनचंद बजाज की नातिन, धर्मचंद्र बजाज की पुत्री एवं समाजसेवी प्रशांत पाल बजाज एडवोकेट की बहन हैं।



कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग



मझौली। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पोला रोड तिराहा पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया एवं मतदाता सूची से संबंधित मुद्दों को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी और निर्वाचन व्यवस्था से संबंधित शिकायतों के समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन में नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समरसता भृगु औषधि वाटिका में कल होगा वृहद पौधरोपण

जबलपुर। समरसता सेवा संगठन द्वारा सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आगामी 9 अक्टूबर को लम्हेटाघाट के समीप घुघरा जलप्रपात स्थित समरसता भृगु औषधि वाटिका में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि संगठन द्वारा लगातार चौथे वर्ष प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण किया जा रहा है। इस वर्ष सर्व समाज की सहभागिता से समरसता भृगु औषधि वाटिका में विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा सेवा कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष संदीप जैन, अध्यक्ष पवन पांडे एवं सचिव मनोज सेठ ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पौधरोपण अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

आम सूचना

मैं उर्वशी दुबे उम्र 37 वर्ष पति स्व. श्री अमित दुबे निवासी आर/8, नजदीक कचनार गेट, वृन्दावन नगर विजय नगर जबलपुर म.प्र. आधार क्रं. 705648148470 शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करती हूँ। मेरे पति स्व. श्री अमित दुबे पिता श्री अनिल दुबे ने कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग का ठेकेदार पंजीयन प्रमाण पत्र अपनी फर्म भार्गवास कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर के नाम से बनवाया था जिसका पंजीयन क्रं.EC14163 श्रेणी - C, सवर्ग- CIVIL पंजीयन दिनांक 09/03/2016 है। मेरे पति स्व. श्री अमित दुबे ने नगर निगम की ठेकेदारी कार्य के दौरान सिक्योरिटी राशि जमा की थी। मेरे पति स्व. श्री अमित दुबे पिता श्री अनिल दुबे की मृत्यु दिनांक 24/09/2022 को हो चुकी है। स्व.श्री अमित दुबे की मै उर्वशी दुबे एक मात्र विवाहिता पत्नी हूं। मेरे पति स्व. श्री अमित दुबे की मृत्यु के बाद इनकी जो भी सिक्योरिटी डिपोजिट राशि नगर निगम जबलपुर मे जमा है वह राशि मुझ शपथकर्ती उर्वशी दुबे के पंजाब नेशनल बैंक शाखा विजय नगर जबलपुर खाता क्रं. 6222000100046580 IFSC-PUNB0622200 में प्रदान करने की कृपा करें। उक्त राशि मुझ उर्वशी दुबे को प्राप्त होने मे किसी संस्था या व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के अंदर अपर आयुक्त वित्त विभाग में आपत्ति दर्ज करावें। अतः राशि प्रदान करने हेतु शपथ पत्र पेश है।

जबलपुर
दिनांक :-07/10/2026

शपथकर्ता

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-39
दिनांक :- 06/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरविन्द साहू पिता स्व. श्री हरिप्रसाद साहू ने मकान नं. 487 वार्ड पं. मदन मोहन मालवीय कुल क्षेत्रफल 1265 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 3161 व.फु., भूतल 619 व.फु., 81 व.फु., 381 व.फु.Com., प्रथम तल 300 व.फु., 700 व.फु., द्वितीय तल 180 व.फु, 900 व.फु. शपथपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

निधन



श्री राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव- ब्राह्मण मोहल्ला, गढ़ा निवासी श्री राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे सौमित्र श्रीवास्तव के पिता तथा श्रीमती ममता श्रीवास्तव के पति थे। अंतिम यात्रा आज 12 बजे उनके निज निवास से तिलवारा घाट मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

श्रीमती सतनाम कौर साहनी- आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री बलजीत सिंह साहनी की धर्मपत्नी श्रीमती सतनाम कौर साहनी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रिंकी कुचबंधिया- कुचबंधिया मोहल्ला नेहरू वार्ड निवासी श्री राकेश कुचबंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती रिंकी कुचबंधिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री अनिल पैगवार- दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री अनिल पैगवार (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कमला बाई- कांचघर निवासी श्री शिव नाथ की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती स्मिता पोल- शक्ति नगर निवासी श्री नारायण पोल की धर्मपत्नी श्रीमती स्मिता पोल (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रणजी सिंह धौल- लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री रणजीत सिंह धौल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री नरेंद्र यादव- गली नं. 19, सदर निवासी श्री नरेंद्र यादव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती आकांछा यादव- भरतीपुर झूलेलाल मंदिर के पास निवासी श्री गणेश यादव की धर्मपत्नी श्रीमती आकांछा यादव (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री संजीव दास- मैत्री नगर महाराजपुर निवासी श्री विष्णुपाद दास के पुत्र श्री संजीव दास (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री किशन लाल वर्मा- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री किशन लाल वर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती पुष्पा यादव- जेडीए कॉलोनी घड़ी चौक विजयनगर निवासी श्री ओमचंद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा यादव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पुष्पा चौधरी- शंकर चौक मदार टेकरी निवासी श्री पूरन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री बल्देव सिंह ठाकुर- पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री बल्देव सिंह ठाकुर (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजकुमार जैन- बड़ा फुहारा निवासी श्री राजकुमार जैन (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मोक्षधाम में किया गया।

श्री प्रदीप यादव- छापर रामपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री सतीश यादव के पुत्र श्री प्रदीप यादव (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती श्यामा बाई प्रजापति- सिद्धबाबा वार्ड आशा चक्की के पास निवासी श्री राम प्रसाद प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई प्रजापति (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती अनीता उसरेठे- ढीमरखेड़ा कटनी निवासी श्री प्रहलाद उसरेठे की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता उसरेठे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रवींद्र ठाकुर- सिद्धबाबा वार्ड चाचा किराना के पास निवासी श्री रवि ठाकुर के पुत्र श्री रवींद्र ठाकुर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री सुशील कुमार दुबे- रांझी बापू नगर निवासी श्री शिव प्रसाद दुबे के पुत्र श्री सुशील कुमार दुबे (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री किशन लाल सोनकर- दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री किशन लाल सोनकर (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले वैदबाण आयुर्वेदिक के एम.डी सुभाष गोयल

नयी दिल्ली। वैदबाण आयुर्वेदिक के एम.डी. सुभाष गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस खास मौके पर उनकी बेटी डॉ. मिशेल गोयल भी उनके साथ मौजूद रहीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुर्वेद और भारतीय पारंपरिक जीवनशैली को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया।



राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात के दौरान आयुर्वेद, भारतीय खान-पान और पुराने समय की स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े कई विषयों पर बातचीत हुई। चर्चा में भारतीय रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसालों, पारंपरिक भोजन और दैनिक जीवन में प्राकृतिक चीजों के इस्तेमाल पर बातचीत हुई। इस दौरान मटके का पानी पीने, दादी-नानी के घरेलू नुस्खों और पुराने समय की जीवनशैली जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बातचीत में इस बात पर जोर दिया गया कि हमारी पुरानी और प्राकृतिक जीवनशैली में स्वास्थ्य से जुड़ी कई अच्छी बातें हैं, जिन्हें आज की पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। सुभाष गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलना और उनके हाथों सम्मान प्राप्त करना उनके और उनके परिवार के लिए बहुत गर्व और खुशी का पल है। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्वेद और हमारी पारंपरिक जीवनशैली में स्वास्थ्य से जुड़ा बहुत पुराना और उपयोगी ज्ञान मौजूद है। इसे लोगों तक पहुंचाना उनकी कोशिश है। डॉ. मिशेल गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति जी द्वारा भारतीय परंपराओं और आयुर्वेद से जुड़े विषयों में रुचि दिखाना सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमें अपनी पुरानी अच्छी आदतों और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की जरूरत है। राष्ट्रपति भवन में हुई यह मुलाकात सुभाष गोयल और उनके परिवार के लिए एक यादगार अवसर रही। इस अवसर ने भारतीय आयुर्वेद और पारंपरिक जीवनशैली को आगे बढ़ाने के प्रयासों को भी नई प्रेरणा दी।

एयरटेल पोस्टपेड ग्राहकों को अब साल में एक बार मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग

नई दिल्ली। भारती एयरटेल ने नए पोस्टपेड प्लान लॉन्च किए हैं, जिनमें ग्राहकों को साल में एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान मुफ्त रोमिंग का लाभ मिलेगा। यह सुविधा 8 अक्टूबर 2026 से उपलब्ध होगी। मुफ्त रोमिंग पैक में 5 जीबी डेटा, 60 मिनट कॉलिंग, 25 आउटगोइंग एसएमएस और इनकमिंग एसएमएस की सुविधा पांच दिन के लिए मिलेगी। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार इस पांच दिवसीय पैक को एक्टिवेट कर सकेंगे। फैमिली पोस्टपेड प्लान में शामिल प्रत्येक सदस्य को भी यह लाभ मिलेगा। कंपनी के अनुसार नए प्लान में अनलिमिटेड डेटा, 5जी पर फास्ट लेन तकनीक और स्पैम व धोखाधड़ी वाले लिंक से नेटवर्क स्तर की सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा ग्राहकों को मनोरंजन सब्सक्रिप्शन और एयरटेल पोस्टपेड एडवांटेज क्लब के तहत कॉमेडी शो, फिल्म प्रीमियर एवं कॉन्सर्ट जैसे विशेष अनुभवों का लाभ मिलेगा। मौजूदा ग्राहक एयरटेल ऐप या नजदीकी स्टोर से नए प्लान में अपग्रेड कर सकेंगे। नए ग्राहक भी ऐप या स्टोर के माध्यम से पोस्टपेड सेवा ले सकेंगे।

अडानी फाउंडेशन की मदद से कटनी के शिवांश का सीआरपीएफ में चयन



कटनी। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद सरकारी नौकरी का सपना देखने वाले गुढ़गड़ौहा गांव निवासी शिवांश तिवारी का सपना अडानी फाउंडेशन और जिला प्रशासन के सहयोग से साकार हुआ। एसीसी कैमोर की सीएसआर पहल के तहत संचालित भारत निर्माण कोचिंग क्लासेस में शिवांश को एसएससी-जीडी परीक्षा की निःशुल्क तैयारी का अवसर मिला।

कोचिंग में विशेषज्ञ मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और नियमित मॉक टेस्ट के माध्यम से शिवांश ने अपनी तैयारी को मजबूत किया। उन्होंने वर्ष 2025 में आयोजित एसएससी-जीडी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। जनवरी 2026 में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेले में उन्हें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कांस्टेबल पद का नियुक्ति पत्र मिला।

शिवांश की सफलता आर्थिक रूप से सीमित परिवारों के युवाओं के लिए प्रेरणा बनी है। अडानी फाउंडेशन के अनुसार, सामुदायिक विकास कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, कौशल एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उनकी आकांक्षाओं को सफल करियर में बदलना है। शिवांश ने उपलब्ध अवसर और मार्गदर्शन का लाभ उठाकर राष्ट्रसेवा की दिशा में कदम बढ़ाया है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सिवनी में सनब्रिज बायोएनर्जी के 300 केएलडी प्लांट से इथेनॉल उत्पादन शुरू



सिवनी। सनब्रिज ग्रुप की बायोएनर्जी शाखा सनब्रिज बायोएनर्जी लिमिटेड ने सिवनी स्थित अपने अनाज आधारित फ्यूल-ग्रेड इथेनॉल प्लांट में व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है। 300 किलोलीटर प्रतिदिन (केएलडी) क्षमता वाले इस प्लांट की भंडारण क्षमता 11 हजार किलोलीटर है और यह करीब 1,17,560 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित है।कंपनी के अनुसार प्लांट में मक्का और टूटे चावल समेत अनुपयोगी खाद्यान्न से इथेनॉल तैयार किया जाएगा। उत्पादन के साथ डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स विद सॉल्युबल्स (डीडीजीएस) और डिस्टिलर्स कॉर्न ऑयल जैसे सह-उत्पाद भी तैयार होंगे, जिनका उपयोग मुख्यतः पशु एवं पोल्ट्री आहार में किया जाता है। प्लांट में पानी की रिकवरी एवं पुनः उपयोग की व्यवस्था के साथ जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली अपनाई गई है। सनब्रिज ग्रुप के फाउंडर एवं चेयरमैन अनुज अग्रवाल ने कहा कि सिवनी प्लांट की शुरुआत कंपनी की बायोएनर्जी यात्रा में महत्वपूर्ण कदम है। रायपुर में प्रस्तावित 400 केएलडी प्लांट शुरू होने के बाद कंपनी की कुल इथेनॉल उत्पादन क्षमता 700 केएलडी हो जाएगी।

फ्लिपकार्ट का बिग बिलियन डेज कल से

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट का 13वां बिग बिलियन डेज 9 अक्टूबर से शुरू होगा। ग्राहकों के लिए शुरुआती पहुंच 8 अक्टूबर से उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार, इस बार रिकॉर्ड संख्या में विक्रेता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और कारीगर त्योहारी बिक्री में हिस्सा ले रहे हैं। अभियान के तहत करीब 15 करोड़ उत्पाद उपलब्ध होंगे।

वार्षिक फेस्टिव बोनांजा ऑफर फिर शुरू

मुंबई। आईसीआईसीआई बैंक ने त्योहारी सीजन को देखते हुए अपने वार्षिक 'फेस्टिव बोनांजा' ऑफर की फिर शुरुआत की है। इसके तहत खरीदारी, यात्रा और जीवनशैली से जुड़े प्रमुख ब्रांड्स पर ग्राहकों को छूट, कैशबैक और आसान किस्तों का लाभ मिलेगा। ग्राहक बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कार्डरहित ईएमआई और बिना ब्याज वाली ईएमआई के माध्यम से इन ऑफर का लाभ उठा सकेंगे। फ्लिपकार्ट की 'बिग बिलियन डेज' बिक्री 8 अक्टूबर 2026 से शुरू हो गई।

नई स्लेविया की कीमत 9.99 लाख से शुरू, अगले सप्ताह से डिलीवरी



मुंबई। स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई स्लेविया की कीमतों की घोषणा कर दी है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये है और डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरू होगी। भारत के लिए विशेष रूप से तैयार एमक्यूबी-ए0-आईएन प्लेटफॉर्म पर आधारित नई स्लेविया छह वेरिएंट—क्लासिक, क्लासिक+, सिग्नेचर, स्पोर्टलाइन, प्रेस्टीज़ और मोन्टे कॉर्लो में उपलब्ध होगी। कार में 1.0 टीएसआई इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल और नया 8-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया गया है, जबकि 1.5 टीएसआई इंजन 7-स्पीड डीएसजी के साथ मिलेगा। नई स्लेविया में एलईडी हेडलाइट्स-टेललाइट्स, नए अलॉय व्हील, 360-डिग्री कैमरा, पार्क पायलट और पीछे की सीटों के लिए मसाज सुविधा जैसे फीचर्स शामिल हैं। सुरक्षा के लिए छह एयरबैग समेत 25 से अधिक सुरक्षा सुविधाएं मानक रूप से दी गई हैं। कंपनी के अनुसार कार को 5-स्टार ग्लोबल एनकैप सुरक्षा रेटिंग प्राप्त है। स्कोडा सूपर केयर के तहत 4 साल या एक लाख किलोमीटर की वारंटी भी मिलेगी।

एनएसई ने निवेशकों को किया अलर्ट

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने निवेशकों को कुछ टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से दी जा रही शेयर बाजार संबंधी सलाह और गारंटीड रिटर्न के दावों से सावधान रहने की सलाह दी है। एनएसई के अनुसार, 'जैकपॉट ट्रेडिंग निफ्टी' नामक टेलीग्राम चैनल और @ पूंजीगत लाभ 25 हैंडल के जरिए निवेश संबंधी टिप्स, गारंटीड रिटर्न आदि।

कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
शुक्ला ग्राउंड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001 दूरभाष एवं फैक्स नंबर:- 07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in Commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईट:- Chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/4105/लोनिवि/नपानि/2026-27 - **प्रथम निविदा सूचना-** छिन्दवाड़ा दिनांक 05/10/2026

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_540928_1 Dated 07/10/2026	वार्ड क्रमांक 31 में अजीम भाई के घर से आघा भाई किराना दूकान तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1. 936734 2. 3 माह	1. 2000 2. 9368	23/10/2026

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा

सैमसंग का नया कैसट एयर कंडीशनर लांच

नई दिल्ली। सैमसंग ने प्रीमियम घरों और व्यावसायिक जगहों के लिए नई इन्फिनिट वन-वे कैसट एयर कंडीशनर श्रृंखला पेश की है। इसमें आरामदायक ठंडक, स्मार्ट तकनीक और आकर्षक डिजाइन का संयोजन किया गया है। नए एयर कंडीशनर में परिवेशीय किनारी रोशनी के साथ नौ मनोदशा आधारित प्रकाश विकल्प दिए गए हैं। एयर कंडीशनर में वाइड विंडफ्री तकनीक दी गई है। इसके 17,200 सूक्ष्म छिद्रों के जरिए तेज हवा के झोंके के बिना ठंडक पहुंचाई जाती है।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कटनी
संभाग कटनी एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति कटनी, कलेक्टोरेट परिसर, जिला कटनी (म.प्र.)

क्रमांक 2160/निविदा/2026-27 **प्रेस नोट** कटनी, दिनांक 30/09/2026

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 31 (2026-27)

जिला वॉश तकनीकी समिति, कटनी द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन- संधारण एवं प्रबंधन) नियम, 2026 की कंडिका 12 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण नल जल योजनाओं के वृहद मरम्मत, रख-रखाव एवं स्त्रोत तथा पाइप लाइन विस्तार कार्यों हेतु कंडिका 14 के अंतर्गत प्रदत अधिकारों के अंतर्गत एजेंसियों को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (empanel) करने के लिए पात्र आवेदकों से निर्धारित समयसीमा अनुसार ऑनलाईन http://mptenders.gov.in पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नम्बर	जिले का नाम	जिले में जनपद पंचायतों के नाम	सूचीबद्धता शुल्क (रु.)	निविदा दस्तावेज शुल्क (रु.)	सूचीबद्धता की अवधि (माह)
1	2026_RES_2026_RES_539884	कटनी	कटनी, रीठी, बडवारा, वि.गढ़, बहोरीबंद, ढीमरखेडा	50,000	1,000	24 माह

कण्डिका (1) निविदा संबंधी समयसारणी

क्र.	विवरण	प्रारंभ का दिनांक समय	अंतिम दिनांक/समय
1	निविदा क्रय करने की तिथी	12.10.2026 10.00am	21.10.2026 05.30pm
2	निविदा संबंधी दस्तावेज ऑन लाईन जमा की तिथी	12.10.2026 10.00am	21.10.20260 05.30pm
3	निविदा संबंधी तकनीकी दस्तावेज का परीक्षण की तिथी	23.10.2026 10.00am	
4	प्री-बिड मीटिंग स्थल ग्रा.या. से. संभाग कटनी	14.10.2026 12am	

तकनीकी प्रस्ताव दिनांक 23.10.2026 प्रातः 10.00 से इस कार्यालय में खोले जावेगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु विस्तृत निविदा व अन्य विवरण http://mptenders.gov.in वेबसाईट पर एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न कर निर्धारित समयसारणी अनुसार निविदा की आन-लाईन प्रकिया पूर्ण करें वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। ई-निविदा जारी होने के बाद अगर निविदा में कोई संशोधन किया जाता है, तो प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की जावेगी, संशोधन केवल शासकीय पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आन-लाईन ही जारी किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी
एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति जिला-कटनी

G-19616/26 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर

एनआईटी नं.-10/2028/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/2026 जबलपुर दिनांक 07.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	मौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_541252_1	जिला सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले के अंतर्गत गणेशगंज-लामटा-सुनवारा से देवरी टीका मार्ग आमंत्रण के 11/4 किलोमीटर पर सुनवारा नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण	प्रथम आमंत्रण	रू. 223.37 लाख	समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा किये जावेगे
2	2026_PWDRB_541253_1	जिला सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले के अंतर्गत गणेशगंज-लामटा-सुनवारा से पिण्डरई - देवरीटीका मार्ग के 16/4 किलोमीटर पर गंडा नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण	प्रथम आमंत्रण	रू. 353.55 लाख	
3	2026_PWDRB_541257_1	जिला सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले के अंतर्गत गणेशगंज लामटा सुनवारा पिण्डरई से देवरीटीका मार्ग के 19/2 किलोमीटर पर मझगवां टोला नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण	प्रथम आमंत्रण	रू. 450.99 लाख	
4	2026_PWDRB_541310_1	जिला सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले के अंतर्गत गणेशगंज-लामटा-सुनवारा से पिण्डरई-देवरीटीका मार्ग के 22/2 किलोमीटर पर श्मशान घाट नाला पर बाक्स टाइप उच्चस्तरीय पुल निर्माण	प्रथम आमंत्रण	रू. 140.30 लाख	

उपरोक्त वेबसाईट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27.10.2026 शाम 18.00 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑन लाईन प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर

G-19640/26 "स्वच्छता ही सेवा"

शब्द पहेली - 6371



बाएँ से दाए
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, तुल्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदारी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतना, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

ऊपर से नीचे
1. तराजू डंडा, गसा-2
2. पराजित करना-3
3. बड़ा लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2, 3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

शब्द पहेली - 6370 का हल



सूडोकु नवताल - 6381

★☆☆☆☆ सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6380 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
6	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 हक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए, हम क्या आहार ले रहे हैं, इसकी गुणवत्ता पोषण पर भी ध्यान देना जरूरी है। जानिए ऐसी डाइट के बारे में, जिससे आप रहेंगे मेंटली हेल्दी।

वर्ल्ड मेंटल हेल्थ-डे
10 अक्टूबर, स्पेशल

तन ही नहीं मन पर भी पड़ता है डाइट का असर

डाइट सजेशन
संध्या रानी



हम जो भी भोजन खाते हैं, उसका असर केवल हमारे शरीर पर ही नहीं, बल्कि हमारे मस्तिष्क और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। संतुलित और पौष्टिक भोजन शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ मस्तिष्क के सामान्य काम-काज, अच्छी नींद और मूड को अच्छा बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट: भोजन में ओट्स, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजरा और साबुत अनाज जैसे कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट शामिल करने से इनका पाचन धीरे-धीरे होता है और रक्त में ग्लूकोज का स्तर अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। रक्त शर्करा का स्तर अचानक कम होने पर चिड़चिड़ापन और घबराहट जैसी भावनाएं बढ़ सकती हैं। इसके विपरीत, स्थिर ग्लूकोज स्तर शरीर को लगातार ऊर्जा देने में मदद करता है। साथ ही, कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में भी भूमिका निभा सकता है। सेरोटोनिन फील-गुड हार्मोन है, जो मूड तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



प्रोबायोटिक-फर्मेंटेड फूड्स: पारंपरिक भारतीय खाद्य पदार्थ जैसे दही, इडली, डोसा, अचार और छाछ प्रोबायोटिक्स से भरपूर होते हैं। आंतों में मौजूद अच्छे जीवाणु लगभग 90 प्रतिशत सेरोटोनिन नामक यौगिक के उत्पादन में योगदान देते हैं। जब आंतों का सूक्ष्मजीव समुदाय संतुलित रहता है, तो यह तनाव, चिंता और मानसिक थकान जैसे लक्षणों को बेहतर ढंग से संभालने में शरीर का सहयोग कर सकता है।

ओमेगा-3 फैटी एसिड: मछली में पाया जाने वाला ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क की कोशिकाओं की झिल्ली की संरचना और उनके सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शरीर में ओमेगा-3 की कम मात्रा और डिप्रेशन के लक्षणों के बीच संबंध देखा गया है। इसलिए आहार में पर्याप्त मात्रा में ओमेगा-3 शामिल करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी हो सकता है। शाकाहारी लोग अखरोट, अलसी के बीज और चिया सीड्स से ओमेगा-3 प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रिप्टोफैन युक्त फूड्स: अंडे, दूध, पनीर, केला और कद्दू के बीज जैसे खाद्य पदार्थों में ट्रिप्टोफैन (अमीनो एसिड) पाया जाता है। ट्रिप्टोफैन शरीर में सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि रात के भोजन में ट्रिप्टोफैन युक्त खाद्य पदार्थों को संतुलित मात्रा में शामिल किया जाए, तो वे अच्छी नींद और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। मैग्नीशियम की कमी से मांसपेशियों में जकड़न, थकान और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मेथी, पालक, कद्दू के बीज, बादाम और डार्क चॉकलेट जैसे मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थ शरीर को मैग्नीशियम की आवश्यक मात्रा प्राप्त करने में मदद करते हैं। मैग्नीशियम तंत्रिका तंत्र के सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तनाव से जुड़ी शरीर की प्रक्रियाओं को संतुलित रखने में भी सहायक हो सकता है।

विटामिन डी: अंडे की जर्दी, मशरूम और फोर्टिफाइड दूध विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन डी की कमी मौसमी तनाव और लगातार उदासी की भावना से जुड़ी हो सकती है। सुबह की धूप के साथ-साथ इन खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना विटामिन डी की पूर्ति के लिए एक अच्छा विकल्प है।

एंटीऑक्सीडेंट युक्त फल-सब्जियां: नियमित रूप से अपने भोजन में रंग-बिरंगे फल और सब्जियों को शामिल करना मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक स्थिरता बनाए रखने में मददगार साबित हो सकता है। जामुन, संतरा, अनार, टमाटर और शिमला मिर्च जैसे रंगीन फल और सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। ये शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने और मस्तिष्क की कोशिकाओं की रक्षा करने में मदद करते हैं। ये विटामिन मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक हैं। *

(डाइटिशियन डॉ. अंशु चौहान से बातचीत पर आधारित)

पूरी तरह हेल्दी रहने के लिए केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहना जरूरी होता है। आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरी जीवनशैली में अनेक लोग चिंता, अवसाद और तनाव जैसी मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इन समस्याओं के कारण क्या हैं, इनकी पहचान कैसे होती हैं और इनका उपचार कैसे कर सकते हैं?

फिजिकल की तरह ही इंपॉर्टेंट है मेंटल हेल्थ

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. अपर्णा रामकृष्णन
सीनियर साइकिएट्रिस्ट
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव, चिंता और भावनात्मक थकान बहुत कॉमन हो गए हैं। काम का दबाव, पढ़ाई से जुड़ी जिम्मेदारियां, आर्थिक चिंताएं, रिश्तों में कठिनाइयां, नींद की कमी और लगातार डिजिटल दुनिया से जुड़े रहना धीरे-धीरे व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कभी-कभार होने वाला तनाव कठिन परिस्थितियों के प्रति शरीर और मन की सामान्य प्रतिक्रिया है, लेकिन यदि भावनात्मक परेशानी लगातार बनी रहे तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

तनाव जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन जब यह लगातार बना रहे और व्यक्ति की नींद, भूख, एकाग्रता, रिश्तों या काम और दैनिक जीवन में सामान्य रूप से कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करने लगे, तो डॉक्टर से कंसल्ट करने की आवश्यकता हो सकती है।

अपनाएं बैलेंस्ड लाइफस्टाइल

अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पहला कदम स्वस्थ दैनिक आदतें विकसित करना है। नियमित समय पर सोना-जागना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, संतुलित भोजन करना, पर्याप्त आराम करना और अपने शौक के लिए समय निकालना भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है। परिवार और दोस्तों के संपर्क में रहना तथा अपनी भावनाओं के बारे में खुलकर बातचीत करना अकेलेपन की भावना को भी कम कर सकता है। यह पहचानना भी बहुत जरूरी है कि रोजमर्रा का तनाव कहीं गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या का रूप तो नहीं ले रहा है।

हार्मफुल है अधिक चिंता करना

चिंता का असर मन और शरीर दोनों पर पड़ सकता है। लगातार चिंता करते रहना, बेचैनी, चिड़चिड़ापन, ध्यान लगाने में परेशानी, नींद खराब होना तथा लगातार डर या घबराहट महसूस होना रोजमर्रा की जिंदगी में बाधा डाल सकता है।

कुछ लोगों में इसके शारीरिक लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं, जैसे- दिल की धड़कन तेज होना, अधिक पसीना आना, मांसपेशियों में तनाव या थकान, मुंह का सूखना, सीने में जकड़न, गला घुटने जैसा महसूस होना, ऐसा लगना कि ठीक से सांस नहीं ले पा रहे हैं।



हालांकि हर बार चिंता या घबराहट होना एंग्जाइटी डिसऑर्डर (चिंता संबंधी विकार) का संकेत नहीं होता। लेकिन जब चिंता बार-बार होने लगे, बहुत ज्यादा बढ़ जाए, व्यक्ति को काफी मानसिक परेशानी देने लगे या उसके काम, पढ़ाई, रिश्तों अथवा दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करने लगे, तो किसी योग्य मनोचिकित्सक या क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट से जांच/सलाह लेना महत्वपूर्ण है।

डिप्रेशन को समझना है जरूरी

आज के दौर में डिप्रेशन (अवसाद) एक सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है, जिसे कई बार पहचाना नहीं जा पाता। यह केवल कुछ समय के लिए उदास रहने या किसी काम को करने की इच्छा न होने तक सीमित नहीं होता है। डिप्रेशन व्यक्ति के सोचने और महसूस करने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। वह अपने बारे में, अपने आस-पास की परिस्थितियों के बारे में और अपने भविष्य के बारे में किस तरह सोचता है। इसका असर नींद, काम और दूसरे लोगों के साथ बातचीत पर भी पड़ सकता है।

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षण

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-दिन के अधिकांश समय उदासी या खालीपन महसूस होना। उन गतिविधियों में रुचि या आनंद कम हो जाना, जिनमें पहले खुशी मिलती थी। ऊर्जा की कमी महसूस होना। लोगों से बातचीत करने में रुचि कम होना। नींद या भूख में बदलाव होना। ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई महसूस होना। अपराधबोध या खुद को बेकार समझना। निराशा और असहायता की भावना। मृत्यु की इच्छा या आत्महत्या के विचार आना। इनके अलावा कुछ लोग परिवार और दोस्तों से दूरी बनाने लगते हैं या उन गतिविधियों को करना बंद कर देते हैं, जिनका वे पहले आनंद लेते थे। डिप्रेशन कभी-कभी बिना किसी स्पष्ट कारण के शरीर में दर्द, जल्दी चिड़चिड़ापन या नशीले पदार्थों के सेवन में बढ़ोतरी के रूप में भी दिखाई दे सकता है।

डिप्रेशन का ट्रीटमेंट

डिप्रेशन को केवल एक दौर या ऐसी चीज समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिसे व्यक्ति बस अपनी इच्छा से ठीक कर सकता है। जब लक्षण लगातार बने रहें और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगें, तो एक्सपर्ट डॉक्टर की गाइडेंस जरूरी है। डिप्रेशन का इलाज संभव है और समय पर उपचार शुरू करने से महत्वपूर्ण फर्क पड़ सकता है। डिप्रेशन का उपचार हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है। इसमें साइकोथेरेपी, जीवनशैली में बदलाव और जरूरत के अनुसार दवाएं शामिल हो सकती हैं। अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लक्षणों का मूल्यांकन करके उचित उपचार का सुझाव दे सकते हैं।

ऐसे करें मेंटल हेल्थ केयर

अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी नियमित ध्यान देने की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह जैसे हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। इसके लिए पर्याप्त नींद लेना, सक्रिय रहना, अच्छे और महत्वपूर्ण रिश्तों को बनाए रखना, अपने लिए वास्तविक और उचित अपेक्षाएं रखना तथा आराम करने और तनाव कम करने के लिए समय



निकालना भावनात्मक रूप से सशक्त करने में मदद कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हेल्थ के लिए मदद मांगना कमजोरी की निशानी नहीं है। यह पहचानना कि कुछ ठीक नहीं है और किसी योग्य विशेषज्ञ से सहायता लेना सुधार और स्वस्थ होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या को शुरुआती स्तर पर पहचानने और मनोचिकित्सक से परामर्श लेने पर लोग तनाव और चिंता को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं। इसी तरह डिप्रेशन का उचित उपचार लेना और रोजमर्रा की जिंदगी की चुनौतियों से निपटने के स्वस्थ तरीके विकसित करना सीख सकते हैं। इससे आप मेंटली हेल्दी रहेंगे। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



कब लें साइकिएट्रिस्ट से सलाह

किसी भी तरह की मानसिक समस्या के बारे में डॉक्टर से कंसल्ट करने के लिए लक्षणों के बहुत गंभीर होने तक इंतजार करना जरूरी नहीं है। यहां बताई जा रही स्थितियां भी मनोचिकित्सक से बात करने के लिए पर्याप्त हो सकती हैं।

- अगर आप अपने मूड, नींद या भूख में लगातार बदलाव महसूस करते हैं।
- अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को संभालने में कठिनाई महसूसते हैं।
- अपने करीबी लोगों से दूरी बनाने लगना।
- हर समय बेवजह बहुत ज्यादा या नियंत्रण से बाहर लगने वाली चिंता।
- पहले पसंद आने वाली गतिविधियों में रुचि खत्म हो जाना।
- यदि किसी व्यक्ति को खुद को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या के विचार आ रहे हों, तो तुरंत मनोचिकित्सक से मदद लेनी चाहिए।

डिजीज
डॉ. जे. रावत
सीनियर फिजीशियन, दिल्ली

कहीं चोट न बन जाए जानलेवा सेप्सिस

अकसर लोग मामूली चोट को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कई बार छोटी सी चोट भी सेप्सिस में बदल जाती है और जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए इसके बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है। सेप्सिस के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में बहुत उपयोगी सलाह।



सेप्सिस या सेप्टिसीमिया सीवियर मेडिकल स्थिति है, जो छोटी-सी चोट या घाव से शुरू हो सकती है। जिस पर ध्यान न देने पर यह जानलेवा हो सकती है। सेप्सिस में हमारा शरीर किसी इंफेक्शन के प्रति इम्यून रिएक्शन देने लगती है। इसकी वजह से शरीर अपने ही टिश्यूज को डैमेज करने लगता है यानी खुद को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

असल में हमें किसी तरह का इंफेक्शन (फंगल, वायरल, बैक्टीरियल) होता है, तब हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम उस इंफेक्शन के खिलाफ रि-एक्शन करता है। इस रि-एक्शन के दौरान शरीर कई तरह के एंजाइम्स या प्रोकैल्सिटोनिन प्रोटीन रिलीज करता है, जो आमतौर पर शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं। लेकिन सेप्सिस की स्थिति में शरीर का इम्यून सिस्टम इन एंजाइम्स को ठीक तरह रिस्पांड नहीं कर पाता या कंट्रोल से बाहर हो जाता है। यह रिएक्शन इतना बढ़ जाता है कि शरीर अपने ही अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

सेप्सिस की एडवांस स्टेज को सेप्टिक शॉक मल्टीऑर्गन फेलियर कहा जाता है। इसमें इंफ्लामेटरी रिस्पांस की वजह शरीर में डिहाइड्रेशन होना शुरू हो जाता है, ब्लड सर्कुलेशन में बदलाव आने लगता है, मरीज का ब्लड प्रेशर बहुत कम हो जाता है। इस कॉम्प्रोमाइज सर्कुलेटरी सिस्टम के कारण शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन ठीक तरह से नहीं पहुंच पाती। जिसका असर फेफड़ों, हार्ट, किडनी जैसे अंगों पर पड़ता है। शरीर में शॉक और मल्टीऑर्गन फेलियर जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मरीज की मौत भी हो सकती है।

क्या कहते हैं आंकड़े: एक रिपोर्ट के हिसाब से पूरे एशिया में भारत सेप्सिस से होने वाली मौतों (तकरीबन 34 प्रतिशत) में दूसरे नंबर पर आता है। आईसीयू में भर्ती लोगों को इसका ज्यादा खतरा होता है। विडंबना है कि इसके बारे में लोगों में जागरूकता की कमी है और इसकी वजह से लाखों लोगों को जान गंवानी पड़ती है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में हर 3 सेकेंड में किसी एक व्यक्ति की सेप्सिस से मौत हो जाती है।

क्या है कारण: शरीर में अधिकतर इंफेक्शन सेप्सिस की वजह बन सकते हैं जैसे- निमोनिया, यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन, एब्डोमन इंफेक्शन, स्किन इंफेक्शन, मेनेंजाइटिस ब्रेन इंफेक्शन। कभी-कभी छोटी-सी चोट लगने, खरोंच आने, कटने, कीड़े के काटने पर भी सेप्सिस हो सकता है। अगर वो इंफेक्शन समय रहते ठीक न हो, तो बैक्टीरिया पूरे शरीर में फैल सकते हैं और सेप्सिस इंफेक्शन विकसित हो सकता है।

क्या हैं लक्षण: तेज बुखार आना, ब्लड प्रेशर में बार-बार उतार-चढ़ाव होना, असहनीय बदन दर्द होना, थकावट और कमजोरी महसूस होना। ब्लड प्रेशर कम होना। स्किन के घाव में से पस निकलना, पेट में दर्द होना। हार्टबीट बढ़ना। शरीर में सूजन आना और ब्लड क्लॉट होना।

क्या होता है असर: शरीर के विभिन्न अंगों



पर असर पड़ने से उन अंगों का ठीक तरह काम न कर पाना, जैसे- लिवर पर असर होने पर जांडिस होना, फेफड़ों में एक्यूट रेस्पेरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम होना, ऑक्सीजन लेवल कम होना, सांस लेने में दिक्कत होना, ब्रेन पर असर होने पर बेहोशी आना, दौरे पड़ना, सिर दर्द होना, किडनी पर असर होने पर यूरिन में कमी होना, स्किन पर रैशेज होना, स्किन के कलर में बदलाव होना।

किन्हें है ज्यादा रिस्क: किसी भी तरह के इंफेक्शन से जूझ रहे लोग, निमोनिया बुखार से पीड़ित, शुगर कंट्रोल न होने पर डायबिटीज, लिवर या हार्ट की बीमारी हो, इम्यूनिटी कमजोर होना, 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग या 2 साल से कम उम्र के बच्चे।

कब जाएं डॉक्टर के पास: सतर्क रहना जरूरी है। जब भी मरीज को बुखार के साथ किसी तरह की चोट या इंफेक्शन हो, सांस तेज चल रही हो, ब्लड प्रेशर कम हो रहा हो। तो बिना देर किए डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

क्या है इलाज: मरीज की स्थिति के आधार पर इलाज किया जाता है। प्रो-कैल्सिटोनिन प्रोटीन का पता लगाने के लिए बीआरएएचएमएस प्रो. कैल्सिटोनिन ब्लड टेस्ट, ब्लड कल्चर, इंफेक्शन वाली जगह से कल्चर किया जाता है। कोशिश की जाती है कि मरीज के अंग कम से कम प्रभावित हों और सेप्सिस इंफेक्शन जल्द ठीक हो जाए। जैसे- ब्लड प्रेशर कम होने पर इंटरावैस्कुलर ड्रॉप से फ्ल्यूड दिए जाते हैं। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए वेजो प्रेशर मेडिसिन दी जाती है। इंफेक्शन कंट्रोल करने के लिए एंटी-बायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। सांस लेने में दिक्कत होने पर मरीज को ऑक्सीजन भी दी जाती है। स्किन में इंफेक्शन होने पर पस निकल रही हो तो उसे साफ करने के लिए सर्जरी भी की जाती है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

सेप्सिस से ऐसे करें बचाव



- फ्लू, निमोनिया या इंफेक्शन से बचाव के लिए फ्लू वैक्सीन जरूर लगवाएं।
- साफ-सफाई और पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखें। रेगुलर हैंडवॉश करें।
- हेल्दी लाइफस्टाइल मेंटेन करें। रेगुलर एक्सरसाइज करें।
- किसी भी तरह की चोट लगने या इंफेक्शन को नजरअंदाज न करें। डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- अपने आप कोई दवाई न लें। डॉक्टर द्वारा दी गई एंटी-बायोटिक का कोर्स नियमित लें और कोर्स पूरा करें।
- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार लें।



मेस्सी की विदाई में दिखा जादू, अर्जेंटीना ने बेनिन को 3-0 से हराया

मेस्सी युग का अंत, 21 साल 126 गोल और अनगिनत यादें



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना एक ऐसी वास्तविकता का सामना कर रहा है, जिसकी कल्पना करना भी कभी मुश्किल था कि राष्ट्रीय टीम में महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी नहीं होंगे। मेस्सी की विदाई सिर्फ एक महान खिलाड़ी के संन्यास की कहानी नहीं, बल्कि अर्जेंटीना के फुटबॉल के एक स्वर्णिम अध्याय के खत्म होने का भी अहसास है।

मेस्सी (39 वर्ष) ने अर्जेंटीना की जर्सी में अपना आखिरी मैच खेला और दो दशक से अधिक लंबे शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को भावुक विदाई दी। जिस खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के फुटबॉल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, उसके जाने के साथ टीम एक ऐसे युग के अंत की गवाह बनी, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। मेस्सी ने 21 वर्षों तक खेलते हुए 126 गोल दागे, दो कोपा अमेरिका खिताब और एक विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा। उन्होंने विदाई मैच में बेनिन पर मिली 3-0 की जीत में पेनल्टी पर गोल किया और अन्य दो गोल करने में मदद की।



मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता : मेस्सी

मेस्सी ने कहा, ' सच तो यह है कि मैं जितना कभी बोला हूं, उससे ज्यादा बोल रहा हूं। मैं यहां से नहीं जाना चाहता, मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता। मैं बस आपसे कहना चाहता हूं कि मैं आपसे प्यार करता हूं, मुझे आपकी कमी खलेगी और मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मैं अर्जेंटीना का हूं। '' अपने लोगों का दिल जीतना

85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिके

ब्यूनस आयर्स के सबसे बड़े स्टेडियम के 85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिक गए। शुरुआत में करीब 60 से 300 डॉलर कीमत वाले इन टिकटों की दोबारा बिक्री वाली वेबसाइटों पर कीमत 2,500 डॉलर से भी अधिक पहुंच गई। अर्जेंटीना की 1978, 1986 और 2022 की विश्व कप विजेता टीमों के खिलाड़ी उन्हें विदाई देने के लिए लौटे। मैच खत्म होने के बाद मेस्सी की आंखें नम हो गईं, जब उनके साथी उनके चारों ओर इकट्ठा होकर तालियां बजाने लगे। ''ओले, ओले, ओले, ओले, मेस्सी, मेस्सी'' का गूंजता हुआ स्वर स्टैंड से उठा जबकि हजारों प्रशंसक उछलते हुए गा रहे थे और उनकी ओर ऐसे झुके मानो उनकी पूजा कर रहे हों। मिडफील्ड में एक बैनर ने उन्हें 'इटरनल' (शाश्वत) कप्तान घोषित किया।

आईसीसी रैंकिंग : भारतीय कप्तानों का जलवा

अय्यर 7वें पायदान पर, टॉप पर बरकरार गिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर बुधवार को खेल के सबसे छोटे प्रारुप की ताजा आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए जबकि वनडे कप्तान शुभमन गिल ने 50 ओवर की बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

अय्यर की 43 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों से सजी नाबाद 102 रन की पारी ने टी20 विश्व चैंपियन को मंगलवार को लखनऊ में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट की शानदार जीत दिलाई। इस विस्फोटक पारी से अय्यर को 18 पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह इस प्रारुप में भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग बल्लेबाज बन गए हैं।



शीर्ष 10 में शामिल भारत के 4 बल्लेबाज

आईसीसी के अनुसार ईशान किशन और अभिषेक शर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं जबकि तिलक वर्मा 10वें स्थान पर हैं, जिससे भारत के चार बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। पंद्रह वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आठ स्थान के फायदे से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

रदरफोर्ड को 10 पायदान का फायदा

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड की तेजतर्रार 56 रन की पारी ने उन्हें 10 पायदान के फायदे से 37वें स्थान पर पहुंचा दिया जबकि पाकिस्तान के हसन नवाज (62 पायदान के फायदे से 48वें स्थान पर) एशियाई खेलों के बाद सूची में ऊपर बढ़े हैं। एशियाई खेलों के सेमीफाइनल और फाइनल में अबरार अहमद (29 रन देकर कोई विकेट नहीं और 29 रन देकर एक विकेट) के आंकड़े उन्हें गेंदबाजों में शीर्ष स्थान बरकरार रखने के लिए काफी नहीं थे। लेग स्पिनर राशिद खान आठवीं बार शीर्ष पर लौटे हैं। अक्षर पटेल 16 पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए।

गिल की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

गिल ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में नाबाद 223 रन बनाने के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। यह वनडे प्रारुप में उनका दूसरा दोहरा शतक था, जिसने उन्हें 25 रेटिंग अंक दिलाए और इस प्रदर्शन से उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 841 रेटिंग अंकों की बराबरी की। पूर्व कप्तान विराट कोहली दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में शानदार शतक के बाद केएल राहुल को सात पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह 10वें स्थान से शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं।

स्वियातेक ने 1 घंटा 36 मिनट में जीता मैच, क्वार्टर फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

इगा स्वियातेक ने अमेरिकी टीनएजर इवा जोविच के खिलाफ 6-1, 6-3 से जीत दर्ज करते हुए चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को जीत हासिल करने में सिर्फ 1 घंटा 36 मिनट लगे। दूसरे सेट में जोविच ने वापसी की थोड़ी-बहुत कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद जोविच ने मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा।

पोलिश स्टार ने लगभग तुरंत ही अपना दबदबा बना लिया और शुरुआती पांच गेम तेजी से जीत लिए। जोविच ने छठे गेम में दो सेट प्वाइंट्स बचाकर आखिरकार अपना खाता खोला, लेकिन स्वियातेक शांत रहीं और आखिरकार अपने पांचवें मौके पर सेट जीत लिया।

जोविच ने दिखाया आक्रामक खेल

वर्ल्ड नंबर-13 जोविच ने दूसरे सेट की शुरुआत में ज्यादा आक्रामक खेल दिखाया। स्वियातेक ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी और 2-0 की बढ़त बना ली, लेकिन टीनएजर ने अपने ग्राउंडस्ट्रोक में बेहतर गहराई हासिल करना शुरू किया और जल्द ही बराबरी कर ली। अगले गेम में दो ब्रेक प्वाइंट्स बचाकर 3-2 की बढ़त बनाने के बाद मोमेंटम कुछ समय के लिए जोविच की ओर झुक गया। हालांकि, स्वियातेक ने अहम मोड़ पर फिर से नियंत्रण हासिल किया और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस लगातार दो बार तोड़कर मैच को अपनी पकड़ में कर लिया।



कोको से हो सकता है अगला मुकाबला

स्वियातेक का अगला मुकाबला तीसरी सीड कोको गॉफ या 13वीं सीड एलिस मर्टेंस से होगा। स्वियातेक का दोनों संभावित प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बेहतर रहा है। गॉफ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 11-5 और मर्टेंस के खिलाफ 2-0 का है। हालांकि, गॉफ के साथ संभावित मुकाबले में एक अतिरिक्त कहानी भी जुड़ी होगी। हालांकि स्वियातेक ने पिछले 16 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, लेकिन गॉफ ने अपनी पिछली चार भिड़ंतों में जीत हासिल की है, और वे सभी सीधे सेटों में जीती हैं।

टेस्ट में तन्मय ने 14 विकेट लेकर मचाया कोहराम

भारत ने किया ऑस्ट्रेलियाई टीम का सफाया, दूसरा यूथ टेस्ट 10 विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारतीय अंडर 19 पुरुष क्रिकेट टीम ने यूथ टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का 2-0 से सफाया कर दिया। उसने दूसरे यूथ टेस्ट को ढाई दिन के अंदर 10 विकेट से जीत लिया। इस जीत के नायक रहे बाएं हाथ के स्पिनर तन्मय बलोदा, जिन्होंने मैच में कुल 14 विकेट लिए।

यह किसी यूथ टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग का रिकॉर्ड है। तन्मय ने पहली पारी में छह और दूसरी में आठ शिकार किए। कुल 73 रन तन्मय ने मैच में खर्च किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम पारी की हार को टालने में सफल रही लेकिन मैच और सीरीज उसके हाथ से निकल गई। इंडिया अंडर 19 टीम ने पहला यूथ टेस्ट पारी और 48 रन से जीता। इससे पहले तीन यूथ वनडे की सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी।

सीरीज की अपने नाम

इंडिया अंडर 19 टीम ने पांच गेंद में 11 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य रायचंदानी ने दो चौकों से चार गेंद में नौ रन बनाए तो सागर विर्क एक गेंद में दो रन बनाकर नाबाद रहे। इससे भारत ने 10 विकेट से जीत हासिल करते हुए दो मैच की सीरीज में मेहमानों का सफाया कर दिया।



बलोदा का चला जादू, कैटल ने पारी की हार से बचाया

मेहमान टीम की बैटिंग दूसरी पारी में भी सरेंडर कर बैठी। उसके तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके। ब्लैक कैटल ने सबसे ज्यादा 63 रन का योगदान दिया। उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम पारी की हार टालने में सफल रही और उसने 10 रन की बढ़त ली। एक समय 98 पर आठ विकेट गिर गए। कैटल ने आखिरी दो बल्लेबाजों के साथ मिलकर 53 रन जोड़े। इससे भारतीय अंडर 19 टीम को दोबारा से बैटिंग के लिए आना पड़ा। तन्मय ने दूसरी पारी में 41 रन खर्च कर आठ बल्लेबाजों को आउट किया। दो सफलता प्रियांशु सिंह को मिली।

एशियाई पैरा खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे भगत-भाविना

18 से 24 अक्टूबर तक नागोया में होगा एशियाई पैरा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और भाविना पटेल 18 से 24 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।

भारत के सबसे सफल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल भगत ने 2014 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में छह पदक जीते हैं, जिनमें दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक शामिल हैं। शीर्ष पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना ने 2018 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। भाविना ने कहा, 'भारत का ध्वजवाहक चुना जाना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण है।' उन्होंने कहा, 'जब आप तिरंगा थामते हैं तो आपको एहसास होता है कि आप अपने से कहीं बड़ी चीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मैं प्रमोद के साथ उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।





8 अक्टूबर को रवाना होगा भारतीय दल

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) 8 अक्टूबर को विशेष विदाई समारोह में भारतीय दल को औपचारिक रूप से रवाना करेगी। समारोह में खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि होंगे जबकि युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने कहा, ' उद्घाटन समारोह में प्रमोद भगत और भाविना पटेल का भारतीय दल का नेतृत्व करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है।'

नेशंस लीग

हैरी केन ने खेला 125वां मैच, दागे शानदार दो गोल

इंग्लैंड ने चेकिया को 3-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने अपने करियर के 125वें अंतरराष्ट्रीय मैच में दो गोल दागकर एक खास रिकॉर्ड की बराबरी की। उनकी शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने चेकिया को हराया और अगले साल गर्मियों में होने वाले यूईएफए नेशंस लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया। केन के दो गोल ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। केन ने सिर्फ 11 साल और 193 दिनों में इंग्लैंड के लिए 125 मैच खेलने का मुकाम हासिल किया। यह शिलटन (19 साल, 224 दिन) की तुलना में 8 साल और 31 दिन कम समय है।

केन ने इस मुकाबले में दो गोल किए, जो उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के 90वें और 91वें गोल रहे। इंग्लैंड ने चेकिया को 3-0 हराकर मैच अपने नाम कर लिया।

गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैरी

वहीं, चेकिया के खिलाड़ी व्लादिमीर कौफल ने दबाव में आकर गेंद अपने ही गोल में डाल दी। इसके चलते वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड ने 3-0 से आसान जीत दर्ज की। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने वेम्बली स्टेडियम में एक और शानदार उपलब्धि अपने नाम की। 33 साल और 70 दिन की उम्र में दो गोल करके वह इंग्लैंड के लिए वेम्बली में एक मैच में दो गोल करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इस मामले में उनसे आगे केवल इयान राइट हैं, जिन्होंने सितंबर 1997 में 33 साल और 311 दिन की उम्र में मोल्दोवा के खिलाफ दो गोल किए थे। इसके अलावा, केन ने एक और रिकॉर्ड बनाया। वह लगातार दो मैचों में दो-दो गोल (ब्रेस) करने वाले इंग्लैंड के इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। वहीं, 2026 में केन के 13 गोल अब किसी भी इंग्लैंड खिलाड़ी द्वारा एक साल में किए गए दूसरे सबसे ज्यादा गोल हैं। इससे पहले, केन ने ही साल 2021 में कुल 16 गोल किए थे।

अहमदाबाद में शुरू हुई क्यू खेल चैंपियनशिप

अहमदाबाद। दूसरी राष्ट्रमंडल क्यू खेल चैंपियनशिप की बुधवार को शुरुआत हुई, जिसमें 42 देशों के 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।
इस चार दिवसीय चैंपियनशिप में 72 पुरुष और 72 महिला खिलाड़ी इंग्लिश बिलियर्ड्स, स्नूकर, 10 बॉल पूल, हेबॉल और ब्लैकबॉल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में 10 पदक स्पर्धाएं होंगी और यह पहली बार है जब कई स्पर्धाओं वाली इस प्रतिष्ठित राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप का आयोजन भारत में किया जा रहा है। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व बिलियर्ड्स खेल परिसंघ (डब्ल्यूसीबीएस) और राष्ट्रमंडल खेल के समर्थन से कर रहा है। यह बीएसएफआई के शताब्दी समारोह का भी प्रमुख आयोजन है।

2036 ओलंपिक मेजबानी : पेश होगी दावेदारी की पहली प्रस्तुति

भारत का विजन 'राइजिंग टुगेदर'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने घोषणा की कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी 'राइजिंग टुगेदर' (साथ मिलकर आगे बढ़ना) के विजन पर आधारित होगी और देश इस महीने के अंत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग के सामने अपनी दावेदारी की पहली प्रस्तुति देगा। आईओसी ने कहा था कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत सात देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में दिलचस्पी जताई है इसलिए इन देशों को अगले महीने आईओसी के भविष्य मेजबान आयोग के सामने अपने खेलों से जुड़े प्रस्ताव पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



युवाओं के लिए पैदा होंगे नए अवसर

मांडविया ने कहा, '2036 के लिए भारत की महत्वाकांक्षा एक सरल विचार पर आधारित है कि खेल हमारे देश के भविष्य को आकार देने में मदद कर सकते हैं। ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी से लाखों युवा भारतीय खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे, स्वस्थ और सक्रिय समुदाय मजबूत होंगे तथा शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास के क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे।'

भारत में नहीं हुआ ओलंपिक का आयोजन

अहमदाबाद ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत का पसंदीदा का शहर है। भारत में अब तक ओलंपिक का आयोजन नहीं हुआ है। भारत ने 2024 में खेलों की मेजबानी के लिए अपना दिलचस्पी पत्र (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आईओसी को सौंपा था। उषा ने कहा कि आईओए भारत की ओलंपिक मेजबानी की आकांक्षाओं को आईओसी की ओर से मिली मान्यता से बेहद सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमें भविष्य के खेलों के संभावित मेजबानों के एक असाधारण समूह का हिस्सा होने पर गर्व है।

'राइजिंग टुगेदर' महज एक नारा नहीं

उषा ने कहा, 'हमारे लिए 'राइजिंग टुगेदर' महज एक नारा नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और विविधता को एक साझा ओलंपिक सपने के पीछे एकजुट करने की मजबूत प्रतिबद्धता है। ''उन्होंने कहा, ''2036 के लिए विजन (परिकल्पना) तैयार करते समय भारत ऐसे खेलों की मेजबानी करना चाहता है, जो एक युवा, गतिशील और उभरते भारत के आत्मविश्वास को दर्शाएं। साथ ही, यह ओलंपिक और पैरालंपिक आंदोलनों की नई पीढ़ियों, नए समुदायों और दुनिया भर में नए क्षितिज तक पहुंचने की महत्वाकांक्षा में योगदान दे।



पाटन-कनेरा प्रोजेक्ट विवाद में हाईकोर्ट का सख्त रुख, 4 नवंबर को अंतिम सुनवाई तय

अब और तारीख नहीं बढ़ सकती

जबलपुर। पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा के रिश्तेदार को कथित तौर पर करोड़ों रुपये का अनुचित लाभ पहुंचाने और सिंचाई परियोजना का नक्शा बदलकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के मामले में मप्र हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। सिवनी जिले की पाटन-कनेरा लघु सिंचाई परियोजना से जुड़ी जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अब इस मामले में सुनवाई की तारीख और आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। अदालत ने साफ किया कि राजकीय कोष और व्यापक जनहित से जुड़े इस संवेदनशील प्रकरण में अब टालमटोल की कोई गुंजाइश नहीं बची है। बेंच ने मामले के पूर्ण निस्तारण और अंतिम सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तिथि नियत कर दी है।

लागत 9.30 करोड़ से सीधे 20 करोड़ पहुंची

सिवनी जिले की लखनादौन तहसील के ग्राम पाटन निवासी किसान रिषी पाराशर द्वारा दायर जनहित



याचिका में सनसनीखेज आरोप लगाया गया है कि पाटन-कनेरा क्षेत्र में किसानों की सिंचाई सुविधा हेतु 9.30 करोड़ रुपये की लागत वाली लघु सिंचाई टैंक परियोजना पहले से स्वीकृत थी। परंतु आरोप है कि पूर्व सिंचाई मंत्री के रिश्तेदार गणपत सिंह गुर्जर को फायदा पहुंचाने की नीयत से मंत्री के सचिव ने मुख्य अभियंता को पत्र जारी कर मूल प्लान और नक्शे में फेरबदल करवा दिया। इस बदलाव के चलते प्रोजेक्ट का दायरा बढ़ा और इसकी कुल लागत दोगुनी से भी अधिक यानी लगभग 20 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

गरीब किसानों की उपजाऊ जमीन पर संकट

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष यह पक्ष भी प्रमुखता से रखा कि परियोजना के स्वीकृत नक्शे में किए गए इस मनमाने बदलाव के कारण क्षेत्र के दर्जनों अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के गरीब किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि डूब क्षेत्र की जद में आ रही है। याचिका में तर्क दिया गया कि यदि प्रभावित भूमिस्वामियों के पुनर्वास और मुआवजे के वित्तीय भार को जोड़ा जाए, तो इससे राज्य सरकार के खजाने पर और भी भारी अतिरिक्त बोझ पड़ना तय है।

7 साल से संघर्ष

यह याचिका वर्ष 2019 में पहली बार हाईकोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। लंबे समय तक सिंगल बेंच में विचाराधीन रहने के उपरांत 19 नवंबर 2024 को जस्टिस विनय सराफ की पीठ ने टिप्पणी की थी कि प्रकरण में याचिकाकर्ता का कोई व्यक्तिगत हित निहित नहीं है, बल्कि यह व्यापक जनहित का विषय है। इसके बाद मामले को सुनवाई हेतु चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के समक्ष स्थानांतरित किया गया था।

अदालत का स्पष्ट संदेशः 4 नवंबर को होगा अंतिम निस्तारण

डिवीजन बेंच ने मामले के सभी पक्षों और दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद साफ कर दिया है कि परियोजना के भविष्य, शासकीय धन के सदुपयोग और किसानों के अधिकारों से जुड़े इस मामले में अब अनावश्यक विलंब नहीं किया जाएगा। 4 नवंबर को होने वाली अंतिम सुनवाई में मामले का पूर्णतः निस्तारण किया जाएगा।

शेयर मार्केट में 5 प्रतिशत रिटर्न का झांसा देकर 2.27 करोड़ की ठगी

महिला को रोजाना 5 प्रतिशत मुनाफे का दिया भरोसा, निवेश के नाम पर रकम हड़पने वाले दो आरोपी पुणे से गिरफ्तार



जबलपुर। शेयर बाजार में निवेश कर रोजाना 5 प्रतिशत रिटर्न और लंबी अवधि में 500 प्रतिशत तक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर महिला से 2 करोड़ 27 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को साइबर पुलिस ने महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पुलिस के अनुसार जबलपुर निवासी महिला को आरोपियों ने शेयर बाजार में निवेश, अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ तथा कम दर पर शेयरों की बल्क ट्रेडिंग के जरिए भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया था। विश्वास में लेकर महिला से अलग-अलग माध्यमों से बड़ी रकम निवेश कराई गई और बाद में रकम का हेरफेर कर धोखाधड़ी की गई। महिला की शिकायत पर अपराध क्रमांक 5/25 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में साइबर फ्रॉड मामलों की जांच के लिए गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और पतासाजी के आधार पर महाराष्ट्र के पुणे में दबिश दी। वहां से केतन भोवोले (31), निवासी अकोला, महाराष्ट्र, वर्तमान पता अष्ट विनायक नगर, खराड़ी, पुणे तथा यश देसाई (29), निवासी नासिक, महाराष्ट्र, वर्तमान पता फ्रेंड्स इंक्लेव, मुंढवा, पुणे को पकड़ा गया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने धोखाधड़ी की रकम के हेरफेर में अपनी भूमिका स्वीकार की है। दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है।

13 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

उप पुलिस अधीक्षक साइबर अंजुल अयंक मिश्रा के निर्देशन में चल रही जांच में इस प्रकरण में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस धोखाधड़ी की रकम के लेन-देन और अन्य जुड़े आरोपियों के संबंध में भी जांच कर रही है।

कार्रवाई में उप निरीक्षक अभिषेक कैथवास, आशुतोष मिश्रा, प्रधान आरक्षक हरीश डेहरिया, आरक्षक संतोष जाट, संजय मरावी, पवन डेहरिया एवं मनोज चौधरी की सराहनीय भूमिका रही।

पदोन्नति नियमों की संवैधानिकता को हाईकोर्ट में चुनौती

अजाक्स संघ की याचिका पर 16 अक्टूबर को सुनवाई

B। मध्य प्रदेश अजाक्स, भोपाल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के कुछ प्रविधानों की संवैधानिकता को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में नियम 11 की उपधाराओं (1), (2), (3), (4) तथा नियम 12(4) को संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के विपरीत बताते हुए निरस्त करने की मांग की गई है।चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने मामले को विचारार्थ स्वीकार करते हुए इसे लंबित याचिका से लिंक करने के निर्देश दिए। मामला 16 अक्टूबर को विशेष बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अधिवक्ता पुष्पेंद्र कुमार साह ने पैरवी की। याचिका में दावा किया गया कि नियमों के तहत पदोन्नति के लिए आरक्षित और अनारक्षित वर्ग की अलग-अलग मेरिट सूची तैयार की जाती है व पहले आरक्षित वर्ग के पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया अपनाई जाती है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि इससे अनारक्षित पदों पर आरक्षित वर्ग के पात्र कर्मचारियों को मेरिट के आधार पर पदोन्नति का अवसर नहीं मिल पाता। संघ ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों और संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 का हवाला देते हुए नियमों को चुनौती दी है। याचिका में पदोन्नति के लिए रिक्त पदों के मुकाबले दो गुना प्लस चार कर्मचारियों को विचारणीय सूची में शामिल किए जाने पर भी सवाल उठाया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि केंद्र सरकार के नियमों में पांच गुना तक सूची तैयार करने का प्रावधान है।

हाईकोर्ट में सरकार ने दी जानकारी

अनूपपुर जिला अदालत के लिए 44.85 करोड़ रु स्वीकृत

निर्माण शुरू करने के निर्देश, कोर्ट करेगा मानिटरिंग

जबलपुर। अनूपपुर जिला न्यायालय भवन के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 44.85 करोड़ रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। सरकार की ओर से यह जानकारी बुधवार को हाईकोर्ट में पेश की गई। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने रिपोर्ट रिकार्ड पर लेते हुए संबंधित विभाग को निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की न्यायालय द्वारा मानिटरिंग की जाएगी।

अधिवक्ता वासुदेव चटर्जी की ओर से दायर याचिका में बताया गया था कि अनूपपुर जिला न्यायालय के पास अपना भवन नहीं है और न्यायालय किराये के भवन में संचालित हो रहा है। पूर्व में एकलपीठ ने राज्य सरकार को जिला न्यायालय भवन के निर्माण के लिए आवश्यक फंड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

हाईकोर्ट ने फंड उपलब्ध कराने के संबंध में महाधिवक्ता को मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से चर्चा करने के निर्देश दिए थे। साथ ही प्रदेश में चल रहे न्यायालय भवन निर्माण कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी गई थी।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने अनूपपुर जिला न्यायालय के लिए 44.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश के जिला न्यायालयों में लंबित निर्माण परियोजनाओं की सूची एमिकस क्यूरी को उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई। युगलपीठ ने एमिकस क्यूरी को परियोजनाओं का अध्ययन कर स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

दूसरे युवक से बात करने पर विवाद महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

मारपीट के बाद सिर जमीन पर पटकने और गला दबाने का आरोप

जबलपुर। गोराबाजार थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मर्ग जांच के बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रमोद महोबिया (34), निवासी कटियाघाट, बरेला महिला को पसंद करता था। महिला के किसी अन्य व्यक्ति से बातचीत करने की जानकारी मिलने पर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस के मुताबिक, 4 अक्टूबर को विक्टोरिया अस्पताल में महिला नंदनी आर्मो की मौत की सूचना पर गोराबाजार पुलिस पहुंची। मृतिका के पिता सूबे सिंह आर्मो ने बताया कि नंदनी पिछले करीब तीन माह से अपनी बहन देववती आर्मो एवं गांव की सीमा बाई गौड़ के साथ बिलहरी में रहकर मजदूरी कर रही थी। घटना के दिन नंदनी के कमरे में बेहोश पड़े होने की सूचना मिलने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने रात करीब 10.55 बजे मृत घोषित कर दिया।मर्ग जांच के दौरान मृतिका के पिता, बहन एवं अन्य साक्षियों के कथन दर्ज किए गए। पुलिस के अनुसार बयानों में प्रमोद महोबिया द्वारा नंदनी के साथ मारपीट करने, गला दबाने और सिर जमीन पर पटकने की बात सामने आई। जांच के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 103(3) बीएनएस के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-4 अंजना तिवारी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी गोराबाजार संजीव त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने कटियाघाट में दबिश देकर आरोपी प्रमोद महोबिया को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने नंदनी को पसंद करने और उसके किसी अन्य व्यक्ति से बात करने को लेकर विवाद होने के बाद मारपीट तथा हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

मेडिकल कालेज में मौत के बाद अंग निकालकर बेचने का आरोप, मामला कोर्ट पहुंचा

जबलपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान किशोर विश्वकर्मा की संदिग्ध मौत का मामला न्यायालय पहुंच गया है। मृतक की पत्नी जबलपुर निवासी प्रीति विश्वकर्मा ने परिवाद दायर कर आरोप लगाया है कि उनके पति की मौत के बाद उनके अंग निकालकर बेच दिए गए और शव को अज्ञात व्यक्ति बताकर दफना दिया गया। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज सविता की अदालत में दायर परिवाद पर 13 नवंबर को परिवादिनी के बयान दर्ज होंगे। उनकी ओर से अधिवक्ता विवेक तिवारी ने कोर्ट को बताया कि प्रीति 12 अगस्त 2025 को पति को उपचार के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंची थीं। आरोप है कि बाद में उन्हें पति के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। पुलिस रिकार्ड में 13 अगस्त को मृत्यु और मर्ग रिकार्ड में अज्ञात व्यक्ति के रूप में शव मिलने का उल्लेख होने का दावा किया गया है। परिवादिनी ने 14 अगस्त की रात अस्पताल में स्ट्रेचर पर पति को पहचानने का भी दावा किया है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज, ड्यूटी रजिस्टर, कैजुअल्टी व मेडिकल रिकार्ड, मर्ग डायरी, पोस्टमार्टम और मॉर्च्युरी रिकॉर्ड तलब करने तथा जरूरत पड़ने पर शव निकलवाकर फारेंसिक जांच कराने की मांग की है। आरोपों की सत्यता न्यायालयीन प्रक्रिया और जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।



बुलेरो पिकअप में 130 कार्टून अवैध शराब, करीब 19 लाख का माल जब्त

नाकाबंदी देखकर वाहन छोड़ साथी समेत फरार हुए आरोपी, अंग्रेजी-देशी शराब और बीयर की बड़ी खेप बरामद

जबलपुर। अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत संजीवनीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलेरो पिकअप से परिवहन की जा रही 130 कार्टून अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत करीब 9 लाख 80 हजार रुपए, जबकि शराब परिवहन में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप की कीमत करीब 9 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक और उसके एक साथी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी. नागोतिया के अनुसार 6 अक्टूबर की रात संजीवनीनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बुलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 32 जी 0493 में भारी



मात्रा में देशी एवं अंग्रेजी शराब लोड कर पनागर की ओर से नागपुर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने अंधमूक बायपास पर नाकाबंदी की। पुलिस को देखते ही चालक वाहन को यू-टर्न लेकर कटनी रोड की ओर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए माढ़ोताल पुलिस को भी सूचना दी। भागते हुए आरोपियों ने नेशनल हाईवे स्थित महिंद्रा वर्कशॉप के सामने पिकअप सड़क किनारे खड़ी की और अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो पीछे हिस्से में पीली पन्नी से ढके 130 कार्टून मिले।

इनमें गोवा व्हिस्की के 2050 पाव, किंगफिशर के 336 केन, एमडी व्हिस्की नंबर-1 ओरिजिनल के 336 पाव, एमडी नंबर-1 सेलिब्रेशन रम के 1344 पाव, बडवाइजर मैग्नम बीयर के 192 केन, रॉयल स्टैग व्हिस्की की 36 बोतल व 240 पाव, मैजिक मूमेंट्स जामुन के 288 पाव, आइकोनिक व्हाइट व्हिस्की के 192 पाव तथा 700 पाव देशी शराब बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 पल्लवी शुक्ला एवं सीएसपी गोरखपुर एम.डी. नागोतिया के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीवनीनगर बी.डी. द्विवेदी, चौकी प्रभारी धनवंतरीनगर उप निरीक्षक दुर्गेश मरावी, सहायक उप निरीक्षक अजय झारिया, आरक्षक नितिन, पुष्पराज, मनोज मिश्रा तथा थाना माढ़ोताल के सहायक उप निरीक्षक रंजीत सिंह, पंचम लाल यादव, आरक्षक अनिल कुमार, शैलेन्द्र एवं निखलेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No. : MPHIN/2008/24240